दुमका संस्करण

हिन्दी दैनिक

वर्ष 02, अंक 165

# प्रभात मंत्र

गुरुवार

08.06.2023

RNI No. - JHAHIN/2022/81895

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

**सुविचार**

आप सही है ये कोई ध्यान नहीं रखते लेकिन आप कब गलत थे ये सभी याद रखते हैं।

असर्फी हॉस्पिटल
आपका अपना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB (Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 37° |
| न्युनतम | 23° |

## मोदी कैबिनेट ने किसानों को दिया तोहफा


# धान समेत कई फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली:** केंद्र सरकार ने दालों की बढ़ी कीमतों को देखते हुए अरहर, मूंग और उड़द दाल के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोत्तरी कर दी है. इस बारे में केंद्रीय कैबिनेट की पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह फैसला लिया गया.

इस बारे में जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि मूंग दाल के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सबसे अधिक 10.4 प्रतिशत, मूंगफली पर प्रतिशत, सेसमम पर 10.3 प्रतिशत, धान पर 7 प्रतिशत, जवार, बाजरा, रागी, मेज, अरहर दाल, उड़द दाल, सोयाबीन, सूरजमुखी बीज पर वित्त वर्ष 2023-2024 के लिए लगभग 6-7 प्रतिशत की वृद्धि की गई है. इसके अलावा केंद्र सरकार ने किसानों के हित में पिछले दिनों मार्केट में दालों की घरेलू सप्लाई बढ़ाने के लिए 2023-24 के लिए प्राइस सपोर्ट स्कीम के तहत अरहर, उड़द और मसूर के लिए 40 प्रतिशत की खरीद की सीमा को हटा दिया था.

इससे सरकार किसानों से जितना चाहे दाल खरीद सकती है. वहीं सरकार का मानना है कि इससे दो लाभ होंगे, पहला दालों की सप्लाई मार्केट में बढ़ेगी तो दाम काबू में रहेंगे वहीं दूसरा किसानों को दालों की अच्छी कीमत मिल सकेगी.



### क्या है एमएसपी ?

मिनिमम सपोर्ट प्राइस यानी एमएसपी की शुरुआत आजादी के बाद की गई थी. उस समय देश में लगातार अकाल और खाने के संकट से किसान परेशान थे. इसलिए देश के करोड़ों अन्नदाताओं की हितों की सुरक्षा करते हुए देश की सरकार किसानों की फसल को लेकर एक दाम तय करती है, जिसे एमएसपी कहा जाता है. एक तरीके से यह किसानों के लिए एक भरोसा है कि सरकार उनकी फसलों की खरीद निश्चित न्यूनतम कीमत पर करेगी. कानूनी रूप से देखा जाए तो सरकार मिनिमम सपोर्ट प्राइस देने के लिए बाध्य नहीं है, क्योंकि किसी सरकार को किसानों से फसल खरीदने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता है. इस मामले में किसान सरकार को अदालत में नहीं खींच सकते, क्योंकि एमएसपी को लेकर कोई कानून नहीं है.

### एमएसपी में बढ़ोतरी से किसानों को होगा फायदा

गोयल ने बैठक के बाद कहा कि कृषि क्षेत्र में हम कृषि लागत एवं मूल्य आयोग की सिफारिशों के आधार पर समयबद्ध तरीके से एमएसपी तय करते हैं. पिछले वर्षों की तुलना में इस साल एमएसपी में अधिक बढ़ोतरी की गई है.उन्होंने कहा कि ऐसे समय जबकि खुदरा मुद्रास्फीति नीचे आ रही है, एमएसपी में बढ़ोतरी से किसानों को फायदा होगा. गोयल ने बताया कि सामान्य ग्रेड के धान का एमएसपी 143 रुपये बढ़ाकर 2,040 रुपये से 2,183 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है. 'ए' ग्रेड के धान का एमएसपी 143 रुपये बढ़ाकर 2,203 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है. न्यूनतम समर्थन मूल्य में सबसे अधिक 10.4 प्रतिशत की वृद्धि मूंग में की गई है. मूंग का एमएसपी अब 8,558 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है. पिछले साल यह 7,755 रुपये प्रति क्विंटल था. धान खरीफ की प्रमुख फसल है और इसकी बुवाई आमतौर पर दक्षिण पश्चिम मानसून के आगमन के साथ शुरू होती है.

## लखनऊ कोर्ट में ताबड़तोड़ फायरिंग

# मुख्तार अंसारी का करीबी संजीव जीवा ढेर

मुख्यमंत्री योगी ने घटना की जांच के लिए गठित किया एसआईटी



**एजेंसी**

**लखनऊ :** एससीएसटी कोर्ट रूम में बुधवार दोपहर वकील के भेष में आए हमलावर ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसाई। मजिस्ट्रेट के सामने ही हमलावर ने कुख्यात अपराधी और माफिया मुख्तार का बेहद करीबी गैंगस्टर संजीव महेश्वरी उर्फ जीवा को ढेर कर दिया। दो पुलिसकर्मियों, एक डेढ़ साल की बच्ची व उसकी मां को भी गोली लगी। वकीलों ने दौड़कर हमलावर को दबोच लिया और पीटकर पुलिस को सौंप दिया। घायलों को ट्रामा में भर्ती कराया गया है। वारदात से आक्रोशित वकीलों ने प्रदर्शन कर पथराव कर दिया। जिसमें एसीपी चौक का सिर फट गया। कई वाहन भी छतिग्रस्त हो गए। आलाधिकारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तब हालात पर काबू पा पाए। उधर, मुख्यमंत्री योगी ने घटना की जांच के लिए एसआईटी गठित की है। मोहित अग्रवाल, नीलब्ज़ा चौधरी और प्रवीण कुमार एक सप्ताह में जांच पूरी कर रिपोर्ट देंगे।भाजपा नेता ब्रह्मदत्त द्विवेदी हत्याकांड में आजीवन कारवास की सजा पाने वाला मुजफ्फरनगर के शाहपुर आदमपुर निवासी संजीव महेश्वरी उर्फ जीवा पिछले बीस साल से जेल में बंद था। उस पर दो दर्जन केस दर्ज हैं। वह हत्या व एससीएसटी के एक केस में बुधवार दोपहर पुलिस अभिरक्षा में पेशी पर लाया गया था। दोपहर करीब 3ः50 मिनट पर उसके केस की बारी आई। जैसे ही वह उठकर चला वैसे ही कोर्ट रूम के भीतर वकील के भेष में बैठे हमलावर ने उस पर गोलियां दागनी शुरू दीं। कोर्ट रूम से लेकर पूरे परिसर में भगदड़ मच गया। संजीव वही पर लहूलुहान होकर औंधे मुंह गिर गया। हमलावर ने भागने का प्रयास किया लेकिन वहां मौजूद वकीलों ने उसको पकड़ लिया। पूछताछ में उसने बताया कि वह जौनपुर के केराकत का रहने वाला है। उसका नाम विजय यादव है। वकीलों ने उसको जमकर पीटा। तभी सूचना पर कार्यवाहक पुलिस कमिश्नर, ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर समेत आलाधिकारी, पुलिस बल व पीएसी के जवान पहुंचे। संजीवा को अस्पताल ले जाया गया। जहां उसको मृत घोषित कर दिया।

वारदात के बाद वकीलों ने हंगामा शुरू कर दिया। कई घंटे तक हाईकोर्ट के गेट पर प्रदर्शन करते रहे। इस दौरान पथराव भी कर दिया। जिसमें एसीपी चौक सुनील शर्मा का सिर फट गया। कई और पुलिसकर्मियों को भी मामूली चोटें आईं। उनको बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। उधर जब पुलिस अफसर कोर्ट के भीतर जाने का प्रयास किया तो उनसे भी धक्कामुक्की की। हालांकि किसी तरह से वह भीतर गए और फिर कोर्ट रूम तक पहुंचे। तनाव को देखते हुए कोर्ट परिसर में भारी पुलिस बल की तैनात की गई है।

## क्विक न्यूज

### ओडिशा में मालगाड़ी की चपेट में आने से छह मजदूरों की मौत

**भुवनेश्वर :** ओडिशा के जाजपुर रोड रेलवे स्टेशन पर बुधवार को मालगाड़ी ट्रेन की चपेट में आकर छह मजदूरों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक बारिश के बीच आंधी-तूफान से बचने के लिए ये मजदूर बिना इंजन वाली मालगाड़ी ट्रेन के नीचे आश्रय लिए हुए थे। तभी अचानक ट्रेन थोड़ी दूर आगे बढ़ गई। इस कारण यह हादसा हुआ। घटनास्थल पर तीन मजदूरों की मौत हो गई, जबकि पांच घायलों को अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने तीन और लोगों को मृत घोषित कर दिया। शेष दो गंभीर रूप से घायलों को कटक स्थित एससीबी मेडिकल कालेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### झारखंड की प्रीति लकड़ा ने ट्रिपल जंप में जीता कांस्य पदक, दी बधाई

**रांची।** मध्य प्रदेश के भोपाल में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में चल रहे 66वां नेशनल स्कूल गेम्स में एथलेटिक्स के ट्रिपल जंप स्पर्धा में झारखंड की प्रीति लकड़ा ने कांस्य पदक जीता है। प्रीति ने 11.59 मीटर जंप लगाकर यह सफलता हासिल की। प्रीति ने आवासीय बालिका एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र हजारीबाग से प्रशिक्षण लेती हैं, जिसका संचालन खेल विभाग द्वारा किया जाता है। उसने जूनियर राष्ट्रीय फेडरेशन कप 2023 में रजत पदक जीता था।

### पहलवानों और केंद्र सरकार में फिलहाल थमा गतिरोध

**नई दिल्ली :** भारतीय कुश्ती महासंघ के निर्वतमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे पहलवानों और केंद्र सरकार में फिलहाल गतिरोध थम गया है. केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के साथ बुधवार को प्रदर्शनकारी पहलवान बजरंग पुनिया और साक्षी मलिक ने बैठक की. यह बैठक करीब छह घंटे चली.इसके बाद अनुराग ठाकुर ने कहा कि पहलवानों के साथ संवेदनशील मुद्दे पर सकारात्मक बातचीत हुई है. उन्होंने बताया कि इस बैठक में बीजेपी सांसद बृजभूषण सिंह पर लगाए गए आरोपों की जांच पूरी करके 15 जून तक दिल्ली पुलिस को चार्जशीट दायर करने को कहा गया है.

### घर में सिलेंडर फटा, 6 घायल

**लातेहार :** जिले के मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत बरवाडीह गांव में बीती रात महेश्वर उरांव के घर में अचानक आग लग गई. आग के कारण घर में रखा गैस सिलेंडर विस्फोट कर गया. इस घटना में 6 लोग घायल हो गए. अगलगी की इस घटना में पूरा घर जलकर खाक हो गया. दरअसल मंगलवार की देर रात अचानक महेश्वर उरांव के घर में आग लग गई. खपरैल घर होने के कारण आग ने भयंकर रूप धारण कर लिया और पूरा घर धूं-धूं कर जलने लगा. घटना के बाद घर में सोए हुए लोगों की नींद टूटी, जान बचाकर घर से बाहर भागे और हल्ला मचाने लगे.

### बृजभूषण के खिलाफ 15 जून तक पूरी कर ली जाएगी पुलिस जांच : अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली :** खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आंदोलनरत पहलवान बजरंग पुनिया और साक्षी मलिक से मुलाकात की। मुलाकात के बाद उन्होंने आश्वासन दिया कि दिल्ली पुलिस बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ जांच 15 जून तक पूरी कर लेगी। इसके अलावा कुश्ती महासंघ का चुनाव भी 30 जून से पहले करा लिया जाएगा। केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने लगभग 6 घंटे तक पहलवानों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। मुलाकात के बाद बजरंग पुनिया ने पत्रकारों से कहा कि उन्हें लिखित आश्वासन मिला है कि बृजभूषण के खिलाफ जांच को 15 जून तक पूरा करा लिया जाएगा। वहीं साक्षी मलिक ने कहा कि केन्द्रीय मंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया है कि 28 मई को नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह के दौरान उनके प्रदर्शन को लेकर दर्ज एफआईआर वापिस ले ली जाएगी।

# एसीबी ने एएसआई को रिश्वत लेते किया अरेस्ट




एसीबी ने जाल बिछाकर 4 हजार रुपए रिश्वत के लेते धर दबोचा.

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद:** धनबाद महिला थाना में पदस्थापित एक एएसआई को 4 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ एसीबी की टीम ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया. केस डायरी मैनेज करने के नाम पर वह पीड़ित व्यक्ति से 5 हजार रुपए रिश्वत की मांग कर रहा था.

पीड़ित सुधीर साव के द्वारा मामले की शिकायत एसीबी से की गई थी. जिसके बाद एसीबी ने जाल बिछाकर 4 हजार रुपए रिश्वत के लेते धर दबोचा. एसीबी डीएसपी नितिन खंडेलवाल ने बताया कि केस डायरी मैनेज करने के नाम पर महिला थाना में पदस्थापित एएसआई सत्येंद्र कुमार 5 हजार रुपए की रिश्वत की मांग कर रहा था. जिसकी शिकायत पीड़ित व्यक्ति ने एसीबी कार्यालय में की थी. एसीबी की टीम ने जांच पड़ताल के दौरान मामले को सही पाया.

जिसके बाद एसीबी की टीम ने जाल बिछाकर आज उसे सदर अस्पताल के समीप से 4 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है. डीएसपी ने बताया कि उसने रिश्वत के लिए पीड़ित व्यक्ति को सदर अस्पताल बुलाया था. सदर अस्पताल परिसर में ही एएसआई सत्येंद्र पासवान रुपए ले रहा था. इस दौरान उसे एसीबी की टीम ने रिश्वत के साथ रंगे हाथ धर दबोचा. इधर पीड़ित सुधीर साव ने बताया कि उनकी पत्नी से विवाद चल रहा है. पत्नी के द्वारा महिला थाना में मामला दर्ज कराया गया था. मामले के निपटारे के लिए एएसआई सत्येंद्र कुमार 5 हजार रिश्वत की मांग कर रहा था. पिछले कई महीनों से वह परेशान चल रहा था. जिसके बाद उसने मामले की शिकायत एसीबी से की.

# गुमला में कार ने रौंदा, चार की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गुमला :** गुमला जिले में एक अनियंत्रित कार ने कई लोगों को रौंद दिया है, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई है। यह मामला गुमला जिले के कामडारा क्षेत्र की है। बताया जाता है कि बुधवार को एक अनियंत्रित इनोवा कार ने कहर बरसाते हुए कई लोगों को रौंद डाला। इस भीषण सड़क हादसे में तीन महिला समेत चार लोगों की मौत हो गई। वहीं कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गयें। मरने वालों में महिला दुकानदार ज्योतिष इंदवार उर्फ ज्योति (40), कृपा तोपनो (45) , बेरेथिला बरला(40) और बसंत नाग(55) शामिल हैं। वहीं गंभीर रूप से जख्मी एलिना सुरीन , जोलडेन नाग और उसकी पत्नी लुसिया तोपनो दोनों कामडारा बरटोली, जीरामनी केरकेट्टा गांव बम्हन्डीह को गंभीरावस्था में रिम्स रेफर कर दिया गया है। इनकी स्थिति भी काफी गंभीर है। इस भीषण हादसे में कार चालक, प्राचार्य और उनकी पुत्री की जान एयर बैग के कारण बच गई। जबकि कार के परखच्चे उड़ गये। जानकारी के अनुसार संत जेवियर कॉलेज रांची के प्राचार्य अपनी पुत्री के साथ इनोवा कार से रांची लौट रहे थे। इसी क्रम में बैंक ऑफ इंडिया के समीप कार अनियंत्रित हो गयी। कार ने सड़क किनारे लगी एक गुमटी को ध्वस्त तथा कई लोगों को रौंदते हुए खेत में जा गिरी। घटना के समय अधिकांश घायल और मृतक बैंकिंग कार्य के लिये बैंक व गुमटी दुकान के आसपास खड़े थे । सभी वाहन की चपेट में आकर रौंदे गये । इसके बाद घटनास्थल पर कोहराम मच गया। आसपास के ग्रामीण तत्काल राहत कार्य में जुट गयें। पुलिस , अनुमंडल व प्रखंड सह अंचल प्रशासन व ग्रामीणों ने मानवता का परिचय देते हुये सबों को अस्पताल पहुंचाया । घटना में महिला कृपा व बेरथिला की मौत घटनास्थल पर हो गई । जबकि गुमटी दुकानदार महिला ज्योतिष की मौत रांची ले जाने के क्रम में रास्ते में हो गई। बसंत नाग की मौत रेफरल अस्पताल कोनबीर ले जाने के क्रम में रास्ते में हो गई ! समाचार लिखे जाने तक मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है । घटना में इनोवा सवार सभी लोग सुरक्षित हैं। पुलिस मामले की जांच करने में जुटी है।

### गढ़वा में बस दुर्घटनाग्रस्त, 50 यात्री घायल, 15 गंभीर



**गढ़वा:** कांडी-गढ़वा मुख्य मार्ग पर यात्रियों से भरी बस अनियनयत्रित हो कर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में दर्जनो लोग घायल हुए हैं। मझिगांव से गढ़वा जा रही सिंगरा नाम की बस कांडी थानाक्षेत्र अंतर्गत घोड़दाग मोड़ के पास 20 फीट गहरी खाई में जा गिरी। जिससे 50 से अधिक लोगो के घायल होने की सूचना प्राप्त हो रही है।बताया जाता है कि बस चालक नशे की हालत में ही बस को चला रहा था।बस में सवार मजगामा गांव निवासी घायल तेतरी देवी ने बताया कि वह बस की पिछली सीट पर बैठी थी। चालक ने शराब पी रखी थी और काफी तेज गति से बस चला रहा था। यात्रियों ने कई बार उससे धीमे ड्राइव करने को कहा लेकिन उसने सलाह को अनसुना कर दिया और आखिरकार बस दुर्घटना का शिकार हो गई। हादसा इतना भीषण था कि बस के चारों पहिए ऊपर हो गए थे। बस पलटने के बाद चालक मौके से फरार हो गया।यात्रियों ने बताया कि बस पलटते ही वहां चीख-पुकार मच गई। राहगीरों और स्थानीय ग्रामीणों ने वाहन का शीशा तोड़कर यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। घटना की सूचना मिलते ही कांडी थाना प्रभारी योगेंद्र कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे और घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए एंबुलेंस और पुलिस वाहन से घायलों को मझिगांव रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया। दुर्घटना में 50 से अधिक यात्री घायल हुए हैं। जिनमें से 15 की हालत गंभीर है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बस की रफ्तार सामान्य से कहीं ज्यादा थी। तेज गति की वजह से ही चालक ने नियंत्रण खोया और बस खाई में जा गिरी।

# रांची से दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु का हवाई सफर हुआ महंगा

**इन दिनों यहां जाने के लिए फ्लाइट की टिकटें आसमान छू रही हैं। किराया इतना बढ़ गया है कि डोमेस्टिक फ्लाइट इंटरनेशनल फ्लाइट से भी ज्यादा महंगी हो गई है।**




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची से दिल्ली,मुंबई और बेंगलुरु जाना महंगा हो गया है। इन दिनों यहां जाने के लिए फ्लाइट की टिकटें आसमान छू रही हैं। किराया इतना बढ़ गया है कि डोमेस्टिक फ्लाइट इंटरनेशनल फ्लाइट से भी ज्यादा महंगी हो गई है।

विशेष तौर पर अगर आप 24 घंटे पहले रांची से मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु सहित अन्य जगहों के लिए फ्लाइट बुक करने पर भारी-भरकम रकम चुकानी पड़ रही है। रांची से मुंबई तक के लिए फ्लाइट किराया आठ जून को 11,250 देना होगा। रांची से दिल्ली के लिए आपको 9,630 रुपये देने होंगे जबकि रांची से बेंगलुरु के लिए आपको 15,776 रुपये चुकाने होंगे। इसी तरह आने वाले दिनों में भी फ्लाइट का किराया काफी महंगा है।

### रांची से मुंबई, दिल्ली और बेंगलुरु का किराया

| तारीख | मुंबई | दिल्ली | बेंगलुरु |
|---|---|---|---|
| 09 जून | 9,626 | 9,630 | 13,571 |
| 10 जून | 8965 | 8,348 | 11,786 |
| 11 जून | 8303 | 8,999 | 11, 786 |

10 जून से रांची से मुंबई के लिए सीधी विमान सेवा शुरू की जायेगी। साथ ही इंडिगो द्वारा 240 यात्रियों की क्षमता वाले विमान की सेवा शुरू की जायेगी। इससे लोगों को काफी लाभ मिलेगा।

रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट सलाहकार समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया है। जुलाई से रांची से बेंगलुरु और हैदराबाद के लिए आकाश एयरलाइंस द्वारा सीधी विमान सेवा शुरू की जायेगी।

# मणिपुर में हथियारों का जखीरा बरामद



**एजेंसी**

**इंफाल :** मणिपुर में सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी मिली है। सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में हथियार व गोला बारूद बरामद किए हैं। राज्य के पोरोमपत पुलिस स्टेशन, इंफाल पूर्व और सुगनू पुलिस स्टेशन, काकचिंग जिलों से 57 हथियार, 318 गोला-बारूद और 5 बम बरामद किए गए हैं। वहीं, जानकारी के मुताबिक, अब तक कुल 868 हथियार और 11,518 गोला-बारूद बरामद किए जा चुके हैं। इसके साथ ही राज्य के कुछ जिलों में कर्फ्यू में छूट भी दी गई है। बता दें कि घाटी के 5 जिलों में 12 घंटे के लिए कर्फ्यू में ढील दी गई है और पड़ोसी पहाड़ी जिलों में 10 घंटे व 8 घंटे की ढील दी गई है। वहीं, 6 अन्य पहाड़ी जिलों में कोई कर्फ्यू नहीं है। वहीं, एनएच-37 के साथ आवश्यक वस्तुओं की आवाजाही सुनिश्चित की गई है। बता दें कि 244 खाली वाहन आज इंफाल से जिरीबाम के लिए रवाना हुए हैं। इनमें के 212 लदे वाहन नोनी से रवाना हुए हैं और 212 लदे टैंकर व ट्रक जिरिबाम से रवाना हुए हैं। बता दें कि राज्य के मंत्री और विधायक राज्य के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं और बड़े पैमाने पर जनता और सीएसओ से मिल कर शांति और सामान्य स्थिति की अपील कर रहे हैं। सुरक्षा बल सीएसओ, विभिन्न गांवों के ग्राम प्रधानों के साथ बैठकें भी कर रहे हैं और क्षेत्र में वर्चस्व, गश्त के अपने कर्तव्यों को निभाने के अलावा शांति और सामान्य स्थिति की अपील कर रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### देवाशीष पत्रकारों को संबोधित करेंगे

**रांची।** झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन का एक संवाददाता सम्मेलन जेएससीए अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में आयोजित किया गया है। इस संवाददाता सम्मेलन में जेएससीए अध्यक्ष एवं सचिव के साथ साथ पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर देवाशीष मोहंती पत्रकारों को संबोधित करेंगे। विदित हो कि देवाशीष मोहंती। 1997 से 2001 तक भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य रहे। इस बीच इन्होंने दो टेस्ट मैच तथा 45 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया 2020 में इन्हें भारतीय क्रिकेट टीम के चयन समिति। का सदस्य नियुक्त किया गया। वर्तमान में मोहंती झारखंड के तेज गेंदबाजों को विशेष प्रशिक्षण देने के लिए रांची (झारखंड) आए हुए हैं। सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधि उक्त प्रेसवाला में सादर आमंत्रित है।

### सफारी गाड़ी में लादकर ले जा रहे तीन गोवंशीय पशुओं को पुलिस ने पकड़ा

**रांची।** लोअर बाजार थाना क्षेत्र से गश्ती के दौरान एक सफारी वाहन को पुलिस ने चेकिंग के लिए रोका। सफारी वैन पुलिस देकर इधर-उधर भागने लगी, जिसे पुलिस ने पीछा कर पकड़ लिया। जब चेक किया तो उसमें तीन गोवंशीय पशुओं को बेतरतीब ढंग से लाद कर तस्करी के लिए ले जा रहा था, पुलिस को देखकर सफारी वैन के चालक और बाकी लोग भाग गए। पुलिस ने वैन को थाने में ले आई और पशुओं को भी। थाना प्रभारी दयानंद ने बताया कि मामला दर्ज किया गया है। मोबाइल, सफारी वैन जब्त कर लिया गया है, वहीं पशुओं को गौशाला में भेज दिया जाएगा, वही पशु किसका है, पुलिस की तलाश कर रही है, कुछ जानकारी मिली है, उम्मीद है कि उस पर भी मामला दर्ज किया जाएगा।

# थानेदारों की सुस्ती से रांची में अपराधियों का बढ़ रहा है मनोबल

**परवेज कुरैशी@प्रभात मंत्र**

**रांची।** रांची शहर में दिन-ब-दिन अपराधियों का मनोबल बढ़ रहा है, लूट, छींतई, चोरी, छेड़खानी, पशु तस्करी, गांजा, ड्रग्स, अफीम का कारोबार और नशा खोरी करने वालों की संख्या बढ़ रही है और हत्या जैसी घटनाएं हो रही है।

पुलिस अपने थाना क्षेत्रों में खानापूर्ति के लिए एंटी क्राइम अभियान चला कर वरीय पुलिस पदाधिकारियों को फोटो भेजकर काम तमाम करने में जुटी हुई है। हाल के दिनों लोअर बाजार, लालपुर, डोरंडा, नामकुम, बरियातू, कोतवाली इन थाना क्षेत्रों में मोबाइल, पर्स,घड़ी, पैसे की छिनताई,लूट पाट की घटनाएं बढ़ गई है और हत्या की भी घटना हो रही है।




बता दें कि 7 अप्रैल 2023 को लालपुर थाना क्षेत्र के डिस्टलरी पुल के पास एक युवक से करीब 6लाख लूट हो गई थी, एक मोटरसाइकिल सवार ने इस घटना को अंजाम दिया था, जिसमें पैसे लेकर आ रहे युवक को हल्की चोट भी आई थी।

27 मई 2023 लोअर बाजार थाना क्षेत्र के कांटा टोली कुरैशी मुहल्ला में छेड़खानी का आरोप लगाते हुए युवक से मारपीट की गई थी, 2 जून को हिंदपीढ़ी के रहने वाले महबूब आलम के साथ लोअर बाजार थाना क्षेत्र के गुरुद्वारा के आसपास साढ़े तीन लाख रुपए की लूट की घटना को अंजाम दिया गया था, तीन जून को कोतवाली थाना क्षेत्र के सर्जना चौक से लालजी हिरजी जाने वाले मार्ग पर एक युवक से घड़ी की छींतई हुई थी।

6 जून को नामकुम थाना क्षेत्र के विश्वजीत प्रसाद जो सेवानिवृत्त आर्मी हैं उनके साथ मोबाइल और उसका पर्स छींतई की गई थी, बरियातू थाना क्षेत्र में 6 जून को ही शाम में तनवीर आलम उर्फ बिट्टू खान की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, 7 जून को डोरंडा थाना क्षेत्र के डिबडीह पुल और सेटेलाइट कॉलोनी के बीच में मछली व्यवसाय संजय साहनी से 55000 की लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। इतना ही नहीं बीते महीने अरगोडा थाना क्षेत्र के पटेल पार्क के पास एक छात्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, पुलिस आरोपी के घर बिहार तो पहुंची लेकिन युवक ने सदर थाना क्षेत्र में खुदको गोली मारकर हत्या कर लिया था।

तमाड़,नामकुम, लोअर बाजार, हिंदपीढ़ी, डोरंडा में गोवंशीय पशुओं की भी तस्करी की शिकायत डीजीपी से की गई है, बताया गया है संबंधित थाना के सहयोग से यह फलफूल रहा है।

### आम जनता भी पुलिस को नहीं कर रही है सहयोगः

सबसे बड़ी बात यह है कि जहां पर छींतई, लूट की घटनाएं हो रही है, इन सभी जगहें भीड़भाड़ वाले हैं, बावजूद इसके लोग छींतई करने वाले को पुलिस से पकड़वाने में सहयोग नहीं कर रही है, न ही पुलिस को इसकी सूचना दे रहे हैं।

जैसा कि लोअर बाजार थाना क्षेत्र में 2 जून को जो लूट हुई थी, एक युवक हिंदपीढ़ी की ओर और दूसरा युवक कौनका रोड की ओर भागा था, दोनों पैदल ही दौड़ते हुए भागे थे और इसके बाद अब तक पुलिस को कोई सफलता नहीं मिली है।

### क्या होना चाहिएः

संबंधित थाना क्षेत्रों में मोटरसाइकिल दस्ता तैनात किया गया था, जो अब नजर नहीं आती है।

स्कूल कॉलेज जहां पर छेड़खानी जैसी घटनाओं की संभावनाएं अधिक रहती है, उन सब क्षेत्रों में महिला पुलिस जवान को तैनात किया गया था जो अब नहीं हो रहा है, पीसीआर वैन को सड़कों और मोहल्लों में गश्त करने की चेतावनी दी गई थी, लेकिन पीसीआर वैन किसी एक जगह पर गाड़ी खड़ी करके पुलिस जवान आराम करते नजर आ जायेंगे, इसके अलावा थानेदार भी आपने थाना क्षेत्र के मोहल्ले का भ्रमण नहीं करते हैं।

### सिटी एसपी ने कहाः

सिटी एसपी शुभांशु जैन ने कहा कि ऐसा नहीं है, सुखदेव नगर थाना क्षेत्र में गोलीबारी हुई थी 10 घंटे के अंदर सभी आरोपियों को पकड़ कर जेल भेजा गया, लोअर बाजार थाना क्षेत्र से ड्रग्स के आरोप में पति पत्नी को जेल भेजा गया, डेली मार्केट थाना क्षेत्र में गोली चलाने के आरोप में एक युवक को जेल भेजा गया, बरियातू थाना क्षेत्र में चोरी का उद्भेदन किया गया, पुलिस अपने स्तर से काम कर रही है। थानेदारों की शिकायतें मिलती है और मैंने भी थानेदारों को कहा है कि वे अपने थाना क्षेत्रों के लोगों से संपर्क करें, गली मोहल्ले में अभियान चलाएं और वैसे स्थलों को चिन्हित करें जहां पर घटनाएं बार बार हो रही है।

पुराने अपराधियों जो जेल से बाहर आए हैं उसपर नजर रखें।

### झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने सीएम का जताया आभार

**रांची :** लोहरदगा का नदिया हिंदू उच्च विद्यालय अब नदिया हिंदू मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के नाम से जाना जाएगा। इसके अलावा अन्य कुछ विद्यालयों के नामों में भी आंशिक संशोधन किया गया है। विद्यालयों के नामों पर संशोधन किए जाने पर झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को साधुवाद देते हुए आभार जताया है। उल्लेखनीय है कि झारखंड सरकार ने राज्य के 80 विद्यालयों के नाम को बदलने का फैसला किया था। इन विद्यालयों का नाम मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय रखा गया। लोहरदगा के नदिया हिंदू हाई स्कूल का नाम सहित झारखंड के अन्य जगहों में भी विद्यालयों के नामों में परिवर्तन किए जाने पर लोगों में जना आक्रोश था। झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने सरकार द्वारा विद्यालयों के नाम बदलने के फैसले पर घोर निंदा करते हुए इसे बिल्कुल गलत एवं दुर्भाग्यपूर्ण बताया था।

## हिंदपीढ़ी के तीन युवकों पर लगा आर्म्स एक्ट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**रांची।** उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा हिंदपीढ़ी थाना काण्ड सं0-61/ 23, 17.04.2023 के अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित प्रतिवेदनों का अवलोकन उपरांत शस्त्र अधिनियम की धारा- 25 (1-बी) ए/26/35 के अन्तर्गत अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की गई है। हिंदपीढ़ी थाना काण्ड सं0-61/ 23, 17.04.2023 के अभियुक्त मो0 अरबाज उर्फ अण्डा, पे0-मो0 कल्लु, सा0-मोती मस्जिद, निजामनगर थाना-हिन्दपीढ़ी, जिला-रांची, मो0 जमील उर्फ चौम्पीयन, पे मो सलीम उर्फ पुना, सा मोती मस्जिद, नियर पानी टंकी, मदरसा गली, थाना-हिन्दपीढ़ी, जिला-राँची, मो0 वसीम, पे0-मो0 कलीम, सा0-मदारदरवाजा, वार्ड नं-26, सासाराम, थाना-सासाराम, जिला-रोहतास, बिहार वर्तमान मोती मस्जिद, मुबारक गली, थाना-हिन्दपीढ़ी, जिला-राँची को अपने एक अन्य साथी गुर्जर, पे0 मुन्ना खान, सा0 निजामनगर के साथ हरमू नदी किनारे किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की गुप्त सुचना के आधार पर - 17. 04. 2023 को हरमू नदी के पास से गिरफ्तार किया गया। इस क्रम में पुलिस को तीन अभियुक्त को पकड़ने में सफलता मिली, वहीं एक अन्य अभियुक्त गुर्जर, पे मुन्ना खान, सा निजामनगर भागने में सफल रहा।

तलाशी के क्रम में तीनो अभियुक्तों के पास से देशी पिस्टल एवं जिंदा गोली बरामद की गई थी। उक्त काण्ड को अनुसंधान के क्रम में उपरोक्त अभियुक्तों के विरुद्ध सत्य पाया गया।

## ई-संजीवनी टेलीमेडिसिन सेवा आज के युग में सफलः डॉ फजलुस समी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** आयुष सीएचओ का ई-संजीवनी टेलीमेडिसिन का प्रशिक्षण कार्यशाला डॉ फजलुस समी, निदेशक आयुष के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। राहुल कुमार, नोडल पदाधिकारी, एन ए एम ने प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि ई-संजीवनी टेलीमेडिसिन सेवा आज स्वास्थ्य में मील का पत्थर साबित हुआ है। टेलीमेडिसिन इंटरनेट का उपयोग करके दूर से स्वास्थ्य सेवाओं की डिलीवरी पर जोर देता है और यह न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाता है बल्कि बचत के अलावा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में भी सुधार करता है। कोविड-19 महामारी के दौरान ई-संजीवनी ने न केवल स्वास्थ्य सेवाओं के वितरण में एक बड़ा डिजिटल परिवर्तन लाया, बल्कि यह डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र को भी बढ़ावा दिया। राहुल कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्रालय की ई-संजीवनी पहल 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में दो धाराओं में काम कर रही है। दिवाकर चन्द्र झा, नोडल पदाधिकारी, एचडब्ल्यू सी ने कहा कि कुल रोगियों में से लगभग एक चौथाई ने एक से अधिक बार ई-संजीवनी का उपयोग किया है।



इस अवसर पर प्रशिक्षण कार्यशाला में डा श्रीचन्द प्रसाद, उपनिदेशक होमियोपैथी, डा अनुज मंडल, विमल केशरी तथा पीआर आइ के प्रतिनिधि डा परवीर और डा अंकित गुप्ता ने भाग लिया।

## हाई कोर्ट के नये भवन में 445 चेंबर अधिवक्ताओं को आवंटित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के तिरिल, धुर्वा स्थित नये भवन में 445 चेंबर वरीय अधिवक्ताओं एवं अधिवक्ताओं को आवंटित किया गया है। इस संबंध में हाइकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल मोहम्मद शाकिर की ओर से आदेश जारी किया गया है। झारखंड हाई कोर्ट के नये भवन में अधिवक्ताओं को चेंबर आवंटित करने को लेकर चीफ जस्टिस द्वारा एक कमेटी बनायी गयी थी। कमेटी में हाई कोर्ट के तीन जजों के अलावा एडवोकेट एसोसिएशन के दो पदाधिकारी शामिल थे। अधिवक्ताओं को चेंबर देने को लेकर एक नियमावली भी बनायी गयी है। इसके आधार पर वरीय अधिवक्ता एवं अधिवक्ताओं को नये हाई कोर्ट भवन में चेंबर आवंटित किया गया है। चेंबर आवंटन को लेकर अधिवक्ताओं को 10 साल तक हाई कोर्ट में प्रैक्टिस करना जरूरी रखा गया है। इसके अलावा उन्हें एडवोकेट एसोसिएशन का भी मेंबर होने पर चेंबर मिलने में प्राथमिकता दी गयी है। एडवोकेट एसोसिएशन की ओर से अधिवक्ताओं से चेंबर के लिए फॉर्म भर कर देने को कहा गया था।




## रिम्स में समन्वय बनाकर करना होगा काम : डा.गुप्ता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रिम्स निदेशक डॉ आर के गुप्ता ने पदभार लेने के दूसरे दिन रिम्स प्रशासनिक भवन के रिम्स के सभी कर्मचारियों के साथ बैठक की और कार्यों को कैसे सुचारु एवं समयबद्ध तरीके से करने के विषय पर विचार विमर्श किया। उन्होंने सभी से कार्यलय में अनुशासन बनाए रखने का अनुरोध किया। गुप्ता ने कहा कि किसी भी मरीज को किसी तरह की कोई परेशानी ना हो यह सभी को सुनिश्चित करना होगा और अपना कर्तव्य समझना होगा। हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए कि जो मरीज हमारे रिम्स में इलाज कराने आ रहे हैं वह संतुष्ट हो, उनका इलाज बेहतर हो और वह सकुशल होकर अपने घर वापस लौटे। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जो भी छोटी मोटी विवाद उत्पन्न होती रही थी, वह विवाद आगे से न हो या भी सुनिश्चित कर दिया जाए। नर्स, चिकित्सक ,गार्ड, स्टाफ सब अपने अपने कार्यों के प्रति जवाबदेही बने, तभी रिम्स का उद्धार हो सकेगा, रिम्स पर लोगों का विश्वास बढ़ सकेगा। इस मौके पर कई लोग उपस्थित थे। वहीं स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने भी डा. आर के गुप्ता से मिलकर उन्हें बूक दिया और उनका स्वागत किया।



## मछली व्यवसायी से 55 हजार रुपए की लूट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** नगड़ी थाना क्षेत्र के रहने वाले संजय नामक व्यक्ति से डोरंडा थाना अंतर्गत डीबडिह पुल सेटेलाइट कॉलोनी के बीच 5 लोगों ने डरा धमका कर करीब 55 000 लूट कर फरार हो गया। बताया जा रहा है कि संजय साहनी नगडी में रहता है और वह धुर्वा विधानसभा के पास मछली बिक्री करता हैं। वहीं से पैसा लेकर फिर वापस अपने घर नगड़ी जा रहा था। इसी दौरान वह डिबडीह पुल और सेटेलाइट कॉलोनी के पास अपनी मोटरसाइकिल खड़ी कर पेशाब करने लगा, तभी एक स्कूटर पर तीन, एक मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति सवार कुल 5 लोग आए और संजय को डरा धमका कर उससे 55000 लूट लिया। संजय साहनी ने थाना में सूचना दिया और खुद अपने घर नगड़ी चला गया, उसे कई बार बुलाना पड़ा, लेकिन वह कहते रहा कि मछली खराब हो जाएगी इसलिए बाद में आएंगे। हटिया डीएसपी राजा मित्रा के प्रयास से उसे खोजा गया और फिर थाना में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी हुई है, पुलिस को संदेह है कि लूटपाट करनेवाला पहले से रेकी कर रहा होगा।



## बांग्लादेशी घुसपैठियों के प्रवेश की सूचना पर अब होगी जांचः डीसी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला में बांग्लादेशी घुसपैठियों के प्रवेश की आशंका को लेकर सतत निगरानी एवं जांच/सत्यापन किया जायेगा। पुलिस अधीक्षक (स्था) विशेष शाखा, रांची के पत्र के आलोक में उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा ने जिला में बांग्लादेशी घुसपैठियों से संबंधित जांच/सत्यापन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के आदेश दिये हैं। उन्होंने सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी को अपने अपने क्षेत्र अंतर्गत बांग्लादेशी घुसपैठियों से संबंधित जांच/सत्यापन प्रतिवेदन अपने अनुमंडल पदाधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने के आदेश दिये हैं।

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी, सदर एवं बुण्डू को अपने क्षेत्र अंतर्गत अपने पर्यवेक्षण में जांच/सत्यापन कराने एवं प्रत्येक माह में समेकित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक (स्था) विशेष शाखा, झारखंड द्वारा राज्य के सभी जिलों के उपायुक्त/सभी वरीय पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक को इस संदर्भ में पत्र लिखा गया है। जिसमें संताल परगना क्षेत्र में बांग्लादेशी घुसपैठियों के प्रवेश, उनके सरकारी दस्तावेज तैयार कर मतदाता सूची में नाम दर्ज करने, साजिशन उन्हें बसाने की बात कही गयी है।

राज्य की आंतरिक व्यवस्था के खतरे को देखते हुए संताल परगना क्षेत्र के साथ-साथ राज्य के अन्य जिलों में भी इसकी सतत निगरानी एवं जांच/सत्यापन करने को कहा गया है।

### गांजा के साथ महिला गिरफ्तार



**रांची :** चुटिया थाना पुलिस ने बुधवार को कृष्णा पुरी रोड नंबर 5 से आशा देवी को 10 किलो से अधिक गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। इसके पास से 40 हजार से अधिक रुपए बरामद किए गए हैं। गुप्त सूचना के आधार पर सिटी डीएसपी दीपक कुमार और चुटिया थाना प्रभारी वेंकटेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने यह कार्रवाई की है। मामले को लेकर छापेमारी और पूछताछ की जा रही है।

## एनटीपीसी ने महिलाओं के लिए तीन महीने की सिलाई कक्षाएं आयोजित करने के लिए सहायता प्रदान की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कौशल विकास के साथ स्थानीय महिलाओं और आत्मरक्षा तकनीकों के साथ लड़कियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एनटीपीसी स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब (एसएलसी), कोयला खनन मुख्यालय, रांची ने 20 लाभार्थियों को सिलाई और सिलाई पर इन-हाउस प्रशिक्षण के माध्यम से स्थानीय महिलाओं के लिए तीन महीने की सिलाई कक्षाएं आयोजित करने के लिए सहायता प्रदान की।इसके अलावा, महिला क्लब ने 50 युवा लड़कियों को तीन महीने की आत्मरक्षा प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए अपना समर्थन दिया। दोनों पाठ्यक्रम स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब द्वारा बच्चों के लिए अनाथालय आशा होम के सहयोग से निगम सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पहल के तहत आयोजित किए गए थे।




पाठ्यक्रम समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि पद्मा रेड्डी, अध्यक्ष, स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब ने सफल अभ्यर्थियों को पाठ्यक्रम प्रशिक्षण एवं समापन प्रमाण पत्र वितरित किया। इस अवसर पर बोलते हुए रेड्डी ने कहा, यह बहुत खुशी की बात है कि पाठ्यक्रम पूरा होने के बाद, प्रतिभागी विभिन्न परिधानों की सिलाई करने में सक्षम हो गए हैं, जो उन्हें आजीविका कमाने के माध्यम से अपने परिवार का समर्थन करने के लिए आत्मनिर्भर बनने में मदद करेंगे। इस अवसर पर, संचिता कोनार, उपाध्यक्ष, लक्ष्मी मूर्ति, उपाध्यक्ष, एमएस राम्या, सचिव, मनसा वर्मा, सचिव (सीएसआर), परमेश्वरी, सांस्कृतिक सचिव, एसएलसी और अमित कुमार बेहरा, वरिष्ठ प्रबंधक (निगम संचार) भी उपस्थित थे।

## विस अध्यक्ष ने राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की वार्षिक बैठक की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के सेंट्रल हॉल में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की वार्षिक आम बैठक अध्यक्ष के अध्यक्षता में हुई। अध्यक्ष झारखंड विधान सभा सह सभापति राष्ट्रमंडल संसदीय संघ झारखंड शाखा, रबिन्द्र नाथ महतो ने अपने संबोधन में यह जानकारी दी कि इस वर्ष राष्ट्रमंडल संसदीय संघ का 66 वां सम्मेलन 30 सितंबर से 06 अक्टूबर 2023 तक का अकरा ,घाना में निर्धारित है जिसकी सूचना कार्यालय को प्राप्त हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रमंडल संसदीय संघ जैसे बड़े संगठन में हम अपने आपको उपस्थिति दर्ज कराने तक सीमित न रहकर ऐसे सम्मेलन से राष्ट्र की तरक्की में हम अपनी भागीदारी किस तरह निभा पाए इस पर भी हमें सोचना चाहिए।

मैं व्यक्तिगत तौर पर यह महसूस कर रहा हूं कि हम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुछ क्षेत्रों में बहुत आगे हैं किंतु कई ऐसे विषय भी हैं जिस पर हम सभी को परस्पर मिलकर कार्य करने होंगे ताकि हम राष्ट्र को श्रेष्ठ बनाने में अपनी भी भागीदारी निभा सकें। वर्ष 2022 के 65 वां राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन हेलीफैक्स कनाडा में आयोजित हुई थी। जिसमें प्रतिनिधि के तौर पर सदस्य श लंबोदर महतो ने भाग लिया था।



आम सभा की बैठक में अध्यक्ष ने सदस्य लंबोदर महतो से यह अनुरोध किया कि वह उस सम्मेलन में भाग लेने की अपनी अनुभव को साझा करें।

उन्होंने अपने अनुभव को साझा किया अंत में बैठक बैठक में सीपीए झारखंड शाखा के सचिव प्रभारी सचिव झारखंड विधान सभा श्री सैयद जावेद हैदर ने वर्ष 2022-2023 का सीपीए झारखंड शाखा की लेखा-जोखा के संबंधित प्रतिवेदन भी प्रस्तुत की।

## रांची शहर में बन रहे फ्लाईओवर का निरीक्षण करने पहुंचे डीसी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा सहित जिला प्रशासन की टीम बुधवार को रांची में बन रहे फ्लाईओवर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। रातू रोड, कांटा टोली, सिरम टोली, मेकॉन फ्लाईओवर निर्माण कार्य का जायजा लिया।निर्माण कार्य में तेजी और जानकारी लेने के लिए उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने निरीक्षण के दौरान जमीन मालिकों से भी मिले, उन्होंने जमीन मालिकों से बातचीत की इस दौरान जमीन मालिकों ने अपने मुआवजा के लिए गुहार लगाई, जो सिरम टोली फ्लाई ओवर के दौरान जमीन अधिग्रहण के लिए जमीन मालिकों को नहीं मिला था।



रांची के ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर उपायुक्त ने दिशा निर्देश देते हुए कहा कि समय से पहले फ्लाईओवर निर्माण का कार्य पूरा किया जाएगा। इस दौरान उपायुक्त के साथ शहर सीओ अमित भगत सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

डुमरी उपचुनाव को लेकर झामुमों ने छह पंचायत में की बैठक

# अखिलेश महतो को विधानसभा भेज इतिहास रचेगी जनता : विश्वनाथ

## पंचायतों में सभी मोर्चा व बुथ कमिटी गठन करने का दिया निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नावाडीह :** सुबे के स्कुली शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन के बाद रिक्त हुई डुमरी विधानसभा में उपचुनाव को लेकर झामुमों ने भी अपनी तैयारी शुरू कर दी है। पार्टी ने पंचायत प्रभारी नियुक्त कर प्रखंड के उपरधाट के मुंगोरांगमाटी ,नारायणपुर, पलामू, बरई, काछो एवं पोखरिया पंचायत में बैठक कर चुनावी रणनीति बनाकर मंत्रीपुत्र अखिलेश महतो राजू को अधिक से अधिक मत देकर विधानसभा भेजना का संकल्प लिया गया। साथ ही पंचायत स्तर पर पार्टी की सभी मोर्चा का गठन करते हुए बुथ कमिटि का गठन करने का निर्देश दिया गया।तथा दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत जगरनाथ महतो को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुंगोरंगामाटी में पार्टी की बैठक को संबोधित करते हुए पर्यवेक्षक सह मुखिया संघ के अध्यक्ष विश्वनाथ महतो ने कहा कि राज्य के दिवंगत शिक्षामंत्री स्व जगरनाथ महतो ने डुमरी विधानसभा क्षेत्र मे जो विकास की गंगा बहाई है वह पुरे 81 विधानसभा मे ऐतिहासिक है। सड़क, पुल पुलियां, बिजली ,पेयजल आदि मूलभूत सुविधा उपलब्ध करवाया , साथ ही डुमरी नावाडीह को शिक्षा का हब बनाना चाहते थे जिसकी शुरूआत भी उन्होने कर दी थी डुमरी नावाडीह में आईटीआई कांलेज, डुमरी मे डिग्री महाविधालय बनकर तैयार हो गया वही नावाडीह में 26 करोड से स्वीकृति प्रदान की।वही नावाडीह में छात्राओ के लिए सीएम उत्कृष्ट विद्यालय, लहिया मे पिछड़ा छात्रावास, तारानारी मे संस्कृत महाविधालय ,नर्रा मे बालिका आवासीय विधालय की स्वीकृति देते हुए निर्माण कार्य आरंभ करवाया जबकि केशधरी में नेतरहाट के तर्ज पर आवासीय विधालय व नावाडीह बाजारटांड मे 2000 छात्राओ के लिए पुस्तकालय निर्माण का सपना था जो अधुरा रह गया। उनके अधुरे कार्यो को पुरा करने के लिए अखिलेश महतो को विजय बनाकर विधानसभा भेजना होगा। तभी डुमरी नावाडीह मे विकास की गाडी आगे बढते रहेगी। जबकि उपप्रमुख हरिलाल महतो ने कहा कि वर्ष 2019 के विधान सभा चुनाव मे जगरनाथ महतो ने 31 हजार मतो से विरोधी दल को धुल चटाया था ,इस उपचुनाव मे भी अखिलेश महतो को जनता ऐतिहासिक वोट से जीताकर विधानसभा भेजने का काम करेगी। इससे पुर्व पलामू मे प्रखंड सचिव सोनाराम हेम्ब्रम ,नारायणपुर में जिला उपाध्यक्ष लालजी महतो ,काछों में अंल्पसंख्यक जिलासचिव शाहीद अंसारी ,बरई में प्रखंड अध्यक्ष गणेश महतो व पोखरिया पंचायत में किसान मोर्चा अध्यक्ष भुवनेश्वर महतो के देखरेख में बैठक कर रणनीति बनाया गया। मौके पर जिला उपसचिव बालेश्वर महतो ,उपप्रमुख हरिलाल महतो , बीस सुत्री अध्यक्ष वृजलाल हंसादा, उपाध्यक्ष गणेश महतो पारो ,युवा अध्यक्ष तापेश्वर महतो सहित ,भेखलाल महतो ,भैरव महतो , महबूब आलम ,राउफ अंसारी ,इदरीश अंसारी ,राजू महतो ,मुरली सिंह , मुरली चौधरी ,प्रेमचंद महतो आदि मौजूद थे।

# राज्यपाल से मिले विधायक, सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोमियां :** राज्यपाल महोदय से गोमिया विधायक लंबोदर महतो ने मिलकर गोमिया विधान सभाक्षेत्र के निम्नलिखित विषयों पर क्षेत्र में विकास संबंधित ज्ञापन सौंपा 7 जून को जिसमें राज्यपाल महोदय द्वारा सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया । राज्यपाल महोदय को मिलने का समय देने तथा सकात्मक पहल करने का आश्वासन देने के लिए कोटि कोटि आभार व्यक्त किये विधायक महतो ने तथा क्षेत्र में विकास को लेकर इन बिंदुओं पर दिए ज्ञापन । गोमिया के राजकीय डिग्री महाविद्यालय का यथाशीघ्र उद्घाटन करने तथा शैक्षणिक सत्र चालू करने दिनांक 01/04/2022 को बोकारो जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा पारित गोमिया एवं पलिहारी गुरूडीह पंचायत के सभी गांवों को कोनार नदी से नया इंटकवेल डब्लू टी पी पाइप लाइन बिछाते हुए नई जलापूति योजना की प्रशासनिक स्वीकृति अविलंब कराने हेतु रा.म.वि. हुरलंग को उच्च विद्यालय में परिणत करने हेतु राज्य के सभी सरकारी महाविद्यालयों में इंटर में नामांकन रोक केआदेश निरस्त कराने हेतु .गोमिया प्रखण्ड के नक्सल प्रभावित गझण्डी से हुरलुंग भाया चतरोचट्टी तथा रजरप्पा से ललपनिया भाया बड़कीपुन्नू पथ निर्माण कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति हेतु 60-40 की नीति को रद्द करते हुए दिनांक 11/11/2022 को विधान सभा द्वारा पारित विधेयक के आलोक में 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति एवं नियोजन नीति लागू करने के पश्चात नियुक्ति कराने हेतु दिनांक 24/11/2004 को राज्य मंत्रिपरिषद् द्वारा पारित प्रस्ताव एवं अनुशंसा के आलोक में कुड़मी/ तेली/ घटवार को अनुसूचित जनजाति में शामिल कराने हेतु राज्य के सात जिलों यथा खूंटी/सिमडेगा/ गुमला/ लोहरदगा/ लातेहार/ चाईबासा व दुमका में बी सी 1/बी सी 2 को इन जातियों की काफी आबादी रहने बावजूद जिला स्तरीय नियुक्तियों में निधारित शून्य प्रतिशत आरक्षण से संबंधित अधिसूचना पर पुनर्विचार करने तथा दिनांक 11/11/2022 को विधान सभा द्वारा पारित विधेयक के आलोक में एस टी को 28त्न एस सी.को 12त्न तथा ओ बी सी. को 27त्न आरक्षण दिलाना सुनिश्चित कराने से संबंधित मांग पत्र सौंपा ।

# जंगल में मिला व्यक्ति का शव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चंद्रपुरा :** चंद्रपुरा प्रखंड के दुग्दा थाना क्षेत्र के पहाडी मंदिर के नीचे तथा चंद्रपुरा धनबाद हीरक रोड माधुरी फ्यूल के बगल के जंगल से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद पुलिस द्वारा की गई बुधवार 7 जून को ।घटना को लेकर दुगदा थाना पुलिस ने बताई की उक्त जंगल में एक व्यक्ति की शव मिलने की सूचना मिली जिसकी सत्यापन के लिए घटना स्थल पर पुलिस पहुंची तो एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है शव को देखकर अनुमान लगाया जा रहा है की इसकी मृत्यु लगभग चार दिन पूर्व हो चुकी होगी चुकी शव कला पड़ रहा था और कीड़ा भी लग चुका है । फिलहाल आवश्यक करवाई करते हुवे शव को पोरस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है । शव की पहचान नहीं हो पाई है उसके पास से कोई आइडी पुरुफ नहीं मिल पाई है सिर्फ छाई कलर की सफारी सूट पहना हुआ है उम्र लगभग 40वर्ष बताया जा रहा है । फिलहाल पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है शव पहचान हेतु ताकि आगे की करवाई की जा सके ।

## कांग्रेसियों ने श्राद्धकर्म में सामग्री देकर किया सहयोग



**नावाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कांग्रेस सेवा दल के प्रखंड अध्यक्ष सह चिरूडीह निवासी चितरंजन चौहान की विगत 29 मई को ईलाज के क्रम मे हुई अकास्मिक निधन के बाद श्राद्धकर्म के लिए बुधवार को नावाडीह प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष इमरान अंसारी के नेतृत्व में कांग्रेस की टीम मृतक के परिजनों पत्नी उषा देवी, पुत्र भानू चौहान, हीरालाल चौहान, सूरज चौहान, से मुलाकात की तथा राशन सामग्री रिफाइन तेल व आटा देकर सहयोग किया। साथ परिजनों को सरकार द्वारा मिलने वाली योजनाओ का लाभ पहुंचाने का भारोसा दिया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष इमरान अंसारी ने कहा कि स्व चितरंजन चौहान कांग्रेस के एक समार्पित कार्यकर्ता थे।इनके निधन से नावाडीह प्रखंड में पार्टी ने एक प्रखर कार्यकर्ता खो दिया है जिसकी भरपाई निकट भविष्य में असंभव है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष इमरान अंसारी, उपाध्यक्ष मनोज सिंह, सचिव तिलक तुरी, चिंतामणि साव,नाजीर अंसारी, मनोज कुमार आदि मौजूद थे ।

## मायुम में अमृतधारा प्रक्कलप के तहत कोडरमा स्टेशन पर वाटर कुलर का किया शुभारंभ

**झुमरीतिलैया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी युवा मंच झुमरी तिलैया ईकाई के तत्वाधान में कोडरमा रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 04 पर आरपीएफ पोस्ट के समीप अमृतधारा पर प्रक्कलप के तहत वाटर कुलर का शुभारंभ रांची निवासी भगवती प्रसाद काबरा, ज्योति काबरा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसके पूर्व मंत्रोच्चारण एवं पूजा अर्चना पंडित विजय उपाध्याय ने किया। इस दौरान नारियल पधारकर लोगों को ठंडा पेयजल उपलब्ध कराया गया। साथ ही आम लोगों के लिए यह अमृत धारा योजना के तहत वाटर कूलर शुरू हो गया। मौके पर ज्योति काबरा ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच राष्ट्र सेवा में अपना अमूल्य योगदान दे रहा है। इसमें झुमरी तिलैया शाखा भी बेहतर कार्य कर रही है। वहीं मंच के अध्यक्ष राज पचीसिया ने आगन्तुक लोगों का स्वागत किया और कहा कि सेवा कार्य मंच का प्रथम उद्धेश्य है। राष्टीय प्रकल्प अमृत धारा तहत यह 5वॉ वाटर कूलर शुरू किया गया और 24 घंटा इसमें राहगीर एवं यात्री ठंडा पेय ग्रहण कर रहे है। कोडरमा स्टेशन पर 150 लीटर की कूलर मशीन लगायी गई है जो प्रतिदिन अनेक लोगों को पीने का पानी मिलेगा। वहीं मंच के सचिव आशीष जोशी ने कहा कि मानव सेवा ही नहीं जीव जंतु को बचाने में मायूम अपना धर्म समझता है और इस गर्मी में मनुष्यों के साथ-साथ मवेशी एवं पशु पक्षी के लिए जगह-'जगह अस्थायी पियाउ लगाया गया हैं । मंच चार उद्धेश्यों पर कार्य कर रही है इसमें एम्बूलेंशन सेवा, अमृत धारा योजना के तहत पेय जल , विकलांगों को कृत्रिम पैर निःशुल्क मुहैया कराना , रक्त संग्रह करना, कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगाने जैसे कार्यो को बुखुबी निभा रही है। वहीं स्टेशन प्रबंधक रविन्द्र प्रसाद ने कहा मारवाडी युवा मंच अच्छा औ पूण्य का काम किया जा रहा है। यह वाटर कूलर यात्रियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा और रेलवे की ओर से जो भी व्यवस्था दी जा सकती है उसे उपलब्ध कराया जा सकता है। इस अवसर पर सीटीआई अरविन्द कुमार सिंह, टीआई अरविन्द कुमार सुमन, आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी जवाहर लाल, स्टेशन मास्टर संतोष कुमार, कोडरमा प्रमुख प्रतिनिधि महेन्द्र यादव, ईएलसी सोनु कुमार मारवाडी युवा के पूर्व अध्यक्ष रितेश दुग्गड, आशीष शर्मा आदि थे।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में मनरेगा संचालित योजनाओं की समीक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** बुधवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में मनरेगा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आहूत की गयी। उपायुक्त द्वारा सबसे पहले मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाएं टी.सी.बी, फील्ड बंड, बागवानी योजना, डोभा और पौधारोपण समेत अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा किये। उपायुक्त ने सभी प्रखंडों के पंचायत के गावों में हो रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने सभी बीपीओ को निर्देश देते हुए कहा कि जिन क्षेत्रों में पौधारोपण करने की संभावनाएं हैं, उन स्थानों को चिन्हित करें। बागवानी योजना को लेकर 15 दिनों के अंदर सभी प्रखंड में स्थल चिन्हित करते हुए योजना को शुरू करने का निर्देश दिये। साथ ही पौधा के वितरण को लेकर कार्य योजना बनाने का निर्देश दिये। उन्होंने सभी तालाबों के मेढ़ के चारों तरफ पौधारोपण करने का निर्देश दिये और कहा कि जिन क्षेत्रों में पौधारोपण की योजना की स्वीकृत हो गई है, उन योजनाओं को पूर्ण करने के लिए गड्ढा खोदने की प्रक्रिया शुरू कर दें। साथ ही जल संरक्षण के लिए टी.सी.बी, फील्ड बंड इत्यादि योजनाओं का क्रियान्वयन करें। योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। मौके पर उप विकास आयुक्त ऋतुराज, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी बीपीओ, सभी बी.एल.एम और अन्य मौजूद रहे।

**उपायुक्त द्वारा सबसे पहले मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाएं टी.सी.बी, फील्ड बंड, बागवानी योजना, डोभा और पौधारोपण समेत अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा किये।**

# पुलिस ने भी नही सुनी गुहार तो प्रेमी के घर के बाहर धरने पर बैठी प्रेमिका



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**फुसरो :** पेटरवार थाना क्षेत्र के पिछरी दक्षिणी के खेडो का एक प्रेम प्रसंग का मामला मामला प्रकाश में आया है, जो प्रेमिका की चाहत अपने प्रेमी को लेकर इस कदर दिखी कि वह सीधा उसके घर धरना देने पहुंच गई. लड़की ने अपने प्रेमी के घर दो दिनों से बिना भोजन किये धरना दिया है. वह शादी की जिद पर अड़ी हुई थी. इस संबंध में प्रेमिका युवती पिछरी पंचायत के पिपराटांड़ निवासी स्वं सुरेश हेम्ब्रम की तीन बेटियों में सबसे छोटी बेटी बाहामुनी कुमारी ने खेरहो के पूर्व पीडीएस डीलर रहे स्व हेमलाल बास्के के दो पुत्रों से सबसे छोटे पुत्र लालधारी बास्के से पिछले करीब तीन साल से प्रेम संबंध है. अनाज उठाव के लिए जाने के दौरान परिचय हुआ और प्रेम में बदला था. ऐसे में शुरूआती में युवक मेरे घर पर आना- जाना लगातार बना रहा और फिर उसके बाद मुझे बीते नवंबर माह में पिपराटांड़ गॉव के समाज के मुखिया ( मांझी बुढा) ने खेडो गॉव के समाज के मुखिया ( मांझी बुढा) समेत परिजनो की सहमति से अपने घर ले जाकर शुरूआती मार्च 2023 तक पत्नी की तरह रखा. परंतु इस बीच उसकी मां व बड़ा भाई जो अभी पीडीएस संचालित करता है उन्होने तरह-तरह की यातना देकर घर से निकलने को विवश कर दिया. इस बीच प्रेमी भी कहीं बाहर चला गया और अप्रैल से उससे मोबाइल पर भी बात नहीं हो पा रही. कहा कि पुलिस ने भी नही सुनी गुहार तो मजबुर होकर प्रेमी के घर के बाहर धरने पर बैठी. तीन साल प्रेम व फिर पत्नी की तरह चार माह घर में रखने के बाद प्रेमिका को प्रेमी-घरवालों द्वारा दुत्कार मिल रही है. मामले में दोनों तरफ से पहले पंचायती भी बैठ चुकी और पंचायत प्रतिनिधियों ने भी प्रेमिका को न्याय दिलाने के लिए काफी प्रयास किया परंतु किसी की नहीं चल रही. अंततः मंगलवार से अपनी प्रेमी के घर के बाहर धरने पर बैठ गई. बताया कि न्याय की गुहार लेकर पहले पेटरवार थाना गई थी. वहां पुलिस ने युवक के बड़े भाई को थाना में पूछताछ करने के बाद छोड़ दिया. फिर बेरमो महिला थाना गई थी परंतु वहां से भी निराशा मिली.

**प्रेमी युवक के घर में लटका ताला:** इस संबंध में प्रेमी युवक के परिजनो से वार्ता करने का प्रयास किया गया, मगर घर के बाहर गेट मे ताला लटका मिला. पडोसीयो ने बताया की युवक एवं उनके परिजन कहाँ गये किसी को नही पता है.

**क्या कहते हैं पेटरवार थाना प्रभारी:** पेटरवार थाना प्रभारी विनय कुमार ने कहा कि युवती युवक पर केस करने को तैयार नहीं है वह कहती है कि मुझे उनसे शादी करवा दिजिए. गुरुवार को जाकर युवती से मिलकर बात किया जायगा.

# जारंगडीह बाबू क्वॉर्टर में महिलाओं ने किया पौधारोपण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कथारा :** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष पर जारंगडीह बाबू क्वाटर में देशज अभिकरण के कार्यकर्ता दीपमाला के नेतृत्व में पर्यावरण दिवस मनाया गया वहीं पर दामोदर बचाओ आंदोलन के बोकारो जिला संयोजक सरवन सिंह के सहयोग से 50 पौधा सहयोग कर क्षेत्रों पर लगाया गया और खेतों पंचायत के संयोजक सूरज नायक जा रंडी दक्षिणी पंचायत के मुखिया सुमंती देवी सैया सीमा देवी सीसीएल अस्पताल के महिला कर्मी आंगनबाड़ी साहिका अनीता देवी मीना देवी सभी लोगों ने विभिन्न क्षेत्रों पर छायादार एवं फलदार वृक्ष लगाया गया वहीं पर सरवन सिंह ने कहा कि वृक्ष लगाओ जीवन बचाओ एक बहुत बड़ी सेवा है धरती पर इंसानों के लिए जल और हवा अति आवश्यक है अगर वृक्ष धरती से लुप्त हो जाएगी तो इंसान जीना बेहद मुश्किल हो जाएगा जीने के लिए शुद्ध हवा होना अति आवश्यक है जो हमें वृक्षों से मिलती है सभी लोगों को अपने जीवन काल में कम से कम एक वृक्ष जरूर लगाएं वहीं पर प्राकृतिक को बैलेंस बनाए रखने के लिए धरती पर वृक्ष अति आवश्यक है , मौका पर राजेश ठाकुर, गौतम राम मीरा नीरा देवी नंदनी कुमारी सुमित्रा देवी कमल देवी प्रियंका देवी उदंती देवी धन देवी मोहनी देवी रीता देवी गंधारी देवी सरिता देवी गुड़िया देवी गीता देवी गायत्री देवी रीना देवी एवं कई

# सीटू के राज्य स्तरीय प्रदर्शन में जिला से दर्जनों कार्यकर्ता हुए शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** सेन्टर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) के द्वारा केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीति एवं झारखंड के अफसरों की कारपोरेट परस्त रवैये के खिलाफ 14 सूत्री मांगों को लेकर रांची में झारखंड श्रम भवन के समक्ष सोमवार को विशाल प्रदर्शन किया गया. जिसमें जिला से दर्जनों कार्यकर्ता सहित राज्य भर से 3000 से अधिक मजदूर कर्मचारी शामिल हुए. श्रम भवन पर आयोजित प्रदर्शन व सभा को संबोधित करते हुए जिला के मजदूर नेता और सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि आज जनता के साथ-साथ हमारे देश की स्थिति चिंताजनक एवं गंभीर है और इसके लिए केंद्र सरकार की मौजूदा नीतियां जिम्मेदार है, जो न केवल मजदूर विरोधी किसान विरोधी और जनविरोधी हैं, बल्कि राष्टविरोधी भी हैं, ये नीतियां न केवल हमारी राष्टीय अर्थव्यवस्था बल्कि, हमारे देश की एकता और अखंडता के लिए भी विनाशकारी साबित हुई है। केंद्र सरकार की नीतियों के चलते आज देश की मेहनतकश जनता बेरोजगारी एवं मंहगाई से जुझ रही है. झारखंड में कारपोरेट पक्षीय नौकरशाहों के मजदूर विरोधी रवैये के कारण, ट्रेड यूनियनों का पंजीकरण एवं पुनः पंजीकरण की प्रक्रिया विभाग की लालफीताशाही का शिकार हो गया है. ठेका मजदूर, अनुबन्धित कर्मचारी, प्रवासी मजदूर आदि कामगारों की बढ़ती संख्या तथा कामकाजी मजदूरों की बिगड़ती परिस्थितियों के बावजूद सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की व्यवस्था नगण्य है. प्रशासनिक पहल की भारी कमी एवं स्थाई प्रकृति का काम ठेका श्रमिकों के माध्यम से कराया जाना चिंताजनक है. कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मजदूरों को नहीं मिल रहा है.

# मशीन में 10 रु का सिक्का डालने पर निकलेगा एक कपड़े का थैला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेरमो :** प्रखंड के जरीडीह पूर्वी पंचायत की मुखिया कंचन देवी के अनुशंसा पर मंगलवार को जरीडीह पूर्वी पंचायत के सब्जी मंडी में 15 वे वित्त आयोग की राशि से क्लॉथ बैग वेंडिंग मशीन का लोकार्पण 20 सूत्री अध्यक्ष सह कांग्रेस कमेटी के झारखंड प्रदेश सचिव प्रमोद सिंह,जरीडीह पूर्वी की मुखिया कंचन देवी, पंचायत समिति सदस्य पिंकी देवी, समाजसेवी अनिल अग्रवाल, बीपीएम अंजना सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमोद सिंह ने कहा सरकार का जो अहम योजना है प्लास्टिक मुक्त करने का उस में अहम भूमिका का निर्वाहन जरीडीह पूर्वी की मुखिया कंचन देवी ने पंचायत को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए क्लॉथ बैग वेंडिंग मशीन का आज यहां लोकार्पण कराया गया है. यह मशीन बेरमो प्रखंड में पहली बार इस पंचायत में लगाई गई है. इस मशीन में 10 रूपये का सिक्का डालने पर एक कपड़े का थैला मशीन से निकलेगा जो सब्जी बाजार को प्लास्टिक मुक्त बनाने में सहयोग मिलेगा. मुखिया कंचन देवी ने कहा प्लास्टिक मुक्त इस पंचायत को कैसे बनाएं इसी सोच के तहत क्लॉथ बैग वेल्डिंग मशीन का आज यहां लोकार्पण हुआ है. प्लास्टिक मुक्त करने की जो योजना सरकार की है उसे हम लोग धरातल पर उतारने का प्रयास कर रहे हैं. बीपीएम अंजना सिंह ने कहा प्लास्टिक मुक्त करने के लिए इस मशीन के माध्यम से लोगों के बीच जागरूकता फैलाई जा रही है. मौके पर मुख्य रूप से समाजसेवी बबलू भगत ,भाजपा युवा मोर्चा के बेरमो प्रखंड अध्यक्ष रोबिन कसेरा, उप मुखिया संदीप विश्वकर्मा ,श्री फाउंडेशन के प्रवीण कुमार, राजेश चौरसिया, नीरल कुमार .स्वय सेवक अनिल अग्रवाल, वार्ड सदस्य अनवर हुसैन, पंचरानी गोस्वामी ,राजकुमार साव, संगीता देवी, मोहम्मद इबरार, शहजादी बानो, सुमित्रा देवी, राजकुमार सोनी ,सोनी देवी, उषा देवी सहित कई स्थानीय लोग मौजूद थे।

# पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अधिकारियों ने कोलियरी क्षेत्र का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कथारा :** एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय (आईआरओ) रांची के पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अधिकारी राजीव रंजन ने बुधवार को सीसीएल जारंगडीह कोलियरी आदि अन्य विभागों के कार्य स्थल पर पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक दिनेश कुमार गुप्ता क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी पलक अग्रवाल जारंगडीह कोलियरी परियोजना पदाधिकारी परमानंद गुईन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। पर्यावरण अधिकारी राजीव रंजन ने जारंगडीह कोलियरी के ओबीआर डंपिंग स्थल, कोयला स्टॉक, विभागीय एवं आउटसोर्सिंग के कोयला पेच सहित व्यू पॉइंट से पूरे माइंस का अवलोकन किया। यहां माइंस की ड्राइंग को देखते हुए उन्होंने सीसीएल अधिकारियों से पर्यावरण को लेकर उनके एक्शन प्लान की जानकारी ली। वहीं इसके बाद जारंगडीह कोलियरी के रेलवे साइडिंग के प्लेटफार्म नम्बर दो, कोयला क्रशर, कांटा घर सहित पीएम टेंन रूम में स्थापित पर्यावरण संबंधित जानकारी वाली यंत्र एवं उसके परिणाम की जांच पड़ताल की। पर्यावरण अधिकारी राजीव रंजन ने डंपिंग एरिया कोयला बेंचिंग रेलवे साइडिंग क्रेसर, ट्रांसपोर्टिंग मार्गो व अन्य जगहों में पर्याप्त रूप से पानी छिड़काव करने का दिशा निर्देश दिया वहीं क्षेत्र में इस बार और अत्याधिक पौधारोपण करने सहित पर्यावरण विभाग के गाइडलाइन के सभी नियमों का पालन करने का भी आदेश दिया। उन्होंने अपने कैमरे से सभी निरीक्षण स्थलों कि तस्वीर भी खींची। राजीव रंजन ने कहा कि पर्यावरण वन एवं जलवायु को लेकर अगर सीसीएल प्रतिष्ठान द्वारा लापरवाही बरती गई तो विभाग द्वारा नियम संगत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# एसडीपीओ ने सभी थाना प्रभारियों के साथ किया बैठक, दिया आवश्यक निर्देश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केसरी ने अपने कार्यालय कक्ष में पुलिस निरीक्षक कृष्ण कुमार व अनुमंडल के सभी थाना प्रभारी के साथ क्राइम मीटिंग को लेकर बैठक किया। एसडीपीओ प्रमोद कुमार केसरी ने इस दौरान अनुमंडल के सभी थाना प्रभारी को कई दिशा निर्देश दिया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केसरी ने बताया कि सभी पुलिस पदाधिकारियों को कई दिशा निर्देश भी दिया गया है। उन्होंने कहा कि नगर उंटारी थाना प्रभारी नितीश कुमार सिंह को विशेष रुप से पाल्हे जतपुरा में यग को लेकर विशेष निर्देश दिया है। उन्होने सभी थाना प्रभारी को अपराध नियंत्रण, अनुसंधान नियंत्रण, पोक्सो एक्ट के संबंधित और पुराने कांड को निष्पादन करने आवश्यक दिशा निर्देश दिया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केसरी ने सभी थाना प्रभारी को अपने-अपने क्षेत्र में रात्रि गस्ती बढ़ाने का निर्देश दिया, जिससे किसी प्रकार की घटनाएं नहीं घट सके व उसे रोक सके। रोड सेफ्टी सुरक्षा को देखते हुए वाहन चेकिंग, ट्रिपल लोडिंग, हाई स्पीड वाहन चलाने वाले लोगों पर प्रशासन की नजर रहेगी।बैठक में बंशीधर नगर थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, महिला थाना प्रभारी पिंकी कुमारी साव, धुरकी थाना प्रभारी सदानंद कुमार, रमुना थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा, बिशनपुरा थाना प्रभार प्रभारी निमीर हेस्सा, भवनाथपुर थाना प्रभारी कामेश्वर उपाध्याय, केतार थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि, खरौंधी थाना प्रभारी अभय कुमार तथा हरिहरपुर ओपी थाना प्रभारी कुंदन कुमार, कार्यालय के साक्षर आरक्षी अमित ओझा तथा राजेश कुमार मौजूद थे।

# जीप सदस्य ने नए महिला थाना प्रभारी को बुके देकर किया स्वागत




प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** नगर उंटारी महिला थाना के नये महिला थाना प्रभारी पिंकी कुमारी साव को पदभार ग्रहण करने के बाद श्री नगर उंटारी जिप सदस्य बाला रानी ने उनसे औपचारिक मुलाकात किया। इस दौरान उन्होंने ने थाना प्रभारी पिंकी कुमारी साव को बुके देकर स्वागत किया। वहीं इस दौरान जिप सदस्य ने थाना प्रभारी से क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण एवं क्षेत्र में शांति माहौल एवं भाईचारा को बनाए रखने का आग्रह भी किया। वहीं उन्होंने थाना क्षेत्र में डायन-बिसाही जैसी कुप्रथा पर रोक लगाने एवं लोगो को जागरूक करने का भी अपील किया। उक्त मांगो पर महिला थाना प्रभारी ने उन्हें पूरी तरह से आश्वस्त रहने की बात कहते हुए कहा की उनके नेतृत्व में महिलाएं अपने आप को पूरी तरह से सुरक्षित महसूस करेंगी।

## जेएमएम अल्पसंख्यक मोर्चा का विस्तार, फैजाल अहमद जिला उपाध्यक्ष बने



**चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जेएमएम अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष बने चैनपुर से जिला परिषद सदस्य फैजाल अहमद। झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने पत्र जारी करते हुवे चैनपुर प्रखंड अंतर्गत चैनपुर के जिला परिषद सदस्य फैजाल अहमद को जेएमएम अल्पसंख्यक मोर्चा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है।इस मौके पर राजेंद्र सिन्हा ने बताया की कमेटी के विस्तार करते हुए फैजाल अहमद को अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष बनाया गया वही कमेटी का विस्तार भी किया गया। इस अवसर पर नए सदस्यों ने अपना संदेश देते हुए कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा झारखंड की माटी की पार्टी है। झामुमो की अपनी विचारधारा है। जेएमएम के जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने कहा है की फैजाल अहमद को अल्पसंख्यक मोर्चा का जिलाध्यक्ष बनने से संगठन को काफी मजबूती मिलेगी साथ ही अल्पसंख्यकों का विकास भी संगठन के प्रति बढ़ेगा। फैजाल अहमद के अल्पसंख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर जिला समिति ने बढ़ाई दी है। इस संदर्भ में पत्र के माध्यम से उन्हें जानकारी दी गई है। इधर जिलाध्यक्ष बनने के बाद फैजाल अहमद के समर्थकों ने फूल और माला के साथ उनका स्वागत किया और उन्हें बधाइयां दी।

## भाकपा माले के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीओ को आवेदन दे कर कारवाई का किया मांग

**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाकपा माले का एक प्रतिनिधिमंडल ने अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर पुतुर ग्राम में पानी निकासी के लिये बने नाली को सड़क निर्माण के ठेकेदार द्वारा नाली भरने का आरोप लगाते हुये जांचोपरांत नाली निर्माण कराने व दोषी ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग किया है। आवेदन में कहा गया है कि पुतुर ग्राम में पानी निकासी के लिये पक्की नाली बनी थी। बाद में सड़क बनाने के नाम पर ठेकेदार द्वारा नाली को भर दिया गया, जिसके कारण वर्षा का पानी लोगो के घरों में घुस जा रहा है। ग्रामीणों ने सगमा बीडीओ को आवेदन देकर नाली बनवाने का आग्रह किया था। बीडीओ द्वारा कार्रवाई नही किये जाने पर विगत 12 मई को एसडीओ को भी आवेदन देकर नाली निर्माण कराने का अनुरोध किया था, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नही हुआ। भाकपा माले अनुमंडल इकाई ने पुनः एसडीओ को आवेदन देकर पानी निकासी के लिये अविलंब नाली निर्माण कराने तथा ठेकेदार पर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग किया है। नेताओ ने कहा है कि यदि नाली निर्माण कार्य नही कराया गया तो विवश होकर भाकपा माले अनुमंडल कार्यालय का घेराव करने को बाध्य होगी। मांग करने वालों में किशोर कुमार, जिला कमिटी सदस्य कामेश्वर विश्वकर्मा, सदानन्द यादव व रामचन्द्र उरांव के नाम शामिल है।

# प्रियंका ने किया दो योजनाओं का शिलान्यास




प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरा :** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के पंचायत सरैया की मुखिया प्रियंका कुमारी ने 15वी वित्त योजना के तहत दो योजनाओं का शिलान्यास किया मुखिया ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आवश्यकता अनुरूप हर गली में सड़क नाली पेयजल व्यवस्था कुआं इत्यादि का निर्माण धीरे-धीरे करवाया जाएगा। पंचायत स्तर के सर्वजनिक योजनाएं के ऊपर भी तेजी से कार्य किया जाएगा। पंचायत क्षेत्र की सम्मानित जनता अपनी जरूरत के अनुरूप हमें योजनाएं लिखवाए ताकि हम उन समस्याओं को प्रखंड स्तर जिला स्तर एवं राज्य स्तर तक आपकी आवाज बनकर पूरा करवाएं। वही ग्रामीणों को बताया कि पंचायत क्षेत्र में 2 स्वास्थ्य उप केंद्र तथा एक आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण करवाया जा रहा है हर घर नल योजना के तहत भी कार्य करवाए जा रहे हैं आप सभी अपनी समस्याओं से अवगत कराएंगे तभी तो मैं निदान निकालने की कोशिश करूंगी। मौके पर वार्ड सदस्य महेंद्र पाल बिंदु भुइया मुनेश्वर भुइयां बसंत भुइया गणेशराम नंदू भुइया दिनेश सिंह सागर सिंह मलखान सिंह नितेश सिंह प्रिंस कुमार समेत अन्य दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# जासीम की मौत से सदमे में है पूरा परिवार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हरिहरगंज :** नगर पंचायत क्षेत्र के सियरभूंका गांव निवासी रफीक अंसारी के पुत्र जासीम अंसारी (32) की मौत के बाद पूरा परिवार सदमे में है। मृतक की पत्नी सहित दो छोटे-छोटे बच्चों का रो रोकर हाल बेहाल है। वह अपने छह भाईयों में सबसे छोटा था तथा मजदूरी कर परिवार का भरणपोषण करता था। वित्तीय वर्ष 2020-21 में शहरी आवास योजना के लिए उसके नाम का चयन हुआ था। दो लाख पच्चीस हजार रुपए की लागत से निर्माण के लिए आवास योजना में प्रथम किस्त की राशि के रूप में उसे 45 हजार रुपए मिले थे। इस बीच योग्य लाभुक की जांच के लिए प्रतिनियुक्त पदाधिकारी ने भौतिक सत्यापन के दौरान उसका पूर्व से पक्का मकान होने की रिपोर्ट दर्ज कर दी। जिसके बाद से उसके आवास निर्माण कार्य की प्रक्रिया रोक दी गई तथा नगर पंचायत की ओर से पूर्व में मिले राशि के रिकवरी का आदेश निर्गत किया गया । मृतक की पत्नी जैदा खातुन ने बताया कि वह अपने पति के बड़े भाई मो0 मिनहाज के घर में रहती थी। उसके हिस्से में घर के समीप परती जमीन मिली थी। एक ओर पति के बड़े भाई का मकान खाली करने का दबाव था तो दूसरी ओर अधिकारिक आदेश। करीब एक वर्ष तक नगर पंचायत कार्यालय के चक्कर काटने के बाद भी समस्या ज्यों की त्यों बनी रही। तब उसके पति प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को आयोजित विधायक की समीक्षा बैठक में इसकी शिकायत के लिए गये थे जहां उनकी मौत हो गई। उसने बताया कि अधिकारियों के गलत कार्यशैली से आहत होने से उसकी मांग सूनी हो गई और बच्चों के सर से पिता का साया छिन गया।

## श्री 1008 श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज ने लोगो को लालच नही करने को कहा



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री 1008 श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज ने प्रखंड के पाल्हे-जतपुरा गांव में आयोजित यज्ञ स्थल पर मिलने आए लोगों को समझाते हुए कहा कि धन के लालच में किसी के साथ विश्वासघात नहीं करनी चाहिए. हो सकता है थोड़े से धन में काम चलाना पड़े या थोड़ी सी परेशानी उठानी पड़े यह सही है. लेकिन सुख भोगने के लालच में अगर किसी मित्र साथी के साथ या किसी भी व्यक्ति के साथ धन के लोभ में विश्वासघात किया जाए यह कदापि उचित नहीं है। इससे बहुत बड़ा दोष लगता है. भागवत कथा अनुष्ठान पूर्वक सुनने पर कल्याण होता है। कथा सुनने के समय सांसारिकता से अलग एकाग्रचित्त होने पर फल प्राप्ति होती है। भगवान की कृपा होने पर पति-पत्नी में मधुरता रहती है. यदि पत्नी कर्कशा हो और घर में बच्चों की किलकारी भी नहीं हो, तो सुख-शांति नहीं रहती. उन्होंने कहा कि जो पाप दुराग्रह के साथ हो, वह महापाप है. ब्राह्मण, गाय, परिजन और महापुरुषों की हत्या और विश्वासी के साथ विश्वासघात करना महापाप की श्रेणी में आता है. शराब पीने, जुआ खेलने, हत्या करने और न्यायालय में मुकदमा करने वाले की संपति प्रायः नष्ट हो जाती है। इन कारणों से प्राप्त गरीबी का समाज उपहास करती है, क्योंकि अपनी गरीबी और बेबसी का कारण भी ये स्वयं होते हैं। ऐसे लोगों के प्रति किसी का दयाभाव नहीं होता। ये साधन का दुरुपयोग और दुराग्रह युक्त पाप के भागी होते हैं। उन्होंने कहा कि मांस, मनुष्य के लिए उचित नहीं. मांस खाने के लिए परपोषी जीवों का कुतर्क नहीं देना चाहिए. मुनष्य के शरीर की संरचना परपोषी जीवों से अलग है.अगर मुनष्य छः माह कच्चा मांस खा ले तो चर्म रोग के साथ ही उसका पाचन तंत्र बुरी तरह कुप्रभावित हो जाएगा. अपने स्वार्थ और गलत इच्छा की पूर्ति के लिए कुतर्क का सहारा नहीं लेनी चाहिए।

## झारखंड पार्टी ने रामजड़ी गांव में चलाया सदस्यता अभियान, भाजपा, कांग्रेस छोड़ लोग हुए शामिल

प्रभात मंत्र संवाददाता



**सिमडेगा :** झारखंड पार्टी विधानसभा चुनाव 2024 की तैयारियों में पूरी तरह से जुड़ चुकी है और इसी को लेकर बुधवार को कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के राम जोड़ी गांव में झारखंड पार्टी की ओर से सदस्यता अभियान चलाया गया इस मौके पर झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का शामिल हुए मौके पर झापा युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का सहित पार्टी के कई अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। सर्वप्रथम लोगों की समस्याओं को सुना गया जिसमें बिजली पानी सड़क सहित कई प्रकार की समस्या शामिल रहे जिन्हें जल्द से जल्द दूर करवाने की आश्वासन दिए। पूर्व मंत्री ने कहा कि झारखंड पार्टी एक ऐसी पार्टी है जहां पर सभी धर्मों का सम्मान किया जाता है। झारखंड पार्टी में भेदभाव ऊंच-नीच और संप्रदाय विशेष को लेकर कार्य नहीं करती है बल्कि सभी लोगों का विकास में विशेष फोकस रहता है। झारखंड पार्टी हमेशा लोगों के मूलभूत सुविधाओं को किस प्रकार से पूरा करना है इस पर विशेष ध्यान देते हुए काम किया है मेरे मंत्री रहते हुए इस क्षेत्र में चौमुखी विकास किया गया था जो कि मेरे जाने के बाद पूरी तरह से रुक गई है यहां की जनता अपने आप को ठगा महसूस कर रही है वर्तमान जनप्रतिनिधि क्षेत्र के लोगों के भावनाओं को चलने का काम किया है। इसलिए अब वक्त आ गया है कि आप सभी लोग झारखंड पार्टी का दामन थाम कर पार्टी को मजबूती प्रदान करें और 2024 के चुनाव में इस क्षेत्र में एक बार फिर से झारखंड पार्टी को सेवा करने का मौका दे इधर झारखंड पार्टी की नीति सिद्धांतों से प्रभावित होकर दर्जनों लोगों ने भाजपा एवं कांग्रेस छोड़ झापा का दामन थामा।

# समाज में ब्याप्त बुराइयों को दूर करने को लेकर मंथन करें युवा : विधायक भूषण बाड़ा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** पाकरटाड़ प्रखंड के ठेठईटागंर मण्डली स्थित जीईएल चर्च केउदंडीह पद्रीपन का 45वा युवा सम्मेलन सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। विधायक ने कहा कि युवाओं को संगठित करने के लिए सम्मेलन का आयोजन सराहनीय पहल है। ऐसे आयोजन से समाज के युवा संगठित होते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन के माध्यम से युवा वर्ग समाज में ब्याप्त बुराइयों को दूर करने को लेकर भी मंथन करें। गरीब बच्चो को शिक्षा देने के लिए युवा वर्ग पहल करें। आज हमारी भाषा संस्कृति बिलुप्त हो रही है। लोग आधुनिकता के दौर में सबकुछ भूलते जा रहे हैं। युवा वर्ग ही इसको बचा सकता है। युवा वर्ग आगे बढ़ें और भाषा संस्कृति को बचाने के लिये पहल करें। मौके पर बिशप मुरेल बिलुंग, पादरी विभव केरकेट्टा, जिप सदस्य जोसिमा खाखा, जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, जिला उपाध्यक्ष अजीत लकड़ा, मंडल अध्यक्ष नीमरोद एक्का, पादरी एभामानी किंडो, पादरी जेम्स जोजो, कांडीदत अंजोर डुंगडुंग, योटम केरकेट्टा, पहियास कुजूर, ग्लेड्सन सोरेंग, सिब्लम हेमरोम, शीतल लकड़ा,संगीता लकड़ा, प्रचारक नॉवेल मिंज सहित भारी संख्या में मसीही विश्वासी और युवा युवती शामिल थे।

# पीएम आवास योजना की किस्त रोकने वाले अधिकारी पर होगी कार्रवाई : कमलेश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हरिहरगंज :** विधायक कमलेश कुमार सिंह ने सियरभूंका गांव निवासी जासीम अंसारी की मौत की खबर मिलने के बाद समीक्षा बैठक स्थगित कर मृतक के स्वजनों से मिलने उनके घर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जासीम अंसारी को प्रखंड कार्यालय जाने का कारण जाना तो ग्रामीणों ने बताया कि उक्त व्यक्ति पीएम आवास योजना शहरी का लाभुक था। उसे आवास निर्माण के लिए सिर्फ एक किस्त का भुगतान प्राप्त हुआ था। शेष किस्त के भुगतान पर रोक लगा दिया गया था। विधायक ने कहा कि जिस अधिकारी या कर्मचारी ने जासीम अंसारी के भुगतान पर रोक लगा कर उसे परेशान किया है जांचोपरांत कार्रवाई की जाएगी। विधायक श्री सिंह ने बताया कि वर्ष 2022 के बजट सत्र में हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2021-22 में स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के संदर्भ में प्रश्न किया गया था। इसपर सरकार ने सदन में जवाब दिया है कि अहर्ता रखने वालों का ही पीएम आवास शहरी स्वीकृत किया गया है। फिर उसके भुगतान पर रोक कैसे लगाया जा सकता है। इसपर स्थानीय विधायक श्री सिंह ने एनसीपी के प्रखंड अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि को अधिकारियों से मिलकर एक सप्ताह के अंदर सभी का भुगतान कराने का निर्देश दिया था। जब सरकार सदन में कहती है कि सभी योग्य लाभुकों का चयन किया गया है, तो नगर पंचायत कार्यालय के किस अधिकारी या कर्मचारी के द्वारा नीजी स्वार्थ की पूर्ति को लेकर भुगतान पर रोक लगाया गया। विधायक श्री सिंह ने कहा कि जासीम अंसारी के संदर्भ में विधान सभा के प्रश्नोत्तर का हवाला देते हुए नगर विकास के वरीय अधिकारियों को अवगत कराऐंगे तथा सभी का भुगतान कराने का काम करेंगे। विधायक श्री सिंह ने कहा कि भ्रष्ट अधिकारी एवं कर्मचारी सुधर जाएं। गरीब जनता को परेशान करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ एनसीपी सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ने को तैयार है। मालूम हो कि मंगलवार को विधायक प्रखंड सभागार में सभी विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। तभी प्रखंड परिसर में अचानक जासीम की मौत हो गई थी।

## कुशदण्ड पंचायत के कुशमाहा टोला में लगे पांच में से पांचो चापानल खराब

- कुशमाहा टोला आदिवासी बाहुल्य टोला, पर कोई नही सुन रहा है उनकी पुकार
- लपलपाती धूप और भीषण गर्मी में 500 से 700 मीटर दूर से पीने का पानी लाने को मजबूर ग्रामीण
- कर्मी चापानल बनाने के लिए ग्रामीणों से मांगते है पैसा
- लगभग 1000 हजार की आबादी पर मात्र पांच चापानल




प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के कुशदण्ड पंचायत अंतर्गत कुशमाहा टोला में लगे सभी पांचो चापानल विगत छः माह से खराब होने के कारण ग्रामीणों को पेयजल के लिये भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.ग्रामीणों के अनुसार स्वच्छता पेयजल विभाग द्वारा आदिवासी टोला में सोलरयुक्त पानी टंकी लगाया गया है जो विगत कुछ महीने से खराब पड़ा है.वहीं स्वच्छता पेयजल विभाग द्वारा लगाये गये तीन चापानल व पंचायत द्वारा लगाये गये दो चापानल भी विगत छः माह से खराब है.ग्रामीणों ने बताया कि काफी प्रयास के बाद विगत चार जून को स्वच्छता पेयजल विभाग द्वारा मिस्त्री को भेजा गया था.मिस्त्री द्वारा सोलरयुक्त पानी टंकी में मोटर का कनेक्शन काटकर चापानल का पाइप व मूडी खोलकर अलग करने के बाद आदिवासी ग्रामीणों से एक हजार रुपये की मांग किया गया.राशि नही देने पर कर्मियों ने उसी तरह छोड़कर व अपना समान लेकर चल दिये। जानकारी देते हुये ग्रामीण विश्वनाथ उरांव, नाजिर अंसारी, जमालुद्दीन अंसारी, कुदरत अंसारी, परमेश्वर उरांव, जितेंद्र उरांव, कामेश्वर उरांव, जयकुमार उरांव, दीपक उरांव,सावित्री देवी, कमलावती देवी, सुनीता देवी, सबिता देवी, रीना देवी, तेतरी देवी, अनिता देवी,ममता देवी सहित बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें पेयजल के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.लगभग आधा किलोमीटर दूर से वे लोग पीने का पानी लाते हैं। **स्वच्छता पेयजल विभाग द्वारा चापानल मरम्मति कराने वाले संवेदक सूर्यदेव :** से आदिवासी ग्रामीणों से चापानल मरम्मति के नाम पर एक हजार रुपये मांगे जाने के सम्बंध में पूछे जाने पर उसने कहा कि चापानल में दो इंच का सिलेंडर लगता है, जबकि विभाग द्वारा उन्हें ढाई इंच का सिलेंडर मिला है.सिलेंडर मंगाने के लिये मिस्त्री द्वारा कहा गया था.राशि मांगने की बात गलत है.उन्होंने कहा कि सभी खराब चापानल कल तक बनवा दिया जायेगा। **स्वच्छता पेयजल विभाग के कनीय अभियंता भरत प्रसाद :** ने इस सम्बंध में बताया कि चापानल खराब होने की सूचना मिली है। समान मंगा लिया गया है। गुरुवार को हरहाल में चापानल बनवा दिया जायेगा।

## झलकियां

### 15 से 18 जून तक चलेगा लेप्रोसी जागरूकता अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** सिविल सर्जन सभागार में आईडीएसपी अंतर्गत आईएचआईपी की ट्रेनिंग सभी लैब टेक्नीशियन एवं कंप्यूटर ऑपरेटर को दिया गया.साथ ही साथ सदर अस्पताल सभागार में सभी एएनएम एवं जीएनएम को परिवार नियोजन कार्यक्रम अंतर्गत छाया एवं अंतरा का प्रशिक्षण भी दिया गया। लेप्रोसी खोज अभियान जो कि 15 जून से लेकर के 28 जून तक जिले में चलाया जाना है। इससे संबंधित सभी साहिया को प्रशिक्षण दिया गया ताकि घर घर जाकर लेप्रोसी के मरीजों को खोजा जा सके।

### जूट मित्र का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के द्वारा जूट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के आई केयर परियोजना के अंतर्गत पाकुड़ सदर प्रखंड सभागार में जूट मित्र का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। विगत 20 फरवरी को राष्ट्रीय जूट महोत्सव के अवसर पर चास हाट फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड एवं जूट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के तहत समझौता किया गया था। इसी समझौता के तहत किसानों को प्रशिक्षण, अनुदान आधारित बीज, मशीन एवं उपकरण तथा उत्पादों को खरीदने हेतु कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इसी के तहत प्रखंड सभागार कक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ पुरुषोत्तम हरि,जूट कारपोरेशन ऑफ इंडिया के सहायक प्रबंधक संचालन,बीपीएम फैज आलम, ब्लॉक सुपरवाइजर आई केअर के इसरार अहमद खान के द्वारा किया गयामौके पर उपस्थित प्रशिक्षक इसरार अहमद के द्वारा भुवन जम्प एप्प पर विस्तारपूर्वक तकनीकी जानकारी सभी को दिया गया तथा जूट बीज़ उपचार, लाइन शोइंग पद्धति,सीड ड्रिल मशीन से बीज की बुआई, साइकिल वीडर के द्वारा निराई करना इत्यादि बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक अहम जानकारी सभी जूट मित्र को दिया गया।प्रशिक्षक प्रभाकर के द्वारा आई केयर परियोजना के प्रमाणित बीज, पंक्तिवत्त तरीके से बीज की रोपाई, जूट फसल में लगने वाली रोगों की निराकरण की उपाय आदि बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया।

### शत-प्रतिशत गड्ढा नहीं खोदे जाने पर जेई तथा एई का वेतन रोकने का दिया निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** बुधवार को समाहरणालय स्थित सभागार में उप विकास आयुक्त शाहिद अख्तर की अध्यक्षता में मनरेगा व आवास योजना की समीक्षा।समीक्षा के क्रम में सर्वप्रथम मनरेगा योजना की समीक्षा की गई। जिसमें बिरसा हरित ग्राम योजना में योजनाबद्ध तरीके से गड्ढा खुदाई पूर्ण करने हेतु गड्ढा खोदो अभियान कार्यक्रम 1 जून से 4 जून तक में शत-प्रतिशत गड्ढा नहीं खोदे जाने पर नाराजगी जाहिर किया। डीडीसी अभियान में कम प्रगति वाले प्रखंड यथा- अमड़ापाड़ा, पाकुड़िया, हिरणपुर एवं पाकुड़ के जे.ई तथा ए.ई के वेतन पर अगले आदेश तक रोक लगाते हुए बचे हुए कार्य को तीन-चार दिनों में पूर्ण करने का निर्देश दिया।इसके पश्चात उप विकास आयुक्त शाहिद अख्तर ने कम मानव दिवस सृजन पर असंतोष जाहिर करते हुए कार्य में प्रगति लाने का निर्देश सभी बीडीओ को दिया।

# प्रखंड में पेयजल के लिए त्राहिमाम, विभागीय प्रयास नाकाम!

## सिस्टम की कार्य संस्कृति से आक्रोशित हैं पीड़ित ग्रामीण





प्रभात मंत्र संवाददाता

**अमड़ापाड़ा(नि सं) :** यह जानते हुए कि सड़क जाम करना कानूनन अपराध है।फिर भी,प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों के ग्रामीणों द्वारा अक्सर सड़क जाम यहां की आम समस्या बन गई है।न चाहते हुए भी समस्या के परिप्रेक्ष्य में सड़क पर उतरना ग्रामीणों की विवशता बन गई है। वो प्रशासन पर दवाब बनाने को ले सड़क जाम को अंतिम वैकल्पिक हथियार मान बैठते हैं। यहां, सड़क अवरुद्ध कर रहे महिला-पुरुषों का यह मानना है कि अबतक सरकार , प्रशासन अथवा विभाग हमलोगों को शुद्ध पेयजल तक मुहैया नहीं करा पाई है। सिस्टम का ध्यान अपनी ज्वलंत समस्या की ओर खींचने के लिए हमलोगों को सड़क पर बैठना पड़ता है।हालांकि,अक्सर मुख्य पथ को अमूमन दो- चार घंटों तक अवरुद्ध किए जाने से वाहनों की कतार लंबी हो जाया करती है। इस भीषण गर्मी में मुसाफिरों को विशेष परेशानी का सामना करना पड़ जाता है।यहां ताजातरीन इस मामले में प्रखंड के जड़ाकी पंचायत के चटरापहाड़-पहाड़िया टोले के आदिम जनजाति समुदाय के सैकड़ों ग्रामीण पानी की समस्या से निजात दिलाने की मांग को लेकर बिशनपुर गांव के पास बुद्धवार को दुमका-पाकुड़ और साहिबगंज हाईवे को अवरुद्ध कर दिया। मार्ग पर करीब तीन घंटे तक आवाजाही बाधित रही । वहीं सड़क पर उतरी महिलाओं ने बताया कि इस गांव में पानी की समस्या नई नहीं है। हर साल गर्मी के मौसम में पानी के लिए त्राहिमाम की स्थिति बन जाती है। हम लोग गांव से दूर बिशनपुर के निकट सड़क किनारे वर्षों पुराने कुआं का खुला पानी पीने को मजबूर है। बताया कि कुएं का पानी भी गंदा हो चुका है। हमारी समस्या को देखने-समझने वाला कोई नहीं. मजबूर, सड़क पर उतरे हैं।उधर सूचना यह भी है कि निकट के पचुआड़ा पंचायत के टूटरापहाड़ गांव के पहाड़िया ग्रामीण भी सड़क पर बैठने के मूड में हैं। इस गांव के सात टोलों में भी पेयजल की भयंकर समस्या है।

**स्थानीय प्रशासन के पहुंचने के बाद खत्म हुआ सड़क जाम**

*खबर मिलते ही बीडीओ सह सीओ कुमार देवेश द्विवेदी और पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना इंचार्ज गोपाल कृष्ण यादव जाम स्थल पर पहुंचे । ग्रामीणों को समझाया। अंततः तीन घंटो के बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम को खत्म कर दिया। बीडीओ ने बताया कि क्षेत्र में पानी की समस्या तो है। इस परेशानी को देखते हुए इस गांव में डीप बोरिंग करा पीएचईडी के द्वारा हर घर, नल जल योजना के तहत डीप बोरिंग कराई जाएगी। इस पर शीघ्र पहल करने का निर्देश विभागीय अभियंता को दे दिया गया है ।*



# मन का मिलन पखवाड़ा से न्यायिक प्रक्रिया की तुलना में शीघ्र वादों का होता है निष्पादन : प्राधिकार

**मध्यस्थता से अपनाए शीघ्र निष्पक्ष न्याय पाए**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बाल कृष्ण तिवारी की अध्यक्षता में मन का मिलन पखवाड़ा कार्यक्रम चलाया गया। सचिव शिल्पा मुर्मू के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी प्रखंडों में आगामी 14 जून तक जागरूकता अभियान चलाया जाना है।7 जून बुधवार को मध्यस्थता केंद्र में पैनल अधिवक्ता धर्मेंद्र सिंह ने इस कार्यक्रम के माध्यम से जागरुक करते हुए कहा कि मध्यस्थता के माध्यम से विवादो के हल एक सरल सुलभ वादों का निष्पक्ष निष्पादन है। इसके तहत् आपकी बातो को पूर्णतः गोपनीय रखी जाती है।व्यक्तिगत संबंधों की रक्षा होती है।समय और धन की बचत होती है। जहां समस्या होती, विवाद होती है उसका हल भी है। इसके लिए दोनों पक्षों के सहमति जरूरी है।पक्षकार अपने आवेदन सम्बंधित न्यायलय में अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ में दे सकते है। इस कार्यक्रम के तहत् मेडियटर सुमित्रा रानी सिंह ने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया की तुलना में मध्यस्थता द्वारा शीघ्र वादों का निष्पादन किया जाता है। इसका लाभ लेने हेतु आगे आए और वादों को खत्म कर आपसी संबंध को सुरक्षित रखें। महेशपुर प्रखंड परिसर अंतर्गत लीगल एड क्लिनिक पीएलवी चंदन रविदास ने मध्यस्थता पर प्रकाश डालते हुए जागरूक किया। वही पाकुड़ प्रखंड के कुमारपुर में पीएलवी याकुब अली ने प्राधिकार से मिलने वाली कानूनी सुविधा से अवगत कराया। पीएलवी कमला राय गांगुली ने रेलवे स्टेशन पर यात्री एवं मजदुर वर्ग के लोगों के बीच कानूनी जानकारी दी। मौके पर पीएलवी पिंकी मंडल, खुदू राजवंशी, उत्पल मंडल, मैनुल शेख, नीरज कुमार राउत उपस्थित रहे।

# निर्माणाधीन ईवीएम वेयर हाउस का उप निर्वाचन पदाधिकारी ने किया निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** विभिन्न चुनाव कार्य में इस्तेमाल होने वाले ईलेक्ट्रानिक वोटिंग मशिन (ईवीएम) को सुरक्षित रखने के लिए जिले में निर्माणाधीन वेयर हाउस का बुधवार को उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रमोद कुमार दास ने निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न कमरों व अन्य संरचना का जायजा लिया। उप निर्वाचन पदाधिकारी ने जनरेटर शेड बनाने का निर्देश जेई को दिया। वेयर हाउस का लगभग कार्य पूर्ण हो गया है। आने वाले निर्वाचन कार्य में उक्त वेयर हाउस का इस्तेमाल किया जा सके।

# पाकुड़ जिला को टीबी मुक्त करने के लिए सदस्यों ने लिया शपथ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** उप विकास आयुक्त पाकुड़ शाहिद अख्तर की अध्यक्षता में बुधवार को पाकुड़ समाहरणालय सभा कक्ष में जिला यक्ष्मा केंद्र पाकुड़, जिला पंचायत राज एवं पिरामल स्वास्थ के संयुक्त प्रयास से टी. वी. मुक्त ग्राम पंचायत को लेकर एक बैठक का आयोजन हुआ। जिसमे सभी प्रखंडो के प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, पंचायत राज के प्रखंड समन्वयक, सभी प्रखंड के एसटीएस शामिल हुए। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ विभाग एवं पंचायत राज संस्थाओ को टी. वी. से जुड़ी समस्याओ की सीमा और परिणाम को महसूस करने,उन्हें हल करने की दिशा में आवश्यक कार्य करने, पंचायतों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा पैदा करना और उनके योगदान की सराहना करने के लिए सशक्त बनाना है।साथ ही पंचायत को टी. वी. मुक्त करने में पंचायत राज और जिला यक्ष्मा केंद्र पाकुड़ युद्ध स्तर पर साथ मिलकर कार्य करेगी।जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ एहतेशामुद्दीन ने पाकुड़ जिले में टी. वी की वर्तमान स्थिति से सभी को अवगत कराया। साथ ही जिला यक्ष्मा केंद्र पाकुड़ एवं जिला पंचायत राज मिलकर पाकुड़ को टी. वी मुक्त करने के लिए रणनीति को बताया गया।जिसमे टी. वी. के नये मरीजों की खोज, सामुदायिक जागरूकता एवं सहायता गतिविधियों को बढाना शामिल है।अंत में सभी सदस्यों ने पाकुड़ जिला को टी. वी. मुक्त करने हेतू शपथ लिए।उक्त बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी हरिवंश पंडित, जिला पंचायत राज पदाधिकारी महेश कुमार राम, सभी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी,प्रभारीचिकित्सा पदाधिकारी, डीपीसी गौरव कुमार, डीपीपीएमसी सुशांत दुबे, पिरामल स्वास्थ के मनोज एवं अर्जुन दास शामिल हुए।

# चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो अभियान के तहत महावारी स्वच्छता प्रबंधन के लिए किया जा रहा प्रचार-प्रसार

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पाकुड़ :** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत जिला जल एवं स्वच्छता समिति पाकुड़ द्वारा चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो अभियान के तहत माहवारी स्वच्छता प्रबंधन हेतु जन जागरूकता रथ (ऑडियो विजुअल) प्रखंड के महेशपुर के विभिन्न ग्रामों में प्रचार-प्रसार के माध्यम से ग्राम स्तर पर ग्रामीणों को जागरूक की जा रही है। जिसका मुख्य उद्देश्य है कि सुरक्षित महावारी प्रबंधन एवं किशोरियों की उत्तम स्वास्थ्य बनाना है।विभाग के सक्रिय प्रयास से विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों तथा स्वास्थ्य केंद्रों में वास सुविधा और सेवाओं के सुदृढ़ीकरण बेहतर प्रबंधन के साथ-साथ व्यापक स्तर पर व्यवहार परिवर्तन भी सुनिश्चित की जा सके। जिसके तहत जन जागरूकता क्षमता वर्धन तथा ओडीएफ प्लस की स्थिति को बनाए रखने हेतु महावारी ठोस अपशिष्ट निपटान के कार्यो को गति दी जा सके। साथ ही पैड कपड़ा इत्यादि बदलने से पहले और बाद में अपने हाथों को साबुन से धोना, माहवारी के दौरान रोज स्नान करना, महामारी के पहले और दौरान घर से बाहर अतिरिक्त पैड ले जाएं।दाग और दुर्गंध से बचने के लिए हर 5 से 8 घंटे में सेनेटरी पैड या कपड़े को बदले। वही कपड़े का दोबारा इस्तेमाल ना करें। प्रचार प्रसार के क्रम में पंचायत शहर ग्राम में ऑडियो और वीडियो में स्वच्छता रथ के द्वारा महामारी स्वच्छता प्रबंधन से संबंधित छोटी-छोटी फिल्म चलाई गई। जिसमें जिला समन्वयक इमरान आलम (आईईसी), शहर ग्राम की जलसहिया रुकमणी देवी,स्वयं सहायता समूह के दीदी सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# समेकित पोषक तत्व प्रबंधन विषय पर आधारित 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**महेशपुर :** कृषि विज्ञान केंद्र महेशपुर में समेकित पोषक तत्व प्रबंधन विषय पर आधारित 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन बुधवार को किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम 22 मई 2023 से 5 जून 2023 तक चला। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य युवकों को पौधे में उपयोग होने वाले मुख्य पोषक तत्व की जानकारी उपलब्ध कराए गया ताकि भविष्य में इस प्रमाण पत्र के द्वारा उर्वरक अनुज्ञप्ति लेकर या नवीनीकरण कर इससे रोजगार के रूप में अपना सके। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 42 प्रशिक्षणार्थी ने भाग लिया एवं परीक्षा में उत्तीर्ण कर प्रमाण पत्र प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षकों को विभिन्न विषयों जैसे पौधों के लिए आवश्यक पोषक तत्व की उपलब्धता एवं उसका महत्व पौधे में दिख रहे विशेष लक्षण के अनुसार उसे हुए पोषक तत्व की कमी की पहचानना,पोषक तत्वों की विशेषता के कारण पौधों की वृद्धि एवं उत्पादन में कमी आवश्यक पोषक तत्व की विशेष मात्रा व स्थानांतरण की विधि पूर्वक उर्वरक में प्रमुख मिलावट की पहचान,गोबर खाद,कंपोस्ट वर्मी, कंपोस्ट जैविक खेती,जीवाणु खाद की महत्व व विभिन्न प्रकार के जीवाणु खाद जैसे दलहनी पौधों के लिए राइजोबियम,धान के लिए नील हरित शैवाल या अजोला,गेहूं ,मक्का ज्वार या अन्य पौधों जैसे गोभी, टमाटर,मिर्च, बैगन आदि के लिए एवोरेबैकटर या पीएसबी का प्रयोग करने की विधि बताया गया। जिसमें कि वे मिट्टी और वातावरण में बिना नुकसान पहुंचाए हुए 10 से 15त्न उपज बढ़ा सकें। उन्हें मृदा जांच हेतु मिट्टी के नमूने लेने की विधि भी बताया गया साथ ही मुख्य फसलों के लिए अनुशंसित पोषक तत्वों की मात्रा देने की भी प्रक्रिया भी बताया गया। प्रशिक्षण देने में मुख्य रूप से मृदा वैज्ञानिक डॉ विनोद कुमार, डॉ संजय कुमार सुरेंद्र सिंह मुंडा व डॉ पीके शनिगृही के द्वारा दी गई। प्रशिक्षण में कृषि विज्ञान केंद्र महेशपुर के राहुल भट्टाचार्य, मदन मोहन मिश्रा, कोर्नेल हेंब्रम, एवं बुधु ने विशेष रूप से सहयोग किया।

# अनियमित बिजली पर आक्रोश : आजसू ने कहा अपनी कुर्सी की पेटी बांध लो मौसम बिगड़ने वाला है

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पाकुड़ :** ग्रामीण क्षेत्र में बिजली समस्या और भीषण गर्मी के मौसम में बढ़ती बिजली की किल्लत ने लोगों को परेशान कर दिया है। जनप्रतिनिधियों के उदासीनता के कारण जनता परेशान है।सांसद व विधायक इसपर को रुचि नही ले रहा है। वैसे नेताओं का आमजनता से कोई सरोकार नही है। इस लिए पाकुड़ की जनता ने इसबार सबक सिखाने के लिए ठान लिया है। आजसू जिला अध्यक्ष ने कहा की इसबार पाकुड की जनता ने ठान लिया है। इसबार विधानसभा का मौसम बिगड़ने वाला है इस लिए नेता अपनी कुर्सी का पेटी बांध लें।स्थिति ये है कि रात के साथ दिनभर बिजली की आंख मिचौली से लोग परेशान हैं। हजारों लोग बिजली संकट से जूझ रहे है। मंगलवार को भी उमस भरी गर्मी में दिनभर बिजली की कटौती जारी रहने से लोग परेशान रहे। शहरी इलाकों के साथ देहाती क्षेत्र के लोगों को भी बिजली सप्लाई नहीं मिल रहा है। जिसके कारण लोगों का रात का सोना एवं बच्चों का पढ़ना मुश्किल हो गया है। पाकुड़ का जनप्रतिनिधियों के उदासीनता के कारण जनता परेशान है। जनता इसे याद रखेगी और 2024 में विधायक और सांसद को आइना दिखाने का काम करेगा।

# डीसी ने स्टेडियम का किया औचक निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** उपायुक्त वरुण रंजन ने बैंक कॉलोनी स्टेडियम एवं रानी ज्योतिर्मयी स्टेडियम का किया औचक निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त वरुण रंजन ने बताया कि स्पोर्ट्स एकेडमी का शुरुआत किया गया है। उसका इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस किया जा रहा है। जैसे जैसे बच्चे प्रशिक्षण ले रहे हैं तो बच्चों के रिलेटेड इंफ्रास्ट्रक्चर चाहिए जिससे कि बच्चे क्वालीफाई कर सकें।रानी ज्योतिर्मयी स्टेडियम में क्रिकेट ग्राउंड एवं पिच को बेहतर करने की कोशिश किया जा रहा है। साथ ही साथ बैंक कॉलोनी स्टेडियम में स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का प्रपोज किया गया है। उसमें वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, टेनिस कोर्ट इन सभी चीजों की सुविधाएं दी जाएगी। मौके पर डीआरडीए निदेशक -सह-जिला आपूर्ति पदाधिकारी संजय कुमार दास, कार्यपालक दंडाधिकारी आशुतोष, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, विशेष प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता अमरेन्द्र कुमार, एसएमपीओ पवन कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

## संपादकीय

# 'रेल कवच' कहां गया?

**यह** अंतिम रेल सफर साबित हुआ। बीते 30 सालों में ऐसी घोर भयावह, जानलेवा, त्रासद रेल दुर्घटना नहीं देखी गई। ओडिशा के बालासोर जिले की रेल दुर्घटना अपनी किस्म की अभूतपूर्व त्रासदी है। वैसे यह तीसरा सबसे बड़ा, भयानक और त्रासद रेल हादसा है, क्योंकि तीन रेलगाडियों की टक्कर अभूतपूर्व और अकल्पनीय है। रेल आम आदमी का आसान और सुरक्षित सफर माना जाता रहा है। दुर्घटनाएं भी कम हुई हैं। लाखों यात्री हररोज रेल के जरिए ही आवागमन करते हैं। देश का रेल रूट 68,103 किलोमीटर लंबा है। हम विश्वस्तरीय रेलवे हैं। बालासोर हादसे में 288 मौतें हो चुकी हैं और 1116 लोग घायल हैं। अस्पतालों में उनका इलाज जारी है। करीब 56-58 यात्रियों की हालत गंभीर बताई गई है, लिहाजा मौत का आंकड़ा बढ़ सकता है। हावड़ा से चेन्नई जाने वाली कोरोमंडल एक्सप्रेस ट्रेन में और बेंगलुरू से हावड़ा जाने वाली दुरंतो सुपरफास्ट रेलगाड़ी में सवार यात्री आश्वस्त थे। कोई अपने घर, गांव जा रहा था, तो किसी को अपने गन्तव्य तक पहुंचना था। किसी के घर में समारोह था अथवा किसी को मुद्दत के बाद परिजनों से मिलना था। तीन रेलगाडियों की टक्कर ने सब कुछ चकनाचूर कर दिया। किसी की बाजू रह गई, किसी की टांग ही शेष रही, तो किसी का चेहरा ही विकृत हो गया। यात्री बोगियों के बीच फंस गए, तो कुचले गए। टीवी चैनलों पर दृश्य देखे, तो मन विचलित हो उठा। वेदना ने तालू चिपका दिया। क्या भारतीय रेल इतनी असुरक्षित है? क्या किसी मानवीय चूक और मैकेनिकल नाकामी के कारण इतनी बड़ी और वीभत्स मानवीय त्रासदी हुई? क्या तकनीकी स्तर और रेलवे स्टेशन पर स्थित नियंत्रण-कक्ष की प्रौद्योगिकी में हम इतने अक्षम हैं कि रेल हादसे नहीं रोक सकते? इस हादसे पर 'एंटी कोलिजन डिवाइस' का मुद्दा पूर्व रेल मंत्री ममता बनर्जी ने उठाया है और विशेषज्ञ भी रेलवे के 'सुरक्षा कवच' पर सवाल कर रहे हैं। दरअसल यह 'कवच' 2020 में लागू किया गया था। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 'कवच' का परीक्षण और प्रयोग देखा था, तो खूब तालियां बजाई थीं और 'कवच' को संचालित करने वालों की पीठ थपथपाई थी। दरअसल इस 'कवच' की हकीकत यह है कि 31 दिसंबर, 2022 तक 1455 किलोमीटर रूट ही 'कवच' से कवर किया जा सका था। यानी 95 फीसदी से ज्यादा रेल रूट 'कवचहीन' है। देश में 13,215 रेल इंजन हैं। इनमें से सिर्फ 65 में ही 'कवच' की व्यवस्था है। रेल के 19 जोन में से 18 में एक भी 'कवच' सिस्टम नहीं है। विशेषज्ञ कह रहे हैं कि यदि 'कवच' होता, तो दूरंतो का इंजन 400 किमी पहले ही रुक जाता। रेल मंत्री के स्तर पर खूब दावे किए गए थे कि दो ट्रेरन की संभावित टक्कर को यह 'कवच' रोक सकता है, क्योंकि इसकी प्रौद्योगिकी दुर्घटना को भांप लेती है और ट्रेरन में स्वचालित ब्रेक लग जाते हैं। बहरहाल यह राजनीति और दोषारोपण का समय नहीं है। घोर त्रासद हादसा हुआ है। जो जिंदा हैं, उनका बेहतर इलाज किया जाए। यदि सरकार उन्हें कुछ मुआवजा देती है, तो कमोबेश भारत सरकार के खजाने से 'बूंद भर' राशि ही निकलेगी। कितनों को संबल मिलेगा और नए सिरे से सक्रिय होने का साहस भी मिलेगा, यह अनुभव प्रधानमंत्री मोदी को है। हादसों के बाद रेल मंत्रियों ने नैतिकता के आधार पर इस्तीफे दिए हैं, लेकिन यह कोई संवैधानिक बाध्यता नहीं है। मंत्री के इस्तीफे से त्रासदी की भरपाई नहीं की जा सकती। बेहतर होगा कि उच्चस्तरीय समिति और रेल सेफ्टी कमिश्नर की अलग-अलग जांच रपटें यथाशीघ्र सामने आ जाएं, ताकि जवाबदेही और जिम्मेदारी तय की जा सके।

हावड़ा से चेन्नई जाने वाली कोरोमंडल एक्सप्रेस ट्रेन में और बेंगलुरू से हावड़ा जाने वाली दुरंतो सुपरफास्ट रेलगाड़ी में सवार यात्री आश्वस्त थे। कोई अपने घर, गांव जा रहा था, तो किसी को अपने गन्तव्य तक पहुंचना था। किसी के घर में समारोह था अथवा किसी को मुद्दत के बाद परिजनों से मिलना था। तीन रेलगाडियों की टक्कर ने सब कुछ चकनाचूर कर दिया। किसी की बाजू रह गई, किसी की टांग ही शेष रही, तो किसी का चेहरा ही विकृत हो गया। यात्री बोगियों के बीच फंस गए, तो कुचले गए। टीवी चैनलों पर दृश्य देखे, तो मन विचलित हो उठा। वेदना ने तालू चिपका दिया। क्या भारतीय रेल इतनी असुरक्षित है? क्या किसी मानवीय चूक और मैकेनिकल नाकामी के कारण इतनी बड़ी और वीभत्स मानवीय त्रासदी हुई? क्या तकनीकी स्तर और रेलवे स्टेशन पर स्थित नियंत्रण-कक्ष की प्रौद्योगिकी में हम इतने अक्षम हैं कि रेल हादसे नहीं रोक सकते? इस हादसे पर 'एंटी कोलिजन डिवाइस' का मुद्दा पूर्व रेल मंत्री ममता बनर्जी ने उठाया है और विशेषज्ञ भी रेलवे के 'सुरक्षा कवच' पर सवाल कर रहे हैं।

## अनियंत्रित वाहन आगमन से फैलने वाले धुएं से स्थानीय स्तर पर तापमान वृद्धि की संभावना बढ़ जाती है

# जलवायु परिवर्तन और पर्वतीय आजीविका

कुलभूषण उपमन्यु



**विश्व** भर में पर्वतीय क्षेत्र अगम्यता और नाजुकता के कारण हाशिए पर रहते आये हैं। इस तथ्य को मान्यता देते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ ने 1992 के पर्यावरण और विकास पर आयोजित रिओ सम्मेलन में माउंटेन एजेंडा 21 के रूप में पर्वतीय क्षेत्रों के लिए एक विशेष अपील जारी की थी। पर्वतों को मानव जाति के लिए जल मीनार, जैव विविधता भंडार, पवित्र स्थल, पर्यटन के रूप में राहत स्थलों, सघन वनों और जलवायु नियंत्रण जैसी अनेक पर्यावरणीय सेवाओं के प्रदाता के रूप में मान्यता दी। इसके साथ ही वर्तमान विकास मॉडल में पर्वतों के साथ जो मुख्य धारा के विकास का रिश्ता बना वह आर्थिक रूप से असमान शर्तों पर स्थापित हुआ है। पर्वतीय संसाधनों पर मुख्य धारा अर्थतंत्र का कब्जा मजबूत होता जा रहा है, किन्तु उसके बदले पर्वतीय क्षेत्रों को जितना आर्थिक संबल वापिस मिलना चाहिए वह नहीं मिलता है। इसलिए विश्व भर के पर्वतों के लिए विशेष व्यवस्था विकसित किये जाने की बात कही गई। हरित प्रभाव गैसों के बढ़ते उत्सर्जन के कारण जलवायु परिवर्तन एक वास्तविकता बन गई है। पर्वतीय स्थलों के संरक्षण से जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों में कुछ राहत की सांस ली जा सकती है। भारतवर्ष के सन्दर्भ में हिमालय क्षेत्र की स्थिति से इस बात को समझा जा सकता है। वर्तमान विकास मॉडल के चलते हिमालय के संसाधनों का दोहन और विकास मैदानी क्षेत्रों की जरूरतों के हिसाब से किया जाता रहा है। बड़े बांध, सीमेंट और मेगा पर्यटन, वनों का दोहन आदि में स्थानीय हित कहीं अनदेखी का शिकार हो जाते हैं। भाखड़ा, पौंग बांधों के विस्थापित पांच दशकों तक भी पूरी तरह से पुनर्वासित नहीं हो पाए हैं। हिमाचल में बनने वाला सीमेंट जिसके लिए लोग विस्थापन का शिकार हुए, हिमाचल में महंगा मिलता है और हिमाचल से बाहर सस्ता। इसके लिए कई बहाने बनाए जा सकते हैं, जैसे ढुलाई सब्सिडी आदि, किन्तु अंतिम परिणाम तो यही है न कि हिमाचल का सीमेंट हिमाचलियों को महंगा मिलता है। इन बड़े प्रोजेक्टों से कोई रोजगार भी स्थानीय स्तर पर टिकाऊ रूप से पैदा नहीं होता है। पर्वतीय क्षेत्रों में खेती, बागवानी, पशुपालन, दस्तकारी, मधुमक्खी पालन, स्थानीय नदी-नालों से मछली पकडना आदि परंपरागत आजीविका के साधन रहे हैं। वर्तमान में नौकरी सबसे आकर्षक आजीविका के रूप में उभरा है, किन्तु नौकरी तो 2-3 फीसदी से ज्यादा के लिए संभव नहीं है। तो बाकी की आबादी को पर्वतीय संसाधनों के टिकाऊ उपयोग पर आधारित व्यवसायों पर निर्भर रहना पड़ेगा। इस दिशा में नए नवाचारों को लेकर गवर्नमेंट कॉलेज शाहपुर में उत्तर-पश्चिमी हिमालय में टिकाऊ आजीविका संवर्धन पर आयोजित 27 मई से तीन दिवसीय कार्यशाला में मुझे जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उसमें कुछ अच्छे सुझाव सामने आए, उन्हें भी यहां उद्धृत करना प्रासंगिक होगा। पर्यटन में रोजगार की पर्याप्त संभावनाएं हैं, किन्तु पर्यटन को जिम्मेदार बनाना होगा। मेगा पर्यटन कचरा लेकर आता है। सांस्कृतिक प्रदूषण भी एक खतरा हो सकता है। इनसे बचते हुए हिमालय की शुद्ध वायु, स्वच्छ जल, रमणीय भूदृश्य का लाभ लेकर, स्वास्थ्य-पर्यटन, ईको पर्यटन, साहसिक पर्यटन, होम स्टे आदि के माध्यम से जिम्मेदार पर्यटन के रूप में विकसित करके टिकाऊ आजीविका खड़ी की जा सकती है। हिमालय में ऐसे उत्पादों पर जोर देना चाहिए जो केवल यहां के वातावरण में ही हो सकते हों। जिसे हम निश उत्पाद कह सकते हैं, जिसमें बेमौसमी सब्जी आदि पर अच्छा काम हो रहा है। कुछ पहल सुगन्धित कृषि की दिशा में भी हो रही है। इस क्षेत्र में बहुत काम करने की जरूरत है। खास करके सुगन्धित एस्सेंशिय्ल तेलों के क्षेत्र में। फिलहाल पूरा साल काम देने वाली सुगन्धित फसलों के फसल चक्र को स्थापित करना होगा। सुगन्धित तेलों का अरबों करोड़ रुपए वैश्विक कारोबार है, जिसमें भारत का हिस्सा अभी नगण्य है। हिमालय में इसकी अपार संभावना है, जिसकी खोज की जानी चाहिए। आईएचबीटी पालमपुर इस दिशा में अच्छा काम कर रहा है, किन्तु इसको और ज्यादा बल प्रदान करने की जरूरत है। कुछ ऐसी परियोजनाओं पर काम करने के लिए इस संस्थान को बजट दिया जाना चाहिए जिससे हिमाचल और अन्य हिमालयी राज्यों के लिए उपयुक्त सुगन्धित फसलों का वर्षपर्यंत उत्पादन चक्र स्थापित करने की दिशा में काम हो और उत्पादों की लाभकारी बिक्री की व्यवस्था हो सके। स्वच्छ ऊर्जा की बढ़ती जरूरत के दृष्टिगत इस दिशा में भी काफी काम हो सकता है। हिमालय में चीड़ रोपण ने पर्वतीय चरागाहों और अन्य जैव विविधता को नष्ट किया है जिससे पशुपालन को बड़ा नुकसान हुआ है और इससे आम किसान को कोई आजीविका भी नहीं मिली है। यदि चीड़ की पत्तियों के ब्रिकेट्स बनाए जाएं तो चीड़ की पत्तियां वनों से निकाल कर वनों को आग से भी बचाया जा सकेगा और लोगों को भी काम मिलेगा। इस दिशा में कुछ पहल हो रही है जिसे जहां-जहां चीड़ के वन हैं वहां तक बढ़ाया जाना चाहिए। इसी कड़ी में बांस से एथनोल बनाने का काम है। बांस से गन्ने के मुकाबले दस गुणा ज्यादा एथनोल बनाया जा सकता है। और इसकी सिंचाई की भी जरूरत नहीं होती। हिमालय की तराई के क्षेत्रों में बांस सफलता से उगाया जा सकता है। इससे तराई के इलाकों में फैले भयंकर खरपतवारों को भी नियंत्रित किया जा सकेगा। हिमाचल सरकार कृषि अवशेषों से एथनोल बनाने की अच्छी पहल शुरू कर रही है किन्तु इसके साथ यदि बांस से एथनोल को जोड़ा जाए तो बहुत बड़े पैमाने पर एथनोल उत्पादन किया जा सकता है जिसकी मांग सतत रहने वाली है और बढ़ती जाने वाली है। औषधियों की खेती में भी कुछ संभावना है, बशर्ते उनके आर्थिक लाभ-हानि पक्ष को देख कर ही किसानों को सुझाव दिया जाए। हिमालय में वनाधिकार कानून 2006 को सही तरीके से लागू करके वनाधारित सामुदायिक आजीविका को बढ़ाया जा सकता है और वन प्रबन्धन में समुदायों की सक्रिय भूमिका को भी सुनिश्चित किया जा सकता है। इससे वन संरक्षण और प्रबन्धन का काम भी बेहतर होगा। इसके साथ दीर्घकालीन राष्ट्रीय हितों की अनदेखी से भी बचना होगा। वनों का अत्यधिक दोहन शुद्ध वायु के भंडार और वनों द्वारा संरक्षित जल को नष्ट करने जैसा है, अनियंत्रित वाहन आगमन से फैलने वाले धुएं से स्थानीय स्तर पर तापमान वृद्धि की संभावना बढ़ जाती है। प्रदूषणकारी उद्योगों को भी हिमालय में स्थान नहीं मिलना चाहिए। हिमालय से संबंधित संवेदनशील मुद्दों में ढील अक्षम्य है।

पर्वतों को मानव जाति के लिए जल मीनार, जैव विविधता भंडार, पवित्र स्थल, पर्यटन के रूप में राहत स्थलों, सघन वनों और जलवायु नियंत्रण जैसी अनेक पर्यावरणीय सेवाओं के प्रदाता के रूप में मान्यता दी। इसके साथ ही वर्तमान विकास मॉडल में पर्वतों के साथ जो मुख्य धारा के विकास का रिश्ता बना वह आर्थिक रूप से असमान शर्तों पर स्थापित हुआ है। पर्वतीय संसाधनों पर मुख्य धारा अर्थतंत्र का कब्जा मजबूत होता जा रहा है, किन्तु उसके बदले पर्वतीय क्षेत्रों को जितना आर्थिक संबल वापिस मिलना चाहिए वह नहीं मिलता है। इसलिए विश्व भर के पर्वतों के लिए विशेष व्यवस्था विकसित किये जाने की बात कही गई।

# लॉजिस्टिक लागत घटने का सुकूनदेह परिदृश्य

**इस** समय लॉजिस्टिक लागत से संबंधित विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में यह कहा जा रहा है कि भारत में लॉजिस्टिक लागत में कमी करके उत्पादकता और निर्यात तेजी से बढ़ाए जा सकते हैं। इसके साथ-साथ यातायात प्रबंधन में सुधार करके जहां लॉजिस्टिक लागत को और कम किया जा सकता है, वहीं समय व ऊर्जा की बचत करते हुए दुर्घटनाओं में भी कमी लाई जा सकती है। ऐसे में आम आदमी से लेकर संपूर्ण अर्थव्यवस्था को लाभान्वित किया जा सकता है। गौरतलब है कि देश में पिछले एक-दो वर्षों में लॉजिस्टिक लागत में कुछ कमी दिखाई देने लगी है। हाल ही में प्रकाशित विश्व बैंक के लॉजिस्टिक प्रदर्शन सूचकांक 2023 में भारत 6 पायदान की छलांग के साथ 139 देशों की सूची में 38वें स्थान पर पहुंच गया है। भारत 2018 में इस सूचकांक में 44वें तथा 2014 में 54वें स्थान पर था। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में अक्टूबर 2021 में घोषित पीएम गति शक्ति योजना और सितंबर 2022 में घोषित राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति (एनएलपी) के कार्यान्वयन और वर्ष 2020 से लागू उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) के प्रारंभिक अपेक्षित परिणामों से लॉजिस्टिक लागत में कमी आने का परिदृश्य निर्मित होने लगा है। ज्ञातव्य है कि विश्व बैंक के ताजा लॉजिस्टिक प्रदर्शन सूचकांक के तहत कुछ महत्वपूर्ण मापदंडों, बुनियादी ढांचे, अंतरराष्ट्रीय शिपमेंट और लॉजिस्टिक क्षमता संबंधी भारत की बढ़त दुनियाभर में रेखांकित हो रही है। आधुनिकीकरण व डिजिटलीकरण से भी भारत का लॉजिस्टिक प्रदर्शन बेहतर हुआ है। सामान्यतया वस्तु के उत्पादन में कच्चे माल की लागत पहले क्रम पर और मजदूरी की लागत दूसरे क्रम पर होती है। फिर लॉजिस्टिक लागत का क्रम आता है। लॉजिस्टिक लागत का मतलब है उत्पादों एवं वस्तुओं को उत्पादित स्थान से गंतव्य स्थान तक पहुंचाने तक लगने वाले परिवहन, भंडारण व अन्य खर्च। लॉजिस्टिक लागत कम या अधिक होने में बुनियादी ढांचे की अहम भूमिका होती है। यदि सडकें बेहतर और अन्य बुनियादी ढांचे की सुविधाएं उपयुक्त हों तो तेजी से सामान पहुंचने, परिवहन संबंधी चुनौतियां और ईंधन की लागत कम होने से भी लॉजिस्टिक लागत कम हो जाती है। यदि निर्धारित समय में बुनियादी ढांचे संबंधी परियोजनाएं पूरी हो जाती हैं तो भी लॉजिस्टिक लागत में कमी आती है। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार की गति शक्ति योजना करीब 100 लाख करोड़ रुपये की महत्त्वाकांक्षी परियोजना है जिसका लक्ष्य देश में एकीकृत रूप से बुनियादी ढांचे का विकास करना है। वस्तुतः देश में सडक, रेल, जलमार्ग आदि का जो इंफ्रास्ट्रक्चर है, वह अलग-अलग 16 मंत्रालयों और विभागों के अधीन है, उनके बीच में सहकार व समन्वय बढ़ाना गति शक्ति योजना का मुख्य फोकस है। वस्तुतः नई लॉजिस्टिक पॉलिसी गतिशक्ति योजना की अनुपूरक है। इसका प्रमुख लक्ष्य माल परिवहन की लागत घटाकर सभी प्रकार के उद्योग-कारोबार को बढ़ावा देना और वैश्विक व्यापार में भारत की हिस्सेदारी बढ़ाना भी है। देश में नई लॉजिस्टिक नीति के जरिए अगले 10 सालों में लॉजिस्टिक्स सेक्टर की लागत को 10 प्रतिशत तक लाया जाएगा। चूंकि वर्तमान में लॉजिस्टिक्स का ज्यादातर काम सडकों के जरिए होता है, अतएव अब नई नीति के तहत रेल ट्रांसपोर्ट के साथ-साथ शिपिंग और एयर ट्रांसपोर्ट पर जोर दिया जा रहा है। लगभग 50 प्रतिशत कार्गो को रेलवे के जरिए भेजे जाने का लक्ष्य आगे बढ़ाया जा रहा है और सडकों पर ट्रैफिक को कम किया जा रहा है। देश में बुनियादी ढांचे का तेजी से निर्माण होने लगा है। ऐसे में इंजीनियरिंग, डिजिटलीकरण और बहु-साधन परिवहन जैसे क्षेत्रों पर जोर देकर माल ढुलाई क्षमता में सुधार की ओर कदम बढ़ा दिए गए हैं। इस समय केंद्र सरकार सडक और रेल मार्ग, दोनों में सुधार पर ध्यान दे रही है। देश के प्रमुख शहरों और औद्योगिक एवं कारोबारी केंद्रों के बीच की दूरी कम करने के लिए एक तरफ डेडिकेटेड फ्रेट कोरिडोर के जरिए रेल मार्ग से माल ढुलाई को तेज करने की कवायद कर रही है, दूसरी तरफ देश के लगभग हर हिस्से में ग्रीनफील्ड हाईवे प्रोजेक्ट चल रहे हैं। इसके साथ ही राजमार्गों पर आधारित इंडस्ट्रियल कोरिडोर भी बनाए जा रहे हैं। यह बात भी उभरकर दिखाई दे रही है कि देश में बुनियादी ढांचे के तहत सडकों, रेलवे, बिजली और हवाई अड्डों के अलावा बंदरगाह से संबंधित सडक और रेल कनेक्टिविटी में भी निजी निवेश का प्रवाह अहम भूमिका निभा रहा है। यात्रा के आधार पर भारत का लगभग 95 फीसदी विदेश व्यापार समुद्री मार्ग से होता है। देश में नवीनतम बंदरगाह नीति के तहत बंदरगाह 'लैंडलॉर्ड मॉडल' की शुरुआत के साथ सरकार के स्वामित्व वाले 'प्रमुख बंदरगाह' की परिचालन जिम्मेदारियां निजी क्षेत्र को सौंपने की रणनीति के कारण बंदरगाह विकास और संचालन में घरेलू और विदेशी निजी क्षेत्र की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि देश के कोने-कोने के शहरी भागों में सडकों पर वाहनों की भरमार और इससे यातायात में होने वाली असुविधाओं से जहां समय और ऊर्जा की हानि होती है, वहीं इसका उत्पादकता एवं सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) पर प्रभाव पड़ता है। सामान्यतया विश्व स्तरीय सडकों के मापदंडों पर सडक निर्माण पर काफी धनराशि खर्च की जाती है, मगर यातायात सुगम बनाने के परिप्रेक्ष्य में उपयुक्त पार्किंग पर पर्याप्त खर्च पर ध्यान नहीं दिया जाता है। ऐसे में वाहन चालक सडकों के किसी भी हिस्से पर वाहन खड़ा करना शुरू कर देते हैं। इससे आवागमन में असुविधा होती है, साथ ही सडकों पर बड़ी संख्या में लोग तनाव, वाद-विवाद और दुर्घटनाओं का सामना भी करते हैं। 15 मई 2023 को रोड एक्सीडेंट सैंपलिंग सिस्टम फॉर इंडिया के डेटाबेस के आधार पर बॉश लिमिटेड की प्रकाशित रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि भारत में 2021 में सडकों पर पैदल चलने वाले घायल लोगों की संख्या 29200 थी जोकि पूरे यूरोप और जापान की संयुक्त सडक दुर्घटनाओं से अधिक थी। ऐसे में शहरों में सडक एवं यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए कदम बढ़ाना जरूरी है। इससे एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचने में लगने वाला समय काफी कम हो जाएगा। खास तौर से जहां नए शहरों में अच्छी सडकों और पुराने शहरों में उपलब्ध जगह में ही पार्किंग बढ़ाने पर पूरा ध्यान देना होगा, वहीं अब वाहन चालकों को भी लाइसेंस आवंटित करते समय चालक के वाहन चलाने की क्षमता के साथ-साथ भीड़ भरे यातायात के बीच दूसरे लोगों को दिक्कत पहुंचाए बिना वाहन चलाने की क्षमता का परीक्षण भी अनिवार्य किया जाना लाभप्रद होगा। इससे भी सडकों पर यातायात व्यवस्था में सुधार लाने के साथ-साथ विभिन्न लागतों में कमी लाई जा सकेगी।

विश्व बैंक के लॉजिस्टिक प्रदर्शन सूचकांक 2023 में भारत 6 पायदान की छलांग के साथ 139 देशों की सूची में 38वें स्थान पर पहुंच गया है। भारत 2018 में इस सूचकांक में 44वें तथा 2014 में 54वें स्थान पर था। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में अक्टूबर 2021 में घोषित पीएम गति शक्ति योजना और सितंबर 2022 में घोषित राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति (एनएलपी) के कार्यान्वयन और वर्ष 2020 से लागू उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) के प्रारंभिक अपेक्षित परिणामों से लॉजिस्टिक लागत में कमी आने का परिदृश्य निर्मित होने लगा है। ज्ञातव्य है कि विश्व बैंक के ताजा लॉजिस्टिक प्रदर्शन सूचकांक के तहत कुछ महत्वपूर्ण मापदंडों, बुनियादी ढांचे, अंतरराष्ट्रीय शिपमेंट और लॉजिस्टिक क्षमता संबंधी भारत की बढ़त दुनियाभर में रेखांकित हो रही है। आधुनिकीकरण व डिजिटलीकरण से भी भारत का लॉजिस्टिक प्रदर्शन बेहतर हुआ है।

## कुछ अलग

# पुरानी होती इमारतें

**हिमाचल** का विकास जिन राहों को नजरअंदाज कर रहा है, उन्हें पुनः खोजना होगा। विकास के लक्ष्यों में अतीत का सवाल उन इमारतों, रिवायतों, ग्रामीण आर्थिकी या समाज से पूछ लेना चाहिए, जो राजनीति की भीड़ में कहीं पीछे रह गए। सरकारी भवनों से जुड़ते नए ब्लॉक, शहरों से जुड़ते नए गांव और पुराने हो रहे मुकाम को फिर से पाने की कोशिश न की, तो विकास का बदलता भूगोल बहुत कुछ चौपट कर देगा। प्रदेश की नियुक्तियों में सबसे पीछे रह गया पद उस चौकीदारी व माली का है जो सार्वजनिक इमारतों की उम्र व प्रासंगिकता बढ़ा सकता है। हद तो यह कि न्यायालयों, जिलाधीश व अन्य सार्वजनिक कार्यालयों की इमारतों में नए को पुराना बनाने की होड़ ने आवश्यकता के पैमाने बदल दिए। हम सुनते हैं कि सरकारें दबादब तरीके से भवनों की कतार लगा रही हैं, लेकिन जहां ढांचा बर्बाद हो रहा है, उसकी खबर किसी को नहीं। ड्राइंग व डिजाइन की वजह से भी भवनों की उपयोगिता व भविष्य की मांग पूरी नहीं हो रही, जबकि वर्तमान ढांचे के सदुपयोग पर चर्चा ही नहीं होती। अब कहीं जाकर निर्माणाधीन पुलों की जांच का विषय उठा तो महकमे ने आनन-फानन में कदम उठाने का फैसला किया, वरना पिछले दिनों चंबा, हमीरपुर, कांगड़ा व मंडी जिलों में पुलों की सूरत में उनके ध्वस्त होने की कहानी ही सामने आई। यह सिर्फ इमारतों का खेल नहीं, बल्कि उस भूमि के आबंटन का भी है जो वर्षों से दबाए कुछ विभाग इसके महत्त्व व जरूरत को ही नजरअंदाज कर रहे हैं। प्रदेश के बड़े शहरों में सरकारी आवासीय कालोनियां हैं, तो कार्यालयों की जमीन पर साहबों की कोठियां कैसे बन रहीं। दुर्भाग्यवश सरकारी संपत्ति को हर सरकार का विकास नहीं मापता, नतीजतन जहां अस्पताल होना चाहिए वहां स्कूल और जहां बस स्टैंड होना चाहिए वहां कोई कार्यालय भवन चस्पां कर दिया जाता है। ऐसे में सरकारी भवनों की देखरेख, सदुपयोग व बेहतर योजना के लिए एक केंद्रीय एजेंसी या सार्वजनिक संपत्ति एवं एस्टेट विकास प्राधिकरण का गठन होना चाहिए, जो मांग व आपूर्ति के साथ-साथ यह भी सुनिश्चित करे कि सरकारी संपत्तियों का सदुपयोग कैसे बढ़ाया जाए। इसके साथ यह विचार भी करना होगा कि हर शहर में एक जैसा विकास संभव नहीं। पालमपुर को अगर टी सिटी की रुहानियत में आगे बढ़ाना है या मनाली को पर्यटन डेस्टिनेशन, तो वहां अधोसंरचना निर्माण की प्राथमिकताएं अलग होनी चाहिए। हमने इसी होड़ में अनावश्यक रूप से पर्यटन की कई परियोजनाएं व इकाइयां बर्बाद कर दीं। शहरों में पशु अस्पताल, तत्संबंधी कार्यालय या फिशरीज आफिस खोलने की दरकार नहीं है। बहुत सारे कार्यालय ग्रामीण परिदृश्य में अपनी प्रासंगिकता बढ़ा सकते हैं। इसीलिए एक बार फिर शिमला से कुछ राज्य स्तरीय कार्यालय राज्य के अन्य भागों में स्थानांतरित करने होंगे। बहरहाल भवनों का लावारिस रह जाना गहन चिंतन का विषय है। शहरी सरकारी स्कूलों या इसी तरह अन्य कार्यालयों में उद्देश्य का हारना न रोका गया, तो भविष्य में राज्य सिर्फ नई इमारतों का जंगल बनकर रह जाएगा। प्रदेश के कई शहरों में सरकारी स्कूलों के पास भवन तथा जमीन की कमी नहीं, बस इन्हें निजी स्कूलों के मुकाबिल करने की जरूरत है। आरंभिक तौर पर कुछ चयनित स्कूलों को सीबीएसई या आईसीएसई पाठ्यक्रम के तहत चलाना होगा। निस्संदेह राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल इसी तरह की प्रतिज्ञा के साथ अपने लिए जमीन तलाश रहा है। सरकार ऐसे स्कूलों को सीबीएसई पाठ्यक्रम के तहत चलाने की योजना बना रही है।

## नागरिक बोध

# जलता हुआ दीप दूसरे दीपो को जला सकता है

**बुझा** हुआ दीप अंधेरे में ही पड़ा रहता है। इसलिए प्रज्वलित दीपक बनो।संसार मे ज्योति बनकर जियो।ताकि अंधेरे को रोशनी में बदल सको। कोयला बनकर मत जिओ। जो पड़ा पड़ा सुलगता रहे। धुंआ उगलता रहे। जिंदगी बहुत मूल्यवान है। इसका एक एक पल इतना महत्वपूर्ण है कि हम इन पलो में शताब्दियों का इतिहास रख सकते है युग की धारा बदल सकते है। बस, आवश्यकता है उत्साह की, उल्लास की, और जीवन मे कुछ न कुछ नव निर्माण करने के शुभ संकल्प की। जिंदगी का अर्थ है उत्साह और साहस। आज वर्तमान में देश मे भयावह स्थिति है। वह हमारे सामने है।आज देश मे विद्वेष की राजनीति चल रही है। गुंडागर्दी की असभ्य भाषा चल रही है। ताश के पत्तो की तरह सरकार बदल रही है दूसरी तरफ़ अधर में लटकी चरमराती सरकार बन रही है। न ही नैतिक मूल्य है और न ही कोई सिद्धांत और न ही कोई नीति। आत्म सम्मान खोकर सभी सता का खेल रहे है। राजनीति दिशाहीन हो रही है। नैतिक मूल्यों का विध्वंस हो रहा है। राजनेता धन और सता के पीछे पागलों की तरह दौड़ रहा है।सत्ता और धन की तृष्णा कभी शांत नही होती। अपार वैभव पाकर भी मनुष्य का मन भूखा, व्याकुल और दरिद्र बना हुआ है। सत्ता की कुर्सी पर बैठकर उसे कभी छोड़ना नही चाहता है। अपना सबकुछ दांव पर लगाकर कुर्सी का दावा छोड़ना नही चाहता है। महत्वहीन यक्तित्व महत्व कांक्षा की दौड़ में इसके घोड़े बने हुए है। इस प्रकार सत्ता और धन का महा भारत आज मच रहा है। आज असीमित धनाकांशा ,भोगलिप्सा और स्वार्थवादी मनोवृति के कारण मनुष्य मनुष्य के कारण संवेदना शून्य बन गया है। भावनाहीन बन गया है। नेता विदेश में जाकर सतारूढ़ सरकार के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी कर भारत को बदनाम कर रहे है। भाषा का तालमेल नही है। विपक्ष सतारूढ़ सरकार पर हमलावर हो रहा है।धर्म के नाम पर बहस चल रही है। दिलीलो में अपने अपने धर्म को महान बताकर समाज में दीवार खड़ी की जा रही है। मनुष्य जितना स्वार्थी आज के समय मे है। वह पौराणिक काल मे भी नही हुआ होगा। लोग भावनाहीन बनते जा रहे है।ममनुष्य आज स्वार्थी बना है। इतना पौराणिक काल मे भी इतना स्वार्थी और क्रूर नही हुआ होगा । आज का नेता अभिनेता की भांति तरह तरह का चरित्र जी रहा है। ऐसे समय मे हमारा कर्तव्य है कि जीवन मे आशावादी बनकर, मानवतावादी बनकर जिये।देश के उज्ज्वल भविष्य के प्रति आस्था और आशा जगाए, संकल्प और पुरुषार्थ जगाए। केवल अपने लिए नही जिये।देश मे विरले ही नेता है जिन्होंने देश के लिए घर बार छोड़ दिया। मोदी और योगी दिग्गज नेताओं को अपने परिवार कीकोई चिंता नही है।उनके लिए देश ही सर्वोपरि है। दुसरो के लिए भी जिये। अपने स्वार्थ को परमार्थ में बदले।

## देश दुनीया से

# सियासत के स्मार्ट मुर्दे

**सिटी** स्मार्ट हो रही थी, लोग उससे भी ज्यादा यह सोच-सोच कर स्मार्ट होने लगे थे कि वे भारत की तस्वीर बदल देंगे, समाज-संस्कृति बदल देंगे और जहां तक नजर जाती है, विकास का अर्थ बदल देंगे। देश में इतना विकास संभव भी है कि हम थोड़ा-बहुत अतिक्रमण करके सरकारी सडक के ठीक छोर पर ऊंची से ऊंची इमारत खड़ी कर दें। आजादी के बाद इस शहर ने जबसे अपने विकास को स्मार्ट कहना शुरू किया है, इसकी आंखों में सबसे पुराना श्मशानघाट अटक गया है। यह पुराना, लेकिन सबसे प्रमुख श्मशानघाट था, इसलिए सोचा गया कि क्यों न इसे भी स्मार्ट बनाया जाए। वैसे इसी श्मशानघाट की मरम्मत और सौंदर्यीकरण के नाम पर कई छोटे ठेकेदार पहले से ही बड़े बन गए थे, फिर भी अब इसे बड़े वाला स्मार्ट बनाना था ताकि पूरे राज्य को पता चल जाए कि विधायक ने अपने विधानसभा क्षेत्र के लिए क्या कुछ नहीं किया है। प्रशासन हमेशा से मतदाताओं की मांग और आपूर्ति का हिसाब लगा कर ही काम करता आया था, इसलिए गौर करने लगा कि हर दिन कितने मुर्दों के हिसाब से ऐसा डिजाइन बनाए जो दूर से ही स्मार्ट लगे। कम से कम विधायक को तो श्मशानघाट बनाकर संतुष्टि मिले। श्मशानघाट की योजना का जिक्र हुआ, तो स्मार्ट सिटी परियोजना ने इसके लिए दिल खोल कर पैसा दिया। आखिर श्मशानघाट बनते-बनते इतना बड़ा बन गया कि भविष्य में कहीं मुर्दों की कमी न हो जाए, यह चिंता भी होने लगी। वहां बाकायदा कोशिश की गई कि एक कोना वीआईपी बनाकर आरक्षित रखा जाए, ताकि जो लोग वीआईपी बनकर जीते रहे, उनकी वापसी उसी तरह करवा दी जाए। लोगबाग दूर से देखकर तसल्ली कर लेते कि उनका शहर कितना विकास कर रहा है, जहां मुर्दा बनकर भी जलने को स्मार्ट श्मशानघाट मिलेगा। खैर सब कुछ सही हो गया और ठेकेदार को बढ़ी हुई पेमेंट भी मिल गई, लेकिन अब इसके उद्घाटन का इंतजार था, सो सत्ता पक्ष चाहता था कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ही इसका उद्घाटन करें। विपक्ष इसके लिए राजी नहीं था, क्योंकि उसी की पिछली सरकार में इसकी योजना बनी और बजट से डिजाइन तक उसे याद दिला रहा था कि कहीं तो काम हुआ है। जनता चाहती थी कि किसी मुर्दे से ही श्मशानघाट का उद्घाटन करवा दिया जाए ताकि शव दहन हो सके। वैसे भी लोगों के मरने की न तो कमी थी और न ही मरने की वजह कम थी। आखिर मामला प्रोटोकाल तक पहुंच गया। सत्ता के हिसाब से श्मशानघाट के उद्घाटन का हक उसे मिल जाता है, क्योंकि सारी संस्थाएं व लोकतंत्र का हिसाब किताब उसी के अधिकार क्षेत्र में आता है। विपक्ष की नाराजगी डिजाइन में किए गए बदलाव पर भी थी, लेकिन सत्ता पक्ष विश्वस्त था कि अगर वह जीने वालों को अपने डिजाइन पर नचा सकता है, तो मरने वालों को तो कहीं भी ले जा सकता है। सत्ता के पक्ष में मीडिया भी उतर आया। मीडिया लोगों को समझा रहा था कि विपक्ष की वजह से उन्हें स्मार्ट श्मशानघाट नहीं मिल रहा था, बल्कि अब सरकार की वजह से मरने वाले का मान बढ़ेगा। 'यह सरकार अगर घाटे के बस रूट चलाकर सवारियां बढ़ा सकती है, तो कल इसी श्मशानघाट के लिए मुर्दे भी बढ़ा देगी।' मीडिया को आशा थी कि बस पास की तरह श्मशान पास भी मौजूदा सरकार पत्रकारों को जरूर देगी ताकि कल कोई यह न कहे कि मीडिया वाला बिना मान्यता के ही मर गया। इधर श्मशानघाट का उद्घाटन नहीं हो रहा था और उधर मुर्दों को भी भटकना पड़ रहा था। आखिर फैसला हुआ कि छह महीने श्मशानघाट पर विपक्ष की तख्ती लगेगी और छह महीने सत्ता पक्ष की, लेकिन इससे अब आम जनता के मुर्दे यहां नहीं आ रहे।

देश में इतना विकास संभव भी है कि हम थोड़ा-बहुत अतिक्रमण करके सरकारी सडक के ठीक छोर पर ऊंची से ऊंची इमारत खड़ी कर दें। आजादी के बाद इस शहर ने जबसे अपने विकास को स्मार्ट कहना शुरू किया है, इसकी आंखों में सबसे पुराना श्मशानघाट अटक गया है। यह पुराना, लेकिन सबसे प्रमुख श्मशानघाट था, इसलिए सोचा गया कि क्यों न इसे भी स्मार्ट बनाया जाए। वैसे इसी श्मशानघाट की मरम्मत और सौंदर्यीकरण के नाम पर कई छोटे ठेकेदार पहले से ही बड़े बन गए थे, फिर भी अब इसे बड़े वाला स्मार्ट बनाना था ताकि पूरे राज्य को पता चल जाए कि विधायक ने अपने विधानसभा क्षेत्र के लिए क्या कुछ नहीं किया है। प्रशासन हमेशा से मतदाताओं की मांग और आपूर्ति का हिसाब लगा कर ही काम करता आया था, इसलिए गौर करने लगा कि हर दिन कितने मुर्दों के हिसाब से ऐसा डिजाइन बनाए जो दूर से ही स्मार्ट लगे।

# चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन





प्रभात मंत्र संवाददाता

**साहेबगंज :** विकास भवन स्थित सभागार में बुधवार को उप विकास आयुक्त प्रभात कुमार बरदियार के अध्यक्षता में चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। उक्त कार्यशाला में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से माहवारी स्वच्छता प्रबंधन के तहत स्वच्छता को विकसित करना, जन जागरूकता एवं माहवरी के दौरान इस्तेमाल किए गए पैड इत्यादि को समुचित निपटान हेतु विस्तृत रूप से चर्चा की गई, साथ ही विद्यालय स्तर पर भी सुरक्षित एवं समुचित निपटान के लिए भस्मक निर्माण हेतु लक्ष्य एवं कार्य योजना पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। उक्त कार्यशाला के दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुमन कुमारी गुप्ता के द्वारा उक्त कार्यक्रम के संबोधन में बताया कि प्रत्येक माह के 28 तारीख को सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में माहवारी स्वच्छता दिवस के रूप में मनाए जाने का निर्देश प्राप्त है, परंतु 28 तारीख के जगह इस कार्यक्रम को टीकाकरण (VHND) के दिन किए जाने का सुझाव दिया गया। कार्यशाला के दौरान जिला शिक्षा अधीक्षक के द्वारा भी उक्त कार्यक्रम का संबोधन करते हुए सभी स्कूलों में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन के तहत सभी स्कूलों में जन जागरूकता हेतु माहवारी से संबंधित मैसेज को फ्लेक्स या बैनर में प्रिंट कर लगाने का सुझाव दिया गया। ताकि इस विषय में अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं जागरूक हो सके। मौके पर उप विकास आयुक्त के अलावे ज़िला पंचायती राज पदाधिकारी सविता सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुमन गुप्ता, जिला शिक्षा अधीक्षक राजेश कुमार, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, सभी सहायक अभियंता, सभी कनीय अभियंता, जिला परियोजना पदाधिकारी मनरेगा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक JSLPS, सभी जिला समन्वयक SBM(G)/JJM, सभी प्रखंड वॉश समन्वयक एवं ISA टीम उपस्थित थे।

*माहवारी संबंधित चुनौतियों को जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरण स्थिरता को समुदाय के दृष्टिकोण से दूर करना तथा आवश्यक समाधानों को प्रोत्साहित करने पर केंद्रित है।*

# उड़ीसा ट्रेन हादसे में मृत सोनू के परिजनों से मिले पूर्व विधायक ताला मरांडी

## हर संभव मदद का दिया आश्वासन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मंडरो :** प्रखंड अंतर्गत महादेवबरन पंचायत स्थित गांधीनगर गांव निवासी अखिलेश महतों के बडा पूत्र 30 वर्शिय सोनू महतों का उड़िसा के बालासोर ट्रेन हादसे में मौत हो गयी ।मौत की खबर सुनकर भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधानसभा पूर्व विधायक ताला मरांडी , पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सह पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष भाजपा अजय भगत उर्फ लड्डू भगत ,बद्री भगत ,विजय महतो ,अमोद वर्णवाल ,सिंटू उपाध्याय मृतक के घर पहुंच कर उनके परिजनों से मिले और हर संभव मदद का आश्वासन दिया । इसी बीच कुछ ही देर बाद मृत सोनू कुमार महतो का शव एम्बुलेंस से मिर्जाचौकी गांधीनगर गाँव पहुँचा तो ग्रामीणों के बीच मातम पसर गया। मृतक के घर से चीखें बाहर आ रही थी। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। मृतक की माँ संगीता देवी अपने बेटे के शव को देखते ही बेहोश हो गयी । मृतक सोनू महतो के भाई ज्ञानचंद कुमार, आशीष कुमार, रवि कुमार और बहन सुनैना कुमारी अपने भाई के शव को देखकर रोने लगे। परिजनों का हाल देख हर किसी की आंखे नम हो गयी ।

# अज्ञात अपराधियों ने महिला का किया हत्या, पति के आवेदन पर मामला दर्ज




प्रभात मंत्र संवाददाता

**हंसडीहा :** सरैयाहाट थाना क्षेत्र के सियाखोर गांव में घर में सो रही एक महिला की अज्ञात अपराधियों के द्वारा हत्या करने की घटना सामने आयी है। घटना की सूचना मिलते ही सरैयाहाट थाना की पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। मृतका की पहचान थाना क्षेत्र के सियाखोर गांव की रहने वाली 39 वर्षीय पूनम देवी के रूप में हुई है। घटना को लेकर मृतका के पति संजय ठाकुर ने सरैयाहाट थाना में लिखित आवेदन देकर बताया है कि बीते सोमवार को वह और उनकी पत्नी अपने घर के आंगन में सोए हुए थे। रात्रि करीब 2:00 बजे मैंने घर का दरवाजा बाहर से बंद कर शौच के लिए गया था। शौच से लौटने के बाद देखा की दरवाजा खुला था एवं घर के अंदर आने के बाद देखा की पत्नि खून से लहूलुहान पड़ी है। लहुलुहान पत्नि को देखकर ऐसा प्रतीत हुआ कि किसी ने धारदार हथियार से हमला किया है। मैंने घटना की जानकारी अपने परिजनों के साथ साथ आस पड़ोस को दी। बताया कि घटना के बाद पड़ोसी एवं ग्रामीणों को जानकारी देने के बाद इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरैयाहाट ले गया जहां चिकित्सकों ने पत्नि को मृत घोषित कर दिया। मामले में सरैयाहाट थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि मृतका के पति के बयान पर मामला दर्ज करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। सरैयाहाट पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच पड़ताल कर रही है।

# आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के लिए नहीं है पेयजल व शौचालय की व्यवस्था

## सेविका ने कई बार विभाग को दी जानकारी, नही हुआ समाधान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**साहेबगंज/मंगलहाट :** प्रखंड क्षेत्र में बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा के साथ पोषण आहार का दावा करने वाला महिला बाल विकास आंगनबाड़ी केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में फिसड्डी साबित हो रहा है। प्रखंड क्षेत्र के बुधवारिया गांव वार्ड नंबर 4 स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र संख्या 707 वर्ष 2009 स्थापित की किया गया है। इस केंद्र में फिलहाल 40 बच्चे की नामांकित है । लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि बच्चे के लिए ना ही पानी की सुविधा है और ना शौचालय की सुविधा है। झारखंड राज्य बनने के बाद 23 साल बीत चुके हैं लेकिन एक भी सरकारी चापानल या कुआं नहीं बना है। इसमें पेयजल व्यवस्था की खासी किल्लत है, सेविका मधु कुमारी व सहायिका निरूपा कुमारी ने बताया कि केंद्र से 500 मीटर दूर इधर-उधर से पानी लाकर बच्चे की प्यास बुझाते हैं। मध्यान्ह भोजन बनाने से लेकर शौचालय तक में पानी की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। समस्या को लेकर विभाग को कई बार लिखित शिकायत की गई है लेकिन आज तक आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला रहा है। इससे आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पठन-पाठन करने में बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़त रहा है।

इसका सीधा असर बच्चे के भविष्य पर पड़ रहा है। इस दौरान घाटजमनी पंचायत की मुखिया ने बतलाया कि पेयजल की समस्या को लेकर पीएचडी विभाग को अवगत करा दी गई है । बहुत जल्द कार्य की जाएगी।

# बिजली एलटी तार टूटकर गिरने से ग्रामीणों में डर का माहौल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मंडरो :** मिर्जाचौकी थाना समीप उत्तरी महादेववरण मोहल्ले में बिजली एलटी तार रोजाना टूटकर सड़क पर गिरने से ग्रामीणो में डर का माहौल । मिली जानकारी के अनुसार बिजली एलटी तार रोजाना सड़क पर टूट कर गिर रहे हैं ।बिजली मिस्त्री द्वारा रोजाना बिजली एलटी तार को ठीक किया जाता है फिर कुछ घंटों के बाद दोबारा बिजली एलटी तार टूटकर सड़क पर गिर जाता है ।जिसके कारण ग्रामीणों में डर का माहौल बन गया है। वहीं ग्रामीणों के द्वारा कार्यपालक विद्युत अभियंता साहिबगंज के नाम से एक आवेदन लिखा गया है ।

वही बताया गया कि पिछले 1 सप्ताह में दसवीं बार बिजली एलटी तार टूटकर सड़क पर गिरा है । बिजली एलटी तार जर्जर हो चुके हैं । बिजली उपभोक्ताओं को रोजाना परेशानी हो रही है ।वही स्थानीय ग्रामीणों ने मामले की शिकायत मंडरो सांसद प्रतिनिधि अरुण सिंह से की है ।वही ग्रामीणो का कहना है कि भविष्य में बड़ी अनहोनी हो सकती है जिसकी सारी जिम्मेवारी विभाग की होगी ।

# शोभनपुर गंगा प्रसाद पूरब मध्य पंचायत भवन में मध्यस्थता जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**साहेबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार,



साहेबगंज के तत्वाधान में मध्यस्थता जागरूकता शिविर शोभनपुर गंगा प्रसाद पूरब मध्य पंचायत भवन में आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्राधिकार के सचिव सह वरीय सिविल जज धर्मेन्द्र कुमार ने किया । उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व की अपेक्षा आज के परिप्रेक्ष्य में मध्यस्थता आवश्यक हो गयी है।मध्यस्थता के माध्यम से विवादों का समाधान बहुत ही सरल तरीके से किया जा सकता है । मध्यस्थता के अंतर्गत प्रशिक्षित मध्यस्थ पक्षकारों के बातों को गोपनीय रखते हुए उनकी समस्याओं को सुनते हैं और पक्षकारों की सहमति के आधार पर ही समाधान ढूंढा जाता है, जिससे पक्षकारों का समय, धन तथा व्यक्तिगत संबंधों की रक्षा होती है। मुकदमा पूर्व स्तर के मामलों में भी आवेदन प्राप्त कर मध्यस्थता किया जाता है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देशानुसार और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार मनोज कुमार सिंह के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है। मध्यस्थता जागरूकता मन का मिलन कार्यक्रम 14 जुलाई तक चलेगा।

# अनु राष्ट्रीय पल्स पोलियो कार्यक्रम की सफलता को लेकर बैठक आयोजित




प्रभात मंत्र संवाददाता

**राजमहल :** अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल के सभागार में प्रभारी उपाधीक्षक डॉक्टर गुफरान आलम के अध्यक्षता में आगामी 2 जुलाई 2023 से होने वाले अनु राष्ट्रीय पल्स पोलियो कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु पल्स पोलियो पर्यवेक्षक एवं सब डिपो होल्डर का प्रशिक्षण का आयोजन किया गया ज्ञात हो कि अनु राष्ट्रीय पल्स पोलियो कार्यक्रम में कुल 184 टीम 41 पर्यवेक्षक एवं 16 सब डिपो होल्डर कार्यरत हैं प्रभारी उपाधीक्षक डॉ गुफरान आलम के द्वारा स्पष्ट निर्देश दिया गया कि किसी भी हाल में कोई भी बच्चा छूटना नहीं चाहिए फाल्स पी पाए जाने वाले क्षेत्र से संबंधित पर्यवेक्षक पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी । मौके पर बीपीएम अमित कुमार, डब्ल्यूएचओ मॉनिटर सुबोध कुमार शर्मा, पल्स पोलियो पर्यवेक्षक संजय यादव, मनीष टूडू ,पप्पू कुमार, स्नेहा मरांडी, चितरंजन ठाकुर आदि एवं सब डिपो होल्डर सुनील कुमार ,अर्चना कुमारी, सुनीला कुमारी प्रिंस मिज आदि उपस्थित रहे।

# राजमहल में फल फूल रहा अवैध लॉटरी का कारोबार कार्रवाई ना होने से सक्रिय है गिरोह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**राजमहल :** थाना क्षेत्र में इन दिनों अवैध लॉटरी का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। कार्रवाई ना होने के कारण क्षेत्र में अवैध लॉटरी माफिया की सक्रियता बढ़ती जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार प्राप्त जानकारी के अनुसार राजमहल, मंगलहाट आदि इलाके में इन दिनों अवैध लॉटरी का कारोबार जोरों से चल रहा है. मकड़जाल की भांति इलाके में लॉटरी विक्रेता के एजेंट फैले हुए हैं. जिसके माध्यम से लॉटरी की बिक्री की जा रही है. लॉटरी का धंधा प्रतिबंधित रहने के बावजूद क्षेत्र में लॉटरी का अवैध कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है. लॉटरी बेचकर जहां इस धंधे से जुड़े लोग बड़े कारोबारी बनते जा रहे हैं .वहीं खरीदने वाले लोग बर्बाद हो रहे हैं. गौरतलब है कि इलाके में पश्चिम बंगाल और नागालैंड स्टेट लॉटरी की नकल बेची जा रही है. जिसका सरगना विक्रेता को सीधे अवैध लॉटरी उपलब्ध कराते हैं . इसके बाद विक्रेता के माध्यम से सभी एजेंटों को लॉटरी टिकट उपलब्ध कराया जाता है.




**नागालैंड स्टेट लॉटरी की नकल है एटीएम लॉटरी :-** पुलिस प्रशासन या जानकार से बचने के लिए लॉटरी विक्रेता या एजेंट कोड वर्ड का इस्तेमाल करते हैं. कोडवर्ड में लॉटरी को एटीएम का नाम दिया गया है. दरअसल एटीएम टिकट नागालैंड स्टेट लॉटरी की लकल है. समान छायांकन के उक्त लॉटरी की एक प्रति की कीमत 50 से लेकर कई हजार रुपए तक की है. नागालैंड स्टेट लॉटरी के तर्ज पर दुगना प्राइज देने का दावा कर भ्रमजाल में फंसाकर लॉटरी विक्रेता लोगों की गाढ़ी कमाई चपत कर जाते हैं।

**अवैध कारोबार के दलदल में फंस रहे युवा वर्ग :-** तरह-तरह के लोभ लालच देकर विभिन्न इलाकों के युवाओं को लॉटरी के अवैध कारोबार के धंधे में धकेला जा रहा है. चंद रुपए की लालच में युवा उम्र के सैकड़ों लोग अवैध लॉटरी के कारोबार से जुड़े हैं जो गांव में घूम घूम कर लॉटरी टिकट की बिक्री करते हैं. सूत्र बताते हैं कि महीने भर की लॉटरी एक बार में ही लाया जाता है. लॉटरी खरीदकर करोड़पति बनने की मंशा पाल रखे एक व्यक्ति ने तो कई एकड़ जमीन बेच दी है तो वहीं कई ने अपनी पत्नी के जेवरात बेच डाला.

**रोजाना 40 लाख से अधिक की बिकती है लॉटरी :-** प्रतिदिन करीब 40 लाख की लॉटरी आसानी से बेची जा रही है. सूत्रों के मुताबिक मंगलहाट में 20 लाख राजमहल में 20 लाख से अधिक की लॉटरी रोजाना बिक्री की जा रही है. पुलिस प्रशासन के नाक के नीचे यह कारोबार चलता है. सूत्र बताते हैं कि इस कारोबार से जुड़े कई लोग करोड़पति बन गये हैं. एक साल पहले एक कारोबारी को पुलिस ने लॉटरी के साथ गिरफ्तार किया था. परंतु वह धनबल के बदौलत बाद में छूट गया मामले को लेकर राजमहल थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल ने बताया कि अवैध कारोबार के विरुद्ध छापेमारी अभियान अभियान चलाया जाएगा। जल्द ही गिरोह का पर्दाफाश किया जाएगा।

# लाखों की लागत से निर्मित पानी टंकी दो वर्षों से खराब, ग्रामीण परेशान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**राजमहल :** प्रखंड अंतर्गत महासिंगपुर पंचायत के भैंसमारी गांव में राज्यकीय मध्य विद्यालय के पास लाखों की लागत से निर्मित पानी टंकी विगत दो वर्षों से खरब रहने से ग्रामीण पानी के लिए परेशान हैं। ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि पानी टंकी खराब होने लगभग दो, ढाई साल हो गया है। टंकी खराब होने से विभाग को लिखित सिकायत भी किया गया। लिखित सिकायत के बाद में एक बार सरकारी कर्मी के द्वारा पानी टंकी जांच भी किया गया।परन्तु अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। सरकार करोड़ की राशि खर्च कर भीषण गर्मी में पानी कि व्यवस्था करने के लिए लगे हुए हैं।वहीं पूर्व के निर्मित टंकी पर पानी नहीं मिलने से ग्रामीणो के दिनचर्या पर सिधा असर पड़ रहा है। वहीं भिषण गर्मी से ग्रामीण को एक एक बूंद पानी के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# आदिवासी कल्याण छात्रावास साहेबगंज महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने छात्रवृत्ति को लेकर जिला कल्याण कार्यालय में जड़ा ताला



प्रभात मंत्र संवाददाता

**साहेबगंज :** आदिवासी कल्याण छात्रावास साहिबगंज महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने छात्र नायक मनोहर टुडू एवं छात्र नायिका मेरी बास्की के नेतृत्व में बुधवार को जिला कल्याण कार्यालय में छात्रवृत्ति स्वीकृती को लेकर सभी कार्यरत कर्मी को बाहर कर ताला लगा दिया। वही छात्र नायक मनोहर टुडू ने कहा की आदिवासी कल्याण छात्रावास में रह रहे अनुसूचित जनजाति छात्र में मात्र 200 का जिला कल्याण कार्यालय से छात्रवृत्ति स्वीकृत की गई है, जबकि यहां 396 छात्र छात्रावास में रहते हैं सभी को छात्रवृत्ति की राशि उपलब्ध कराई जाए। साहिबगंज महाविद्यालय में इंटर से लेकर पीजी तक की पढ़ाई विभिन्न संकाय में होती है ऐसी स्थिति में यहां हॉस्टल में जगह कम रहने के बाद भी हम लोग किसी प्रकार एक दूसरे को सहयोग देकर एडजस्ट कर रह लेते हैं।इसकी सूचना महाविद्यालय प्रशासन को दी गई है। फिर भी इन लोगों को छात्रवृत्ति नहीं देना प्रावधान के विपरीत है। वही जिला कल्याण पदाधिकारी साहिबगंज प्रमोद आनंद ने कहा की आदिवासी कल्याण छात्रावास में कुल 200 छात्र का छात्रावास में रहने की जगह है , सीट के अनुसार छात्रवृत्ति देने का प्रावधान है। उन्होंने आगे कहा की साहिबगंज महाविद्यालय में रहने वाले गैर छात्रावास एवं छात्रावास में रहने वाले दोनों प्रकार के अनुसूचित जनजाति के छात्रों को छात्रवृत्ति स्वीकृत की गई है। यदि इन लोगों को इस प्रकार की समस्या है तो महाविद्यालय प्रशासन की ओर से उन सभी छात्रों की सूची जो छात्रावास में रहने का उपलब्ध करवाए जिला स्तर पर बनी समिति में रखकर इसपर उच्च अधिकारी से अनुमोदन के पश्चात ही छात्रवृत्ति दी जाएगी।इस मौके पर छात्र नायक मनोहर टुडू ,छात्र सचिव बाबूधन टूडू ,छात्र नायिका मेरी बास्की, छात्र विकास मुर्मू, दिलीप दास, संदीप मुर्मू, बिट्टू टूडू ,स्टेफेन मुर्मू ,लक्ष्मण टुडू, राहुल मुर्मू, छात्रा शर्मिला बेसरा ,सुशीला मरांडी ,रीता मरांडी ,सुशांति मुर्मू एवं सैकड़ों की संख्या में आदिवासी कल्याण छात्रावास के छात्र छात्रा जिला कल्याण कार्यालय परिसर में मौजूद थे।

## डॉ रणजीत कुमार सिंह साइंस फॉर सोसायटी झारखंड राज्य के कार्यकारणी सदस्य निर्वाचित हुए

# साहेबगंज जिले में शोध की अपार संभावनाए : सिंह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**साहेबगंज :** झारखंड में पिछले करीब तीस वर्षों से जन विज्ञान आंदोलन से जुड़े एवं लोगों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास एवं विस्तार के लिए प्रतिबद्ध संस्था साइंस फार सोसायटी, झारखंड का तीन दिवसीय सांगठनिक राज्य सम्मेलन संपन्न हो गया। 3 एवं 4 जून 2023 को डीएवी आलोक पब्लिक स्कूल, पुनदाग, रांची, झारखंड में आयोजित इस सम्मेलन में झारखंड के विभिन्न जिलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सम्मेलन को भारत ज्ञान विज्ञान समिति के महासचिव डॉ काशी नाथ चटर्जी, झारखंड के चर्चित फिल्म मेकर दीपक बारा, जनवादी लेखक संघ, रांची के एम जेड खान समेत अन्य ने भी संबोधित किया। 3 जून को सम्मेलन के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि थे प्रो. ए. ए खान, पूर्व वाइस चांसलर, रांची यूनिवर्सिटी, रांची। सत्र की अध्यक्षता डॉ अली इमाम खां, अध्यक्ष साइंस फार सोसायटी, झारखंड,, संचालन राजेंद्र कुमार, स्वागत भाषण डॉ अशोक कुमार, प्रिंसिपल डीएवी आलोक एवं विषय प्रवेश डी एन एस आनंद ने किया। उसी दिन दूसरे सत्र में सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि थे डॉ रमेश शरण, पूर्व कुलपति, विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग। सेमिनार का विषय था - ÷वर्तमान समय में जन विज्ञान आंदोलन, चुनौतियां और हमारा दायित्व÷ इस सत्र की अध्यक्षता बीआईटी मेसरा के अवकाश प्राप्त प्रो. भी एम कर्ण ने की जबकि संचालन डी एन एस आनंद ने किया।

# छत्तीसगढ़ की पुलिस मोबाइल चोरी मामले के सत्यापन को लेकर पहुंची तालझारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**तालझारी :** मोबाइल चोरी की सत्यापन एवं छापामारी के मामले को लेकर बुधवार को तालझारी थाना पहुंची छत्तीसगढ़ की पुलिस। छत्तीसगढ़ के शक्ति जिला के जेजेपुर थाना से पहुंचे एएसआइ गजेंद्र कुमार ने बताया कि मोबाइल चोरी मामले में तालझारी थाना क्षेत्र के महाराजपुर निवासी विक्की मंडल एवं सूरज मंडल के नाम से जेजेपुर थाना में कांड संख्या 178/19 धारा- 379 मोबाइल चोरी का मामला दर्ज है। जिसको लेकर महाराजपुर जाकर तालझारी थाना पुलिस के सहयोग से सत्यापन एवं छापामारी किया गया।

## अजमत-ए-वालदेन कॉन्फ्रेंस 12 जून को देवीपुर झूमरबाद में



**मधुपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 12 जून दिन सोमवार को एक शानदार अजमत ए वालदेन कॉन्फ्रेंस हजरत मौलाना मुफ्ती परवेज आलम मिस्बाही के माता स्वर्गीय हज्जन जुलेखा बीबी के ईसाले सवाब को लेकर आयोजन होगी। कॉन्फ्रेंस में हिंद के नामुर उलमा ए कराम व सोरा ए कराम शिरकत कर रहे हैं। जिसमें हजरत मौलाना हाजी मुस्ताक रजा फैजी कोलकाता, हजरत मौलाना नईम अख्तर रानीगंज बंगाल, हजरत मौलाना आसिफ इकबाल झारखंड गिरिडीह, मुफ्ती सफीउल्लाह मिस्बाही पालोजोरी झारखंड, मुफ्ती सऊद आलम मिस्बाही आसनसोल बंगाल के अलावा मौका मुकामी ओलमा संबोधित करेंगे वही सोरा ए कराम इंटरनेशनल शायर हाजी हबीबुल्लाह फैजी, मोहसिन रजा, जावेद अख्तर फैजी ,सावन मधुपुरी, इत्यादि शामिल हो रहे हैं और अपनी-अपनी सुनहरी आवाज से लोगों को महजूज करेंगे। इसकी जानकारी मधुपुर बड़ी मस्जिद बाजार मोहल्ला के इमाम हजरत मौलाना मुफ्ती परवेज आलम मिस्बाही में पत्रकारों को दी।

## मिजिल्स रूबेला टीकाकरण अभियान के सफल संचालन में सहयोग के लिए अधिकारी हुए सम्मानित



**देवघर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने 12 अप्रैल से चल रहे मिजिल्स रूबेला टीकाकरण अभियान के तहत 9 माह से 15 वष के शत प्रतिशत बच्चों को टीके से आच्छादित करने की दिशा में कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान उपायुक्त ने डब्लूएचओ के डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर डॉ विनय एवं डीसी सेल में प्रतिनियुक्त अधिकारी उषा किरण को सम्मानित करते हुए कहा कि जिले में शत प्रतिशत टीकाकरण की दिशा में किया गया कार्य सराहनीय है। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ युगल किशोर चौधरी एवं संबंधित विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## तिलैया थाना में पदस्थापित एसआई निलंबित

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोडरमा एसपी कुमार गौरव ने तिलैया थाना में पदस्थापित एसआई सुनील दास को कार्य में लापरवाही बरतने को लेकर निलंबित कर दिया गया है इस बाबत पत्र जारी कर दिया गया ।

## डीसी हुए आमजनों की समस्याओं से अवगत

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को उपायुक्त आदित्य रंजन ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्य से अवगत हुए। जनता दरबार में आए फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी गई एवं उसके निष्पादन हेतु उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। आज के जनता दरबार में अवैध तरीके से जमीन का रजिस्ट्री करने, पानी पंचायत के तहत तालाब गहरीकरण में खुदाई के दौरान मिट्टी एवं पत्थर निकल जाने से राशि में वृद्धि करने समेत कई मामलों में आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने उनके समस्याओं के निराकरण करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया।

## उपायुक्त ने चुप्पी तोड़ो स्वस्थ्य रहो अभियान के तहत जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**देवघर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री के द्वारा जिला स्तरीय माहवारी स्वच्छता कार्यक्रम के तहत चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो अभियान को लेकर जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उपायुक्त ने उपस्थित मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत करते हुए कहा कि जिले में 12 जून तक चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो अभियान के प्रति आमजनों को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वच्छता जागरूकता रथ को रवाना किया। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो अभियान के तहत रवाना किए गए इस जागरूकता रथ के द्वारा जिले के सभी प्रखंड में पंचायतवार भ्रमण कर किशोरियों एवं महिलाओं, विशेषकर 10-19 आयु वर्ग किशोरियों में स्वच्छता को बढ़ावा देने और उनके स्वास्थ्य को बेहतर बनाने संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों साझा कर उन्हें जागरूक करने का कार्य किया जाएगा। मौके पर उप विकास आयुक्त डॉ0 कुमार ताराचन्द, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल देवघर संजय प्रसाद, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी एवं संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे।

## एसडीओ से चापाकल व सड़क मरम्मती कराने की मांग की

**गोड्डा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुमका गोड्डा मुख्य मार्ग पर होंडा शो रूम के निकट मुख्य सड़क पर तीन चार बड़े बड़े गड्ढे हैं जो कभी कभी दो चक्के गाड़ियों के दुर्घटना का कारण बन जाता है ।स्थानीय नागरिकों ने एसडीएम से अनुरोध किया है की उस गड्ढे को अविलंब भरा जाए । साथ ही उस जगह एक सरकारी चापाकल भी है जो वर्षों से खराब है जो आते जाते राहगीरों के लिए प्यास बुझाने का एक साधन था परंतु वो बंद रहने की वजह से आम जनता आती है प्यास बुझाने और व्यवस्था पर सिर्फ कमेंट्स कर चली जाती है ।स्थानीय नागरिकों ने एसडीओ से ये अनुरोध किया है की इस समस्या को जल्द दौर करने की कृपा करेंगे और जनता एसडीओ को सदा धन्यवाद देती रहेगी ।

## श्री महेश एकेडमी के सभी 47 छात्र-छात्राएं प्रोन्नत

**डोमचांच(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री महेश एकेडमी, डोमचांच के सभी 47 छात्र-छात्राएं कक्षा नवम् की वार्षिक परीक्षा, 2023 में झारखंड अधिविद्य परिषद, रांची द्वारा घोषित परिणाम के अनुसार अगली कक्षा के लिए प्रोन्नत हुए. छात्र अंशु कुमार और छात्रा यशस्वी मेहता ने सभी विषयों में ए प्लस ग्रेड प्राप्त किया, जबकि अन्य छात्र- छात्राओं ने कुछ विषयों में ए प्लस ग्रेड तथा कुछ विषयों में ए ग्रेड प्राप्त कर उत्कृष्ट परीक्षा फल के साथ प्रोन्नत हुए. प्रोन्नत होने वाले छात्र-छात्राओं सुमित कुमार, उदय कुमार, सूरज कुमार, दीपेंद्र पंडित, सचिन कुमार, रोहित कुमार, अनमोल राज, शुभम कुमार, रोहित कुमार, श्रवण कुमार यादव, मिलन कुमार रजक, अनुराग कुमार, प्रांजल पांडेय, रितेश कुमार, सौरभ कुमार, शीतल कुमार, साजन कुमार रजक, रौनक कुमार, सन्नी कुमार मेहता, विपुल कुमार भट्ट, दीपक कुमार, विशाल कुमार मेहता, संटू कुमार, निशांत कुमार मेहता,कुमारी, नाज नीलोफर खातून, फरहत सबा, जोया अफजल, रौशनी कुमारी, विद्या भारती, नेहा कुमारी, नैना कुमारी, रानी कांत, शिवानी कुमारी, पम्मी कुमारी, पूजा कुमारी, किरण कुमारी, मानसी कुमारी, रुपाली कुमारी, साधना कुमारी, शिवानी कुमारी, श्रेया सागर, पूनम कुमारी, पल्लवी कुमारी और संतोषी कुमारी को एकेडमी के निदेशक सुनील कुमार सिन्हा प्राचार्या रीना दाराद, वरिष्ठ शिक्षक मोहनलाल पांडेय, मुकुल कुमार, संजय कुमार, शुभम कुमार, नकुल पाण्डेय व रौशन कुमार ने बधाई दी है ।

### जिला स्तरीय सह मिलेट्स कर्मशाला का आयोजन

## उपायुक्त का जिले के किसानों से अपील तकनीकी खेती करने पर दें जोर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**कोडरमा :** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग कोडरमा के सौजन्य से जिला स्तरीय सह मिलेट्स कर्मशाला (वर्ष 2023-24) का आयोजन संयुक्त कृषि भवन में संपन्न हुआ। कर्मशाला में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त आदित्य रंजन शामिल हुए। उपायुक्त श्री रंजन, जिला कृषि पदाधिकारी ब्रह्मदेव साह व अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कर्मशाला की शुरुआत किया गया। जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा सभी अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया गया। उपायुक्त ने लैम्पस व पैक्स के प्रतिनिधियों और जिले के विभिन्न प्रखंडों से आये किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र में विकास के लिए कई सारी योजनाएं चलाई जा रही है। उन्होंने सभी लैम्पस व पैक्स के प्रतिनिधियों को कहा कि किसानों को ससमय और निर्धारित दर पर बीज उपलब्ध करायें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की कृषि के क्षेत्र में चलायें जा रहे योजनाओं को गांव गांव घूम कर लोगो को जागरूक करें। सभी लैम्पस-पैक्स किसानो को उचित मूल्य पर बीज उपलब्ध करायें। उन्होंने सभी किसानों को तकनीकी खेती करने पर जोर दिया है। साथ ही सभी लैम्पस-पैक्स और किसानों को पौधारोपण करने की बात कही। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 को अन्तर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023 के आलोक में झारखण्ड मिलेट मिशन योजना के तहत् बजटीय उपबंध किया गया है। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला कृषि पदाधिकार ब्रह्मदेव साह, जिला सहकारिता पदाधिकारीलोकनाथ महतो, जिला परिषद् सदस्य लक्ष्मण यादव, लैम्पस व पैक्स के प्रतिनिधि और जिले के विभिन्न प्रखंडों से आये किसान मौजूद रहे।

### वन विभाग की बड़ी कार्यवाही

## 10 टन ढिबरा लदा एक शक्तिमान व एक जीप जब्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**कोडरमा :** वन विभाग की टीम ने डोमचांच रेंजर रविंद्र कुमार के नेतृत्व में बड़ी कार्यवाही करते एक शक्तिमान ट्रक व एक जीप को अवैध रूप से ढिबरा समेत जब्त किया है. बताया जाता है कि बुधवार की सुबह 7 बजे ढिबरा लदा जीप, शक्तिमान ट्रक वाहन को जब्त किया गया। बताया जाता है कि विभाग को मिली गुप्त सूचना के आधार पर डोमचांच बंगाखलार जंगल के पास से और एक जीप शिवसागर के पास से उक्त वाहन को जप्त किया गया। हलांकि इस दोनों मामले में किसी के गिरफ्तारी नहीं किया गया। इस बाबत रेंजर रविंद्र कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बंगाखलार जंगल और शिवसगर के पास से जीप व शक्तिमान ट्रक ढिबरा लोड करके कोडरमा की तरह आ रहा है । जिसकी सूचना पर उक्त वाहनो को जाते वाहन को रुकनें को कहा गया पर गस्ती दल देखकर दोनों जगह से जंगल के समीप गाड़ी छोड़कर कर चालक भागने में सफल रहे। जिसके बाद ढिबरा लदे दोनो गाड़ी को जप्त कर लिया गया। जप्त करके वन परिसर लाया गया। दोनो गाड़ी में 10 टन ढिबरा लोड था जिसकी कीमत उसकी चार लाख रुपया से ज्यादा बताई जा रही है। मौके पर वनरक्षी अमरेंद्र कुमार, राजेश कुमार शर्मा, पिंटू कुमार, रविकात कुमार, अनिल कुमार साव आदि मैजूद थे।

## नागरिक सुरक्षा संघर्ष समिति की एक बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**कोडरमा :** नागरिक सुरक्षा संघर्ष समिति कोडरमा की एक बैठक पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार देर शाम झुमरीतिलैया पुराना बस स्टैंड में संपन्न हुई। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष लक्ष्मण यादव ने किया जबकि संचालन सुरक्षा समिति के महासचिव मनोज सहाय पिंकू ने किया। सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि आमजन की समस्याओं के निदान एवं निष्पादन हेतु नागरिक सुरक्षा समिति को ट्रस्ट के रूप में पंजीकृत कर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके लिए समाजसेवी संजय शर्मा एवं अभिजीत दीप अधिकृत किए गए। समाजसेवी पंकज वर्णवाल एवं अरशद खान ने हेल्पलाइन नंबर जारी करने की बात कही जबकि समाज सेवी मनीष सूद एवं पिंटू मजमुदार ने शहर में दो जगह शिकायत पेटी लगाने का विचार दिया ताकि आमजन आपनी समस्या रख सकें। निवर्तमान वार्ड पार्षद बालगोविंद मोदी एवं समाजसेवी अवनिंद्र सिंह ने गरीबों के राशन कार्ड ,विधवा पेंशन ,वृद्धा पेंशन निर्माण में समिति द्वारा सहयोग की बात कही। महासचिव मनोज सहाय पिंकू ने कहा कि ट्रस्ट निर्माण के बाद जिला एवं नगर के प्रबुद्ध जनों को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ना है। आमजन के किसी भी समस्या पर हमें जिला प्रशासन हो या माफिया तंत्र हो, उसके विरोध में खड़ा होने के लिए तत्पर रहना है। नागरिक सुरक्षा संघर्ष समिति की आज की बैठक में मुख्य रूप से सुरेंद्र कुमार खोखन, राजेश सिन्हा, सूर्य देव कुमार, शशिकांत सिन्हा ,अजय कुमार, प्रकाश सिंह, चंद्र मोहन सिंह, वीरेंद्र कुमार महेश वर्मा विनोद कुमार सहित प्रबुद्ध जन उपस्थित हुए। बैठक के अंत में उड़ीसा के बालासोर ट्रेन दुर्घटना में मृतकों की आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन रखा गया।

### हैदराबाद में जिप अध्यक्षों का चल रहा प्रशिक्षण, 9 जून तक चलेगा प्रशिक्षण

## पंचायती राज के तहत बेहतर मॉडल को कोडरमा जिला में किया जायेगा लागू : रामधन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**कोडरमा :** झारखंड सरकार के पंचायती राज्य विभाग अंतर्गत निर्वाचित सभी जिला परिषद अध्यक्ष इन दिनों हैदराबाद में प्रशिक्षण ले रहे है। पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में झारखण्ड के सभी जिलों के जिप अध्यक्ष हवाई यात्रा कर हैदराबाद पहुंचे थे। यह प्रशिक्षण 5- 9 जून तक चलेगा। कोडरमा जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव भी प्रशिक्षण में शामिल है। उन्होंने बताया कि हैदराबाद में पंचायती राज को सुदृढ़ बनाने को लेकर विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दी जा रही है। पंचायती राज के नियम और विकास योजनाओं को जनमानस की तरक्की के लिए तैयार कर लागू करने में तकनीकी दिक्कतों का समाधान पर प्रशिक्षण ले रहे है।बेशक् प्रशिक्षण उपरांत नीतियों को कोडरमा में लागू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिप उपाध्यक्ष और जिप सदस्यों को भी 19-23 जून तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। श्री यादव ने कहा कि कोडरमा जिला के विकास के लिए दूसरे प्रदेशों का भ्रमण बेहद जरूरी है। पंचायती राज के तहत बेहतर मॉडल को अपने जिला में लागू किया जाएगा। दूसरे राज्य में पंचायती राज के विकास की ढांचा के बारे में जानकारी होने से बोर्ड सशक्त होगी। श्री रामधन ने कहा कि कोडरमा में पंचायती राज अंतर्गत गांव गांव में विकास योजनाएं पहुंचे, इसके लिए वे दृढ़संकल्पित है। सभी आमजनमानस के लिए कार्य करने के लिए हरसंभव प्रयास जारी रखने की बात कही।

## दुमका में संताल परगना प्रमंडल के सभी जनसेवकों की न्याय यात्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोड्डा :** ग्रेड पे घटाए जाने के विरोध में तथा अपने 11 सूत्री मांगों के समर्थन में आज संताल परगना प्रमंडल के सभी जनसेवकों द्वारा दुमका में पोखरा चौक से टीन बाजार होते हुए राजभवन तक न्याय यात्रा निकाली गई। उक्त न्याय यात्रा की अगुवाई झारखंड राज्य जनसेवक संघ के संताल परगना प्रमंडलीय अध्यक्ष सुशील कुमार झा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 11 वर्षों की सेवा के बाद सरकार द्वारा जनसेवकों का ग्रेड पे घटाया जाना अन्याय है और सरकार को इस आदेश को वापस लेना ही पड़ेगा। इस न्याय यात्रा में 6 जिलों के जनसेवकों के अतिरिक्त अन्य संघों के सदस्य एवम् आम नागरिक भी भारी संख्या में शामिल हुए। जनसेवकों की मांग है कि सरकार शीघ्र ग्रेड पे घटाए जाने संबंधी काले आदेश को वापस ले तथा उनकी 11 सूत्री मांगों पर साकारात्मक पहल करे। संघ के गोड्डा जिला अध्यक्ष नंदलाल पंडित ने बताया कि 09 जून को कृषि मंत्री के विधानसभा क्षेत्र में बासुकीनाथ में न्याय यात्रा निकाली जायेगी।

## उपायुक्त ने झारखण्ड ऊर्जा ऋण माफी योजना के प्रचार प्रसार को लेकर जागरूकता रथ को किया रवाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**देवघर :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री के द्वारा आज झारखण्ड ऊर्जा ऋण माफी योजना के तहत समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ का रवाना किया गया। इस दौरान उन्होंने मीडिया को बातचीत करते हुए कहा कि ऊर्जा विभाग के निर्देशानुसार ब्याज माफी योजना को लेकर जागरूक रथ को रवाना किया गया है। आगे उन्होंने कहा कि जिन उपभोक्ताओं का बिल अधिक है वह अपना बिजली बिल विभाग से सम्पर्क ब्याज माफी योजना का लाभ उठा सकते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि इसके तहत बिजली उपभोक्ता एक मुश्त राशि जमा कर इस योजना का लाभ ले सकते हैं। उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजंत्री ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं पर सर्टिफिकेट केस हो गया है वह उपभोक्ता भी इस योजना का लाभ ले सकते हैं और जो भी बिजली उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन कट गया है वह भी सूद माफी योजना का लाभ उठा सकते हैं। इसे ओटीएस (वन टाइम सेटेलमेंट स्कीम) का नाम दिया गया है। 31 दिसंबर तक बकाया बिजली बिल का भुगतान करने पर जुर्माना (ब्याज) की राशि का भुगतान नहीं करना होगा। राशि का भुगतान किस्तों में भी किया जा सकता है। प्रत्येक किस्त बकाया बिजली बिल का न्यूनतम 20 फीसदी होगी। ऐसे में ऊर्जा रथ गावों में जाकर लोगों को इस योजना की जानकारी देगा, ताकि इसका लाभ ग्रामीण व शहरी घरेलू उपभोक्ता ले सकते हैं। विवादित राशि वाले बिल का भी भुगतान इस योजना से किया जा सकता है। इसके लिए बकाएदारों को हलफनामा देना होगा। वहीं 30 जून 2023 तक इस योजना का लाभ उठाने के लिए उपभोक्ता निकट के बिजली बिभाग के कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। इस मौके पर उप विकास आयुक्त डॉ कुमार ताराचन्द, अधीक्षण अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रमंडल ए0के0 उपाध्याय, आदि उपस्थित थे।

## चलंत लोक अदालत का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**गोड्डा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकारण की ओर से मंगलवार को पोड़ैयाहाट प्रखंड के नवडीहा पंचायत भवन में चलंत लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को कानूनी जानकारी दी गई। इस दौरान डालसा की ओर से गठित टीम में शामिल अधिवक्ता ने कहा कि जिला विधि सेवा प्राधिकरण की ओर से गरीब व अभिवंचितों के लिए विधिक सहायता की व्यवस्था है। देश में कानून का राज है। इसलिए देश के सभी नागरिकों को न्याय पाने का संवैधानिक अधिकार है ऐसे में गरीबी-लाचारी के कारण कोई भी नागरिक न्याय से वंचित नहीं रहे। इसके लिए विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन किया गया है। किसी भी व्यक्ति की आमदनी तीन लाख रूपये से कम है, वे पैरवी के लिए विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं। इसके तहत आपको पैरवी के लिए अधिवक्ता मुहैया कराया जायेगा। नई व्यवस्था के तहत विधिक सहायता से संबंधित मामले की सुनवाई को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से लीगल एड डिफेंस काउंसिल का गठन किया गया है। ऐसे में विधिक सहायता प्राप्त करने के लिए डालसा कार्यालय में आवेदन देने की जरुरत है।इसके तहत सभी को अधिकार व कर्तव्यों की जानकारी भी मुहैया कराई जाती है। डालसा टीम में अधिवक्ता आशीष कुमार, पीएलबी शंकर चंद्र सेन ,मीनू बेसरा आदि शामिल थे।

## प्रखंड विकास पदाधिकारी ने नवनियुक्त बीएलओ व परीक्षक के साथ की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**मधुपुर :** अनुमंडल के करो प्रखंड मुख्यालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में प्रखंड सह निर्वाचि पदाधिकारी कुलदीप कुमार की अध्यक्षता में नवनियुक्त बीएलओ की बैठक हुई। बैठक में प्रखंड में कार्यरत आंगनबाड़ी सेविका एवं पर्यवेक्षक मौजूद । इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी कुलदीप कुमार ने सभी बीएलओ से कहा वह घर घर जाकर मतदाता सूची का पुनरीक्षण करें। साथ ही सरकार द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में प्रपत्र को भर कर जमा करावे। कहां की निर्वाचन के इस कार्य में बीएलओ कतई कोताही नहीं बरतें। अगर किसी प्रकार की परेशानी हो तो उनसे अवश्य संपर्क करें। बीएलओ को होने वाली सारी परेशानियां दूर करने का प्रयास किया जाएगा। कहां की 1 जनवरी 24 को आधार मानते हुए मतदाता सूची के लिए कार्य करें। मौके पर पर्यवेक्षक देवेंद्र कुमार झा ,सुशील कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर संतोष कुमार यादव, सुनीता देवी, चिंता देवी, कृष्णा अचार, रूबी देवी, मोनिका देवी, शकीला खातून आदि थे।

## नाली निर्माण का कार्य बीच में हुआ बंद, नाली के लिए खोदे गए गड्ढे बना परेशानी का सबब

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**डोमचांच :** नगर पंचायत के वार्ड नंबर 2 स्थित दूरोडीह में नगर विकास विभाग की ओर से चल रहे नाली निर्माण का कार्य बीच में बंद हो जाने के कारण गली के किनारे नाली के लिए खोदे गए गड्ढे परेशानी का सबब बन गया है गड्ढे को खोदकर सारा मलबा सड़क पर रख दिया गया है जिससे आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानी होती है चार पहिया वाहन तो जाने का रास्ता ही बंद हो चुका है लोगों को अपने अपने घरों में प्रवेश करने और बाइक अंदर ले जाने में काफी परेशानी हो रही है बरसात का पानी इन नालियों में भर जाता है जिसके बाद छोटे-छोटे बच्चों के लिए खतरा बना रहता है। बताते चलें कि गांव के आधे हिस्से में नाली का निर्माण हो चुका है जिसका पानी यहां पर आकर सड़क पर बहने लगता है और किए गए गड्ढे में जम जाता है यदि निर्माण कार्य जल्द ही पूरा नहीं किया गया तो यहां पर गंदे जल के जमाव से संक्रामक रोगों के फैलने की आशंका है। इस संदर्भ में नाली निर्माण का कार्य करा रहे संवेदक शिव कुमार मेहता ने बताया कि नाली निर्माण का कार्य राजेंद्र मेहता के द्वारा कराया जा रहा है वही राजेंद्र मेहता ने बताया कि ग्रामीणों का विरोध होने के कारण नाली निर्माण का कार्य बंद किया गया है, जिसकी सूचना नगर कार्यालय में दे दी गई है। ग्रामीण अपने घर के सामने सीढ़ी व चबूतरे का निर्माण करा लिए हैं और वे चबूतरा तोड़ने नहीं देते हैं जिसके कारण निर्माण कार्य बंद हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि जहां तक मेरा निर्माण है वह रैयती प्लॉट है। निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनीता देवी ने बताया कि संवेदक निर्माण कार्य में काफी मनमानी कर रहे हैं कोई ना कोई बहाना ढूंढ कर कार्य को प्रभावित कर रहे हैं। यदि ऐसी स्थिति रहती तो आधे गांव में नाले का निर्माण नहीं हो पाता निर्माण कार्य में संवेदक गुणवत्ता का भी ध्यान नहीं रख रहे हैं।

## परियोजना बालिका उच्च विद्यालय के बाउंड्री निर्माण में उड़ाई जा रही है प्राक्कलन की धज्जियां, खुले आम करवाया जा रहा बाल मजदूरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**





**सतगावां :** प्रखंड अंतर्गत शिवपुर पंचायत के सिहास में परियोजना बालिका उच्च विद्यालय सतगावां में बाउंड्री निर्माण में घोर अनियमितता बरती जा रही है। बता दें कि बाउंड्री निर्माण बुनियादी स्तर से हीं दीवार खड़ा करने में घोर लापरवाही किया जा रहा है।वहीं संवेदक के द्वारा प्राक्कलन के अनुसार बाउंड्री निर्माण कार्य नहीं किया जा रहा है। सीधे प्राक्कलन की उड़ाई जा रही है धज्जियां साथ ही साथ संवेदक के द्वार प्राक्लित राशि बोर्ड भी नहीं लगाया गया। वहीं तीन नंबर का सीमेंट का प्रयोग किया जा रहा है।जिसमें सीमेंट काम बालू का मात्रा ज्यादा दिया जा रहा है। बाउंड्री निर्माण कार्य में अनियमितता बहुत ही बरती जा रही है। वहीं बाल मजदूरी भी करवाया जा रहा है। बाल मजदूरी करने वाले बच्चे का जब उम्र पूछा गया तो उसने अपना उम्र 18 वर्ष बताया लेकिन देखने से वह बच्चा 18वर्ष का नहीं लग रहा है। वहीं बच्चे से जब आधार कार्ड मांगा गया तो बोला की आधार कार्ड ला रहे हैं। लेकिन वह बच्चा आधार कार्ड नहीं लाया और बाद में उसे छिपा दिया गया।इधर संवेदक का कहना है कि हमें यहां मजदूर नहीं मिल रहा है इसलिए हमे जो मिला उससे हम काम करवा रहे हैं। वहीं पढ़ने वाले उम्र के बच्चों से संवेदक के द्वारा कार्य कराया जा रहा है। पूछे जाने पर संवेदक साफ शब्दों में कहते हैं कि जो लिखना है आप लिख सकते हैं हम अपने सिस्टम के आधार पर काम कर रहे हैं।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा डीबी, कॉर्प लिमिटेड, नियर के.जी आश्रम भूईफोड मंदिर, गोसियाडीह गोविंदपुर रोड धनबाद से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र C/O - मो0 जसीम, पिता- मो0 हबीब, ओल्ड दुमका नगर, सब डिवीजन दुमका झारखंड से प्रकाशित। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786

## जिटीएस कंपनी का ओबीआर डिस्पेच का कार्य पूरी तरह से ठप

**मधुबन(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष अजमूल अंसारी व जेएमएम के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रतिलाल टुडू तथा रैयत मनोरंजन दसोंधी के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में जेएमएम के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को नारेबाजी करते हुए बीसीसीएल के गोबिन्दपुर एरिया तीन के अंतर्गत अकाशकिनारी में संचालित जिटीएस प्राइवेट लिमिटेड आउटसोर्सिंग कंपनी के कैम्प के समीप पहुँचकर जिटीएस कंपनी का ओबीआर डिस्पेच का कार्य पूरी तरह से ठप कर दिया । इस दौरान जेएमएम के बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष अजमूल अंसारी, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रतिलाल टुडू ने संयुक्त रूप से कहा कि जिटीएस कंपनी में आठ सूत्री मांग को लेकर आज हमलोग अनिश्चितकालीन चक्का जाम किये हैं और जब तक हम लोग की मांग पूरी नही की जाती है तब तक आंदोलन चलता रहेगा।अनिश्चितकालीन चक्का जाम में आंदोलन में मुखिया अर्जुन भुइयां, संजय चौहान, अमीर खान,संजय रजवार,अनिल उरांव, प्रवेज एकबाल, कृष्णा लाल,मिकल सिन्हा, मंगरी देवी,सरस्वती देवी,काजल देवी,शनकुंताल देवी,आरती देवी,आदि सैकड़ो के संख्या में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं मौजूद थे।

## प्रदूषण नियंत्रण व अन्य कार्य करने पर ट्रस्ट को किया गया सम्मानित

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पुटकी के जीवन जन कल्याण ट्रस्ट को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर धनबाद नगर निगम की तरफ से आयोजित सेमिनार में ट्रस्ट के साथ ट्रस्ट के सदस्यों को पुरस्कार से सम्मान सम्मानित किया गया । पर्यावरण बचाओ अभियान, वृक्षा रोपण कार्य, प्रदूषण नियंत्रण आदि पर अच्छा कार्य करने पर बिंदेश्वर बाउरी, सुनीता कुमारी, दीपा गुरूम, नेहा सिंह, राजकुमार गुप्ता आदि सम्मानित हुए।

## राशिद रजा अंसारी का जन संपर्क अभियान लगातार जारी

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी ने वार्ड संख्या 13 के हाजरा बस्ती और वार्ड संख्या 14 के खास कुसुंडा एरिया में जन संपर्क अभियान चलाया और स्थानीय लोगों की समस्याओं से वो अवगत हुए। इस दौरान स्थानिय लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया और अपनी समस्याओं से संबंधित आग्रह पत्र भी उन्हें सौंपा।अंसारी ने कहा की 2024 के लोकसभा और विधानसभा के चुनाव को देखते हुए वो हर वार्ड में लागातार जन संपर्क अभियान चला रहें हैं तथा लोगों को विश्वास दिलाया की उनकी जो भी समस्याएं हैं, उसे जल्द से जल्द निदान कराने का वो प्रयास करेंगे। मौके पर जिला उपाध्यक्ष मंटू दास, जिला महासचिव बबलू दास, एससी सेल के जिला अध्यक्ष राजू दास सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।



## एफसीआई गोदाम में आग लगने से अफरा-तफरी पाया काबू

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के धनसार थाना क्षेत्र अंतर्गत बरमसिया स्थित एफसीआई गोदाम में बुधवार की दोपहर आग लगने की घटना हुई। मौके पर स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि एफसीआई गोदाम में रखे गेहूं के बोरे में अचानक से आग लग गई। आग लगते ही गोदाम में अफरा-तफरी मच गई। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी। अग्निशमन विभाग की दमकल वाहन के पहुंचने तक गोदाम में उपस्थित लोगों की मदद से आग बुझा ली गयी थी।मौके पर मीडिया कर्मी समाचार संकलन करने पहुंचे तो एफसीआई गोदाम के अधिकारियों ने न्यूज़ कवरेज करने से रोकने की कोशिश की। जिसके बाद हो-हंगामा भी हुआ। अग्निशमन विभाग के अधिकारी दीपक कुमार ने मीडिया को बताया कि एफसीआई गोदाम में आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगने की आशंका जताई जा रही है। एफसीआई गोदाम में रखे हुए गेहूं के बोरे में आग लगी थी।

## राष्ट्रीय जल जीवन मिशन के तहत जलसहिया एवं युवावर्ग ने शपथ लिया

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्व कार्यक्रम के तहत आज बुधवार को टुंडी पंचायत भवन में आयोजित जल जीवन मिशन के तहत उपस्थित सभी लोगों ने शपथ लिया और जल की बिशेषता पर प्रकाश डाला। बताया जाता है कि इस शपथ के द्वारा सभी लोगों ने जल का महत्व एवं बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी ली एवं इसे हर गांवों में प्रसारित करने की बात कही आज के इस जल जीवन मिशन के तहत शपथ कार्यक्रम की अध्यक्षता टुंडी मुखिया रेखा देवी एवं संचालन उपमुखिया संतूलाल किस्कू ने किया मौके पर पंचायत सेवक श्रीपति मरांडी, रोजगार सेवक सुरेश राम के अलावा विभिन्न क्षेत्रों से आए जल सहियाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## टुंडी के व्यापार मंडल में धान के बीज का पहला खेप पहुंचा

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टुंडी के व्यापार मंडल में सरकार द्वारा धान का बीज का पहला खैप पहुंचा किसानों में खुशहाली के साथ हरियाली की आस जगी। प्राप्त समाचार के अनुसार टुंडी जैसे पिछड़े प्रखंड में इस बर्ष अच्छे मानसून की आस लगाए किसानों के द्वारा विभिन्न पैक्सों से अच्छी खासी धान का बीज ख़रीदा जा रहा है सरकार द्वारा अनुदानित दरों पर बीज उपलब्ध कराया जा रहा है प्रति एकड़ 30 किलोग्राम बीज किसानों को दिया जा रहा है इसके एवज में आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, एवं वंशावली जमा कर किसान धान का बीज सब्सिडी के आधार पर जितना चाहे ले सकते हैं आज एक ट्रैक्टर धान किसानों के लिए कटनियां पैक्स को भी निर्गत किया गया इस वितरण शिविर के माध्यम से दर्जनों किसानों ने सरकारी दर1780/-प्रति क्वींटल के दर से बीज की खरीदारी किया मौके पर कटनियां पैक्स अध्यक्ष विनय कुमार सिंह, टुंडी पैक्स अध्यक्ष नंदकिशोर सोनार, बैंक डेलीगेट राजेन्द्र मंडल मुख्य रूप से उपस्थित थे ।



# सरकारी जमीन पर भू माफिया कर रहे कब्जा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** गोविंदपुर अंचल में सरकारी जमीन पर भू माफिया के द्वारा जमकर कब्जा किया जा रहा है। गोविंदपुर क्षेत्र के फुफवाडीह मोजा नंबर 221 में दयानंद गिरी के द्वारा गैर आबाद जंगल की जमीन पर कब्जा करने के मामले में फुफुवाडीह के ग्रामीणों ने सीओ को लिखित आवेदन दे कर शिकायत किया गया था। उक्त जमीन में दयानंद गिरी के द्वारा चार दिवारी निमार्ण किया जा रहा था। जानकारी प्राप्त होने के बाद अंचल अधिकारी रामजी वर्मा ने संज्ञान लेते हुए जांच के लिए अंचल के कर्मचारी और अमीन को भेजा। साथ ही गोविंदपुर थाना प्रभारी को सूचित कर काम रोकने का आदेश दिया। जिसके बाद चारदीवारी के काम को रोक दिया गया। वही अंचलाधिकारी रामजी वर्मा ने मिडिया से बात करते हुए कहा की फुफवाडीह मोजा नंबर 221 में सर्वे करवाया गया जिसमे साफ है की जमीन जंगल का है जिस पर कब्जा किया जा रहा था। फिलहाल उस जमीन में हो रहे चारदिवारी के काम को रोक दिया गया है।

## रिश्वत लेते एएसआई को एसीबी की टीम ने रंगे हाथों दबोचा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** महिला थाना में पदस्थापित एएसआई सत्येंद्र कुमार को रिश्वत लेते एसीबी की टीम ने रंगे हाथों पकड़ा है। सदर अस्पताल के समीप से गिरफ्तार किया गया। एसीबी डीएसपी नितिन खंडेलवाल ने बताया कि केस डायरी मैनेज करने के नाम पर महिला थाना में पदस्थापित एएसआई सत्येंद्र कुमार 5 हजार रुपए की रिश्वत की मांग कर रहा था। जिसकी शिकायत पीड़ित ने एसीबी कार्यालय में की थी। इधर संबंधित मामले की जांचोपरान्त सही पाया गया और एसीबी की टीम ने जाल बिछाकर बुधवार को उसे सदर अस्पताल के समीप से 4 हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया है। डीएसपी ने बताया कि उसने रिश्वत के लिए पीड़ित व्यक्ति को सदर अस्पताल बुलाया था। सदर अस्पताल परिसर में ही एएसआई सत्येंद्र पासवान रुपए ले रहा था। इस दौरान उसे टीम ने रिश्वत के साथ रंगे हाथ धर दबोचा।

## स्वस्तिक ग्रुप ट्रस्ट ने सांसद व एनएचआई प्रोजेक्ट डायरेक्टर से किया वार्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** समाजसेवी संस्था स्वस्तिक ग्रुप ट्रस्ट ने सर्किट हाउस धनबाद में गिरिडीह सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी से मिलकर एन एच 32 सिनीडीह चौक पेट्रोल पंप के समिप बेरिकेडिंग और स्पिड ब्रेकर्स कि आवश्यकता कि समस्या से अवगत कराया, सोनारडीह रेलवे फाटक में आऐ दिन बढ़ती जाम से राहगिरो कि समस्या को रखा , कतरास कालेज और सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह में फूट ओभर ब्रिज कि जरूरत को कहा एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिनीडीह के नवनीर्माण कि बात कही जो कि एन एच 32 के चौड़ीकरण के दौरान ग्रामीणों को विद्यालय नव निर्माण का लिखित रूप से आश्वासन देकर दिनांक - 22/7/2021 को ध्वस्त कर दिया गया था। इन तमाम समस्याओं को लेकर मांग पत्र सौंपा गया। मौके पर संस्था के संस्थापक सह अध्यक्ष आदित्य राज गयाली, सांसद प्रतिनिधि रमाशंकर तिवारी, एन एच ऐ आई प्रोजेक्ट डायरेक्टर आर के वर्मा, आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष राकेश गयाली, संस्था के सर्वे टीम प्रभारी रितिक गयाली आदि लोग उपस्थित थे ।

# जोड़ापोखर पुलिस ने लगभग 35 टन अवैध कोयला किया जब्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** लोदना एरिया दस अन्तर्गत ब्रह्मण बरारी पीला ग्राउंड में जोड़ापोखर पुलिस द्वारा लगभग 35 टन अवैध कोयला जब्त किया गया। जोड़ापोखर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बीती देर रात छापेमारी की। जब्त कोयले की जाँच की जा रही है। वहीं छापेमारी की सूचना मिलते ही कोयला चोर भाग निकले।जोड़ापोखर थाना प्रभारी बिनोद उराँव ने बताया है की गुप्त सूचना मिली थी की एक ग्राउंड में बीसीसीएल के बंद प्रोजेक्ट से चोरी कर कोयला रखा गया है। इसी के तहत मंगलवार की रात में छापेमारी की गई, जहाँ काफी मात्रा में कोयला जब्त कर ट्रैक्टर तथा हाइवा से जोड़ापोखर थाना के पास रखा गया। कोयला चोर अभी तक पुलिस के पकड़ से बाहर हैं। अभी तक यह पता नही चल पाया कि उक्त कोयला किसके इशारे पर वहाँ रखा जा रहा था।वही बीसीसीएल के अधिकारी कहते है की लोदना एरिया में कोयला की चोरी नही हो रहा है, जबकि बरारी क्षेत्र में कई जगहों पर बन्द सिम में से कोयला चोरो द्वारा हजारों टन प्रत्येक दिन चोरी की जा रही हैं। कोयला चोरी रोकने की पूरी जवाबदेही सीआईएसएफ, स्थानीय पुलिस एवं बीसीसीएल प्रबंधन की है। इन संस्थानों में से एक भी अपनी जिम्मेदारी निभायेंगे तो कम्पनी का एक छटाक भी कोयला चोरी नही किया जा सकता है।



**सदर अस्पताल ईसीयू यूनिट में दिखा चमत्कार**

# 13 वर्षीय बालक में फिर से आयी जान, बिच्छू के डंक से थमी थी सांसे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** सदर अस्पताल स्थित आईसीयू यूनिट लगातार अपनी सेवा में चार चांद लगाता जा रहा है। यहां गरीब मरीजों का आयुष्मान के माध्यम से मुफ्त ईलाज तो होता हीं है वहीं ऐसे मरीज जिनकी स्थित नाजुक होती है और तत्काल ईलाज की आवश्यकता होती है। वैसे मरीजों पर आईसीयू में उपस्थित डॉक्टर और कर्मी अपनी पूरी क्षमता झोक देते हैं। इसी कड़ी में मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के चेंगरबासा निवासी सोनू टुडू के 13 वर्षीय पुत्र अमन टुडू की जान बचायी गयी। इस संबंध में बताया गया कि अमन को बिच्छू ने डंक मार दिया था। जिसके बाद उसके परिजनों ने झाड़-फूंक करवाने में समय गवां दिया और अंत में उसे सदर अस्पताल लाया। यहां लाते-लाते अमन की सांसे थम चुकी थी और दिल भी धड़कना बंद कर दिया था। लेकिन ड्यूटी में तैनात डॉ फजल अहमद और आईसीयू की टीम ने मामले को संज्ञान में लेते हुए आनन-फानन में सीपीआर दिया गया। इस दौरान डॉ फजल अहमद के नेतृत्व में आईसीयू टेक्निसियन बेंगाबाद प्रखण्ड के बदवारा पंचायत के विरेंद्र वर्मा व सीनियर नर्स अजीत रवानी ने लगभग 20-25 मिनट तक निरंतर सीपीआर देने के बाद बच्चे की धड़कन पुनः चालू की।



## झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा संचालित कार्यक्रम की गई समीक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेंड फाउंडेशन के सहयोग से चलाए जा रहे बाल विवाह, बाल तस्करी/बाल मजदूरी एवं बाल यौन शौषण के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम की समीक्षा ट्रस्ट के प्रधान कार्यालय कनचनपुर में ट्रस्ट के संस्थापक शंकर रवानी की अध्यक्षता में की गई। बैठक में फील्ड कोर्डिनेटर ने द्वारा किए गए कार्यो की समीक्षा की गई एवं जून माह के कार्यक्रमों की रूप रेखा तय किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए ट्रस्ट के संस्थापक एवं बाल कल्याण समिति बोकारो के अध्यक्ष शंकर रवानी ने कहा की आप सभी के सहयोग से धनबाद जिला को बाल विवाह मुक्त एवं बाल मित्र जिला बनाया जायेगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से कहा की आप सभी उपरोक्त सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ बुलन्द होकर कार्य करे ताकी समाज से इन कुरीतियों को समाप्त किया जा सके। शंकर रवानी ने जे जे एक्ट बाल विवाह अधिनियम, बाल श्रम अधिनियम, पॉक्सो कानून की जानकारी विस्तार से दिया।

## बालासोर रेल दुर्घटना में मृतक बेंगाबाद प्रखंड के सचिन सिंह के परिजनों से मिले माले नेता समाजसेवी व पुलिस प्रशासन के पदाधिकारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेंगाबाद :** भाकपा माले नेता राजेश यादव, सामाजिक कार्यकर्ता विश्वनाथ सिंह, बेंगाबाद के प्रखंड विकास पदाधिकारी कयूम अंसारी, अंचल अधिकारी कृष्ण कुमार मरांडी, थाना प्रभारी शशि सिंह सहित गोलगो पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि महेन्द्र दास, हरिला पंचायत के मुखिया सुधीर रजवार, समाजसेवी रेणुलाल चौरसिया, पूर्व मुखिया मुन्ना सिंह, पंचायत सचिव सहित कई अन्य लोगों ने आज गोलगो पंचायत के मंझलाटोल गांव जाकर, विगत दिनों बालासोर में हुई भीषण ट्रेन दुर्घटना में इस गांव के मारे गए युवा मजदूर सचिन सिंह के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढाढस बंधाया और दुख की इस घड़ी में हर संभव मदद का भरोसा दिया।इस बाबत माले नेता यादव ने कहा कि, कल शाम ही बगोदर विधायक विनोद सिंह ने उन्हें सूचित किया कि, आपके क्षेत्र के सचिन सिंह, जिनकी मौत रेल दुर्घटना में हुई है, का शव तथा मुआवजे का चेक लेकर वहां से रवाना हो चुके हैं, आपलोग गांव जाएं। स्थानीय लोगों से भी आज इसकी सूचना मिली और वे आज सुबह से ही शव आने का इंतजार रहे थे। करीब 10¬40 बजे मृतक सचिन सिंह का शव आते ही पूरे गांव में चीत्कार मच गई, माहौल गमगीन हो गया वहीं, लोगों में इस बात को लेकर आक्रोश दिखा कि, आम लोगों की इस तरह की मौत को लेकर जिम्मेवारी आखिर क्यों तय नहीं होती उपस्थित सभी लोगों ने इस दुर्घटना में मृत सचिन के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की।

## मन का मिलन पखवाड़ा, मध्यस्था के लिए प्राप्त हुए 15 आवेदन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** झालसा के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार धनबाद राम शर्मा के निर्देशानुसार चलाए जा रहे मन का मिलन पखवाड़ा में बुधवार को 15 आवेदन प्राप्त हुए। इसकी जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा निताशा बारला ने बताया कि मन का मिलन पखवाड़ा में प्राप्त सभी आवेदनों को रिसीव कर मध्यस्था के लिए मीडिएटर के पास भेजा गया। वहीं एक दंपत्ति के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण में मध्यस्था कर उनके वाद का निपटारा किया गया।उन्होंने कहा इसके माध्यम से मध्यस्थता केंद्र में वादी और प्रतिवादी पक्षों को एक सौहार्दपूर्ण वातावरण मुहैया कराकर दोनों पक्षों के बीच सुलह समझौता के आधार पर त्वरित न्याय दिलाने में सहयोग प्रदान किया जाता है। इससे वादी और प्रतिवादी दोनों ही पक्षों का समय और धन की बचत एवं आपसी संबंध मैत्रीपूर्ण रहता है। इसी लक्ष्य की पूर्ति के लिए मन का मिलन पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले के सभी प्रखंडों में स्थित विधिक सहायता केंद्रों पर कार्यरत पैरा वैधानिक स्वयंसेवकों के द्वारा डोर टू डोर एवं डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से सुदूर ग्रामीण इलाकों में आम जनता तक मन का मिलन पखवाड़ा को लेकर का जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

## ग्रामीणों के आंदोलन के बल पर मंझलाटोल में लगा ट्रांसफार्मर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेंगाबाद :** मोतीलेदा पंचायत के मंझलाटोल गांव के लोगों से बिजली का जला हुआ ट्रांसफार्मर बदलने के नाम पर दलालों द्वारा 20000 वसूली किए जाने की सूचना मिलने के बाद विगत 4 जून को वहां पहुंचे भाकपा माले के राज्य कमिटी सदस्य राजेश यादव की अगुवाई में ग्रामीणों ने आंदोलन कर रिश्वतखोरी का विरोध करते हुए तत्काल ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की थी। यादव ने गांव से ही विभाग के कार्यपालक अभियंता को फोन कर इसकी सूचना दी तथा अविलंब ट्रांसफार्मर बदलने और इस तरह की रिश्वतखोरी पर रोक लगाने की भी मांग की।इसके 2 दिन के भीतर ही गांव में विभाग की ओर से ट्रांसफार्मर लगवा दिया गया है। ट्रांसफार्मर लगाए जाने से ग्रामीण जहां खुश हैं, वहीं अपनी प्रतिक्रिया देते हुए माले नेता ने कहा कि, यह ग्रामीणों के आंदोलन की जीत है। इसके जरिए हम दूसरे इलाके के लोगों को भी आह्वान करते हैं कि, बिजली विभाग के दलालों द्वारा किसी भी तरह की रकम वसूली का विरोध करें। कहा कि, जब आम उपभोक्ता बिजली का बिल देते हैं तो बिजली से संबंधित सभी तरह के मेंटेनेंस और ट्रांसफार्मर, पोल , तार आदि लगाने की सारी जवाबदेही बिजली विभाग की है। इसलिए ऐसी स्थिति में इस नाम पर कहीं भी नाजायज वसूली होती है तो विभाग के अधिकारियों अथवा माले को सूचित करें।उन्होंने विभाग के कार्यपालक अभियंता, कनीय अभियंता एवं टी आर डबल्यू के इंजीनियर को भी धन्यवाद दिया जिन्होंने संज्ञान लेकर तत्काल गांव का ट्रांसफार्मर लगवाने का काम किया।



# सरिया रेलवे ओवरब्रिज निर्माण में जिसकी भी जमीन जा रही है सरकार उसका उचित मुआवजा दे : डा. राय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरिया :** राज्य सरकार सरिया बाजार में व्यवसाई से बिजली बिल, टेलीफोन बिल, होल्डिंग टैक्स, जीएसटी बिल, लघु उद्योग टैक्स, सेल टैक्स , राज्य उद्योग कर सभी शहरी क्षेत्र और व्यवसाय दर पर लेती है। तो जब उन व्यवसाययों के जमीन को राज्य सरकार किसी परियोजना में अधिग्रहण करती है तो उसे ग्रामीण क्षेत्र का मुआवजा क्यों दिया जाता है। क्या यह सारी व्यवसाई यह सारे उद्योग या व्यवसाय अपने घरों में रहकर चलाते हैं क्या। और सरकार उन्हें अपने घरों में रहकर व्यवसाय करने का लाइसेंस बांट रही है क्या यह समझ से परे है । राज्य सरकार यह दोहरी नीति सरिया के व्यवसाईयों के साथ करना बंद करें। अन्यथा इसके लिए किसी भी स्तर तक जाकर प्रशासन एवं राज्य सरकार का विरोध करने के लिए मैं सदैव तत्पर रहूंगा । सरिया में ओवरब्रिज बने यह मेरी और सरिया के व्यवसाईयों की पहली प्राथमिकता होगी। और इसका प्रयास मैंने पूर्व में किया था। और केंद्र सरकार से इस मद में राशि भी आवंटित कर दी गई थी। उक्त बातें बुधवार को कोडरमा के पूर्व सांसद पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वर्तमान में हुडको के निर्देशक डॉ रविंद्र कुमार राय सरिया स्थित अपने आवास पर पत्रकार सम्मेलन के दौरान कह रहे थे। श्री राय ने आगे बताया कि सरिया रेलवे ओवर ब्रिज प्रकरण में ओवरब्रिज निर्माण करने वाली रेलवे की अधिकारी सीजीएम एवं डीआरएम से वार्ता करने के दौरान कई बिंदुओं की जानकारी भी मिली। जिसमें पूर्व में प्रस्तावित हजारीबाग रोड रेलवे स्टेशन के उत्तरी छोर से बनने वाले रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण पर राज्य सरकार के द्वारा सहमति नहीं जताई गई ।



## उपायुक्त की अध्यक्षता में जल शक्ति अभियान को लेकर बैठक आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह की अध्यक्षता में जल शक्ति अभियान को लेकर समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जल शक्ति अभियान के सफल संचालन को लेकर जल संरक्षण, जल संचयन, अमृत सरोवर आदि के क्रियान्वयन को लेकर कई बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सबसे पहले उप विकास आयुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह ने योजना पर नवीनतम प्रगति और जल शक्ति अभियान के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए विभिन्न विभागों की भूमिका के बारे में जानकारी दी।इस अभियान का उद्देश्य जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन करना, गणना, भू-टैगिंग और सभी की सूची बनाना, इसके आधार पर जल संरक्षण की वैज्ञानिक योजना तैयार करना, सभी जिलों में जल शक्ति केन्द्रों की स्थापना करना, सघन वनीकरण करना और जागरुकता सृजन करना है। इस अभियान में अतिरिक्त गतिविधियों/उपहस्तक्षेपों को शामिल किया गया है। हस्तक्षेप जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन के तहत जिसमें स्प्रिंग शेड प्रबंधन, जलग्रहण क्षेत्रों की सुरक्षा और अमृत सरोवर का निर्माण/नवीकरण शामिल है। उपायुक्त ने बताया कि पेयजल एवं स्वच्छता (जल शक्ति) मंत्रालय भारत सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक में जल शक्ति अभियान Catch the rain 2023-24 के तहत धनबाद जिला के विभिन्न प्रखंडों में जल संचयन हेतु जिला जल संरक्षण योजना (District Water Conservation Plan) तैयार किया जाना है।




## अपराधियों के विरुद्ध धनबाद मोटर्स डीलर्स एसोसिएशन का धरना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** जिले में बढ़ती अपराधिक घटनाओं को देखते हुए अब व्यपारियों ने भी जिला प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। बुधवार को जिले के बैंक मोड़ में धनबाद मोटर्स डीलर्स एसोसिएशन के बैनर तले व्यपारियो ने धरना दे कर अपनी बातों को रखा। इस दौरान व्यपारियो ने कहा कि धनबाद में व्यपारी सुरक्षित नहीं है। आए दिन उन्हें धमकी दी जाती है। उन पर गोलियां चलती है और पुलिस प्रशासन मूकदर्शक बनी हुई है।धनबाद मे दिन दहाड़े गोलियां चल रही है। अपराधी खुले आम 40 से 50 लाख की रंगदारी की मांग करते है।

## आइकॉनिक जिम्नी के साथ हर रास्ते पर सफर बनाएं आसान




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रोमांच और एडवेंचर के एक नए युग की शुरुआत के साथ, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने अपनी बहुप्रतीक्षित ऑफ-रोडर जिम्नी को 1,274,000 रुपए की कीमत पर लॉन्च करने की घोषणा की है। जिम्नी आज से पूरे देश में नेक्सा शोरूम पर डिलीवरी के लिए उपलब्ध होगी। जिम्नी (5-डोर) भावुक और पेशेवर एसयूवी पसंद लोगों को उत्साहित करने के लिए लक्षित है, जो ऑटोमैटिक और मैनुअल ट्रांसमिशन के साथ जेटा और अल्फा वेरिएंट में उपलब्ध होगी। नेक्सा की डिजाइन अवधारणा क्राफ्टेड फ्यूचरिज्म को आगे बढ़ाते हुए, जिम्नी ने नेक्सा एसयूवी पोर्टफोलियो में एक नए डिजाइन कैरेक्टर को जोड़ा है। ये तीन प्रमुख स्तंभों नेक्सप्रेशन, नेक्सटेक और नेक्सपीरियंस को भी और मजबूत बनाने में योगदान करता है। जिम्नी की कीमत की घोषणा करते हुए, हिसाशी ताकेउची, मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड, ने कहा, रोमांच की प्रतीक प्रतिष्ठित जिम्नी को भारतीय बाजार में पेश करते हुए हमें बहुत गर्व हो रहा है। सुजुकी की ऑलग्रिप प्रो (4व्हील ड्राइव) तकनीक से सुसज्जित अपने कालातीत डिजाइन और असाधारण ऑफ-रोड क्षमताओं के साथ, जिम्नी 1970 में अपनी वैश्विक शुरुआत के बाद से 5 दशकों से अधिक समय से निरंतर रूढ़ियों को तोड़ रही हे। जिम्नी (5-डोर) का लॉन्च हमारे एसयूवी पोर्टफोलियो में एक शानदार मील का पत?थर है और देश का सबसे बड़ा एसयूवी निर्माता बनने के हमारे लक्ष्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## शहर से सुदूरवर्ती गांवों तक चलाया जा रहा है मन का मिलन कार्यक्रम

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** माननीय झालसा,रांची के निर्देशानुसार 29 मई से 14 जून 2023 तक जिला विधिक सेवा प्राधिकार सरायकेला द्वारा मन का मिलन, मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम पखवाड़ा मनाया जा रहा है। सरायकेला सहित अनुमंडल न्यायालय चांडिल, जिले के लीगल एड क्लीनिक और सुदूरवर्ती गांव तक कार्यक्रम मनाया जा रहा है। बुधवार को भी यह विशेष अभियान जिला व्यवहार न्यायालय, अनुमंडल न्यायालय, चांडिल के साथ-साथ पैरा लीगल वालंटियर के माध्यम से एवं पैनल अधिवक्ताओं के सहयोग से जिले भर में मध्यस्थता पर जागरूकता कार्यक्रम सघन रूप से चलाया गया। जिसके तहत लोगों को मध्यस्थता के लाभ के बारे में बताया जा रहा है। मध्यस्थता द्वारा मुकदमे का कम समय मे निपटारा होता है तथा धन और समय का बचाव होता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव कुमार क्रांति प्रसाद ने आम लोगों से अपील की है की वे मध्यस्था के माध्यम से अपने वादों का जल्द निपटारा करें। समय और खर्च के साथ-साथ अपने रिश्तों को भी बचाएं।

## विवाह निबंधन को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला




**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त अरवा राजकमल के निर्देशानुसार समाहरणालय स्थित सभागार में बुधवार को जिला सांख्यिकी पदाधिकारी फैजान सरवर के अध्यक्षता में विवाह निबंधन को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका संचालन ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सह परियोजना पदाधिकारी हेमंत कुमार द्वारा किया गया। कार्यशाला में सभी पंचायत सचिव, प्रखंड सांख्यिकी पर्यवेक्षक एवं संबंधित कंप्यूटर ऑपरेटर को विवाह निबंधन से संबंधित फॉर्म अप्लाई, आवश्यक डाक्यूमेंट्स की आवश्यकता, पंजीकरण की प्रक्रिया सहित विभिन्न बिंदुओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। जिला सांख्यिकी पदाधिकारी ने कहा विवाह निबंधन प्रमाण पत्र पंचायत स्तर पर निर्गत किया जाए। कार्यशाला में सांख्यिकी कार्यालय से सहायक पदाधिकारी गंगासागर, ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सह परियोजना पदाधिकारी हेमंत कुमार, सीएससी मैनेजर कामेश्वर कुमार, ओम कुमार एवं अन्य उपस्थित रहे।

## आदिवासी उ.वि बांगुड़दा में माहवारी सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा प्रखंड के आदिवासी उच्च विद्यालय बांगुड़दा में बुधवार को छात्राओं के बीच माहवारी सुरक्षा सप्ताह के तहत माहवारी के बारे में जमशेदपुर से आये पैडमैन नाम से जाने वाले तरुण कुमार महतो ने विसृत जानकारी दी गई। उन्होने माहवारी के दौरान होनेवाले शारीरिक, मानसिक परिवर्तन के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। उन्होंने छात्राओं को माहवारी के दिनों में साफ सफाई पर ध्यान रखने को कहा है। इस दौरान प्रोजेक्टवाला कंपनी द्वारा विद्यालय के छात्राओं के बीच 100 पीस रियूजेबल पैड दान किया। मौके पर प्रधानाध्यापक सुजीत कुमार, विवेकानंद दरीपा, रथूनाथ महतो, जयंत रजक, प्राण कृष्ण कुंभकार,स्वेता महतो, तिलोकतमा कुमारी व नम्रता कुमारी आदि उपस्थित थे।

## लोयोला स्कूल सभाभार में जी-20 अंतर्गत एफएलएन जिला स्तरीय कार्यशाला आज

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड द्वारा जी-20 के अन्तर्गत एफएलएन से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के संबंध में विस्तृत दिशा-निदेश दिया गया है। शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जी-20 एजुकेशन वर्किंग ग्रुप की बैठक आगामी 16-22 जून, 2023 तक पुणे में निर्धारित है। इससे पूर्व देश के सभी जिलों में एफएलएन संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जाना है । उपरोक्त के क्रम में उपायुक्त विजया जाधव की उपस्थिति में जिला स्तरीय कार्यशाला दिनांक 08.06.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से लोयोला स्कूल, विष्टुपुर, जमशेदपुर के सभागार में आयोजित की गई है। कार्यशाला में 300 प्रतिभागी शामिल होंगे जिसमें बीआरपी, सीआरपी, बीईईओ, बीपीओ, एफएलएन मास्टर ट्रेनर, चिन्हित 20 स्कूल के शिक्षक तथा प्राचार्य, जिला स्तरीय एफएलएन कमिटी के सभी सदस्य शामिल हैं ।

## आकांक्षी जिला रैंकिंग में पूर्वी सिंहभूम को मिला पूरे देश में पहला स्थान

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम विजया जाधव के कुशल मार्गदर्शन, सतत् पर्यवेक्षण, सुक्ष्म समीक्षा तथा सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों के सतत प्रयास से आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत देश के 112 आकांक्षी जिलो में डेल्टा रैंकिंग के आधार पर पूर्वी सिंहभूम जिला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विशेष उपलब्धि यह है कि दूसरे एवं तीसरे स्थान पर भी स्वास्थ्य, शिक्षा एवं कृषि प्रक्षेत्र में पूर्वी सिंहभूम को ही स्थान मिला। इस अवसर पर उपायुक्त ने जिला प्रशासन की पूरी टीम को बधाई दी तथा कहा कि विशेष बधाई उन टोला, गांव, पंचायत एवं प्रखण्ड स्तर के स्वास्थ्य, शिक्षा एवं कृषि के लि कार्यरत कर्मी एवं पदाधिकारी का जिनके अमूल्य योगदान से यह उपलब्धि हासिल हुई है। प्रयास है कि जिला प्रशासन उस लम्बी कतार के अंतिम व्यक्ति के पास पहुंचे तथा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करते हुए हर चेहरे पर मुस्कान लाये ।

# यूसील की जादूगोड़ा प्रोसेसिंग प्लांट में सफाई के दौरान तीन ठेका मजदूर बेहोश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जादूगोड़ा :** यूसील की जादूगोड़ा प्रोसेसिंग प्लांट में सफाई के दौरान तीन ठेका मजदूर बेहोश हो गए।घटना पौने दो बजे की है। इधर सीआईएसएफ की अग्नि शमन विभाग की रिस्कू टीम ने घायल मजदूरों को एबुलेंस से यूसील अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद ठीक होने पर सभी को छुट्टी दे दी। घटना के बाबत बताया जाता है कि आज दोपहर पौने दो बजे यूसील की ठेका कंपनी दीपक इंजीनियरिंग के चार मजदूर भीम टुडू, आरती जावेद व रमई मुर्मू टैंक सफाई करने उतरे थे। अचानक केमिकल गैस से सामना हो गया और वहीं बेहोश हो गए।



## मतदाता सूची विखंडन पर हुई चर्चा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में सीओ मनोज कुमार की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, आसन्न नगर निगम चुनाव के मद्देनजर मतदाता सूची विखंडन के बावत चर्चा की गई। इस मौके पर सीओ ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में क्षेत्रवार मतदाता सूची का विखंडीकरण आगामी 17 जून तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 19 जून तक किया जाएगा। इसके बाद आगामी एक जून जुलाई को दावा व आपत्ति प्राप्त कर छह जुलाई तक उसका निराकरण किया जाएगा। उसी दिन मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर आगामी दस जुलाई को उसे चुनाव आयोग के पास भेजा जाएगा। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को इस कार्य मे जुट जाने का निर्देश दिया। बैठक में बीडीओ मारुति मिंज, जेएसएस दयानंद प्रसाद, बीपीआरओ सुनील चौधरी समेत कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा आयोजित भारतीय शास्त्रीय नृत्य कार्यशाला नित्योत्सव संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा आयोजित चार दिवसीय भारतीय शास्त्रीय नृत्य कार्यशाला नित्योत्सव का समापन 6 जून को हुआ। कार्यशाला का आयोजन 3-6 जून, 2023 को रवीन्द्र भवन, साकची में किया गया। समापन समारोह में जमशेदपुर म्यूजिक सर्किल के अध्यक्ष अनिरुद्ध सेन और बंसी बोस फाउंडेशन के अध्यक्ष सुभाष बोस उपस्थित थे। नृत्य कार्यशाला का आयोजन कला उद्यान के सहयोग से किया गया था, जो भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैली और संगीत में युवाओं को प्रशिक्षित करने की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रहा है। कार्यशाला में 450 से अधिक छात्रों की भागीदारी देखी गई, जिनमें से कुछ ने भाग लेने




के लिए कोलकाता, रांची और पटना से यात्रा की थी। कार्यशालाओं का संचालन करने के लिए भारत भर से आए शिक्षकों ने भी अपनी नृत्य प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कोलकाता की शाश्वती गरई ने ओडिसी की प्रस्तुति दी साथ ही सिखाया जबकि दिल्ली की विधा लाल ने कथक की प्रस्तुति दी और सिखाया।

## मखदुमपुर में 20 वर्षों के नाले जाम की बदबू व जलजमाव से लोगों को मिली मुक्ति

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** परसुडीह क्षेत्र के मखदुमपुर बस्ती का नाला करीब 20 सालों से जाम होने के कारण बस्तीवासियों के परेशानी का सबब बनी हुई थी। इस समस्या को लेकर मखदुमपुर बस्ती के लोग कई बार रेलवे के पदाधिकारियों व कार्यालय में समस्याओं को लेकर ज्ञापन भी दिया पर इसपर किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नही हुई। इस समस्या को लेकर समाजसेवी आकाश श्रीवास्तव ने भाजपा झारखंड प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाडंगी से समाधान का आग्रह किया। जिसपर बुधवार को कुणाल षाड़ंगी ने रेलवे से अनापत्ति पत्र प्राप्त करवाकर व्यकितगत स्तर पर पोकलेन मशीन की व्यवस्था की एवं नाले की साफ-सफाई शुरू करवाई।



क्षेत्र के लोगों ने 20 वर्षो से के बाद नाले के साफ-सफाई होने पर कुणाल षाडंगी के प्रति आभार जताया। मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य सुदीप्तो डे राणा, आकाश श्रीवास्तव, संजीव श्रीवास्तव, ओम प्रकाश रजक, बबीता सिंह, ऋतिका श्रीवास्तव, सूर्या श्रीवास्तव, बसंत श्रीवास्तव, आदि थे।

## नेशनल स्कूल वॉलीबॉल में गम्हरिया की नेहा व पिंकी का झारखंड टीम में हुआ चयन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** मप्र के भोपाल में आयोजित नेशनल स्कूल गेम के वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए सरायकेला- खरसावां जिले के गम्हरिया निवासी नेहा कुमारी एवं पिंकी कुमारी का चयन झारखंड राज्य टीम के लिए हुआ है। स्कूल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता के लिए राज्य की टीम में अपना नाम दर्ज कर दोनों बालिकाओं ने न सिर्फ अपने जिले का बल्कि प्रदेश का नाम भी रोशन किया है। यह जानकारी देते हुए जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के सचिव गणेश चौबे ने इन खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं। जिला स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से भी भी इन खिलाड़ियों की उपलब्धि पर हर्ष प्रकट किया गया है।

## टांगराईन स्कूल की छात्राओं ने हथेलियों पर लाल बिंदी लगा कर लिया माहवारी स्वच्छता का संकल्प

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** टांगराईन स्कूल की छात्राओं ने हथेलियों पर लाल बिंदी लगाकर माहवारी स्वच्छता का संकल्प लिया।शिक्षा विभाग की ओर से एवं यूनिसेफ के सहयोग से चल रहे माहवारी स्वच्छता अभियान के तहत आज टांगराईन स्कूल में कक्षा 6 से 8 तक की बच्चियों को माहवारी स्वच्छता का प्रशिक्षण दिया गया। सामाजिक संस्था युवा की प्रशिक्षक ज्योति हेंब्रम, रीला सरदार एवं अवंती सरदार ने वीडियो फिल्म एवं चार्ट के जरिए किशोरियों को प्रशिक्षण दिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद तिवारी ने



बताया कि छात्राएं प्रशिक्षण के बाद बिना संकोच के माहवारी स्वास्थ्य और स्वच्छता प्रबंधन कर सकेंगी। चुप्पी तोड़ो खुलकर बोलो का नारा साकार होगा। इस समस्या को दूर करने के लिए लोगों में जागरूकता लाने हेतु रेड डॉट चैलेंज को सोशल मीडिया से प्रसारित किया जा रहा है जिसका प्रतीकात्मक संदेश है कि माहवारी के दौरान पूरा परिवार किशोरियों के साथ है । इस चैलेंज को यूनिसेफ ने शुरू किया है। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक राजीव सिंह ,अमल दीक्षित, दसमत मुर्मू, निरंजन सिंह एवं राजेंद्र सिंह मुंडा भी उपस्थित थे।

## जेसीआई ने आदित्यपुर थाना में लगाया अमृत धारा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** इस भीषण गर्मी को देखते हुए सामाजिक संस्था जेसीआई जमशेदपुर पहचान की ओर से बुधवार को आदित्यपुर थाना परिसर में अमृत धारा (शीतल एवं नर्मल पेयजल केंद्र) जीएमसीएक्स प्राणिक हीलिंग क्लिनिक के सौजन्य से लगाया गया। अध्यक्ष संगीता काबरा के नेतृत्व में इसका फीता काटकर विधिवत उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विजय आनंद मुनका ने किया गया। मौके पर प्रमुख रूप से सरायकेला एसडीपीओ हरविंदर सिंह, आदित्यपुर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी राजन सिंह, आदि थे।

## जिप उपाध्यक्ष ने सीएचसी नीमडीह का किया औचक निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**नीमडीह :** सरायकेला खरसावां का जिला परिषद उपाध्यक्ष मधुश्री महतो व जिप उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील कुमार महतो ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नीमडीह का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ के सी मुंडा ने जिला परिषद उपाध्यक्ष को स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा उपलब्ध सेवा गर्भवती महिलाओं की प्रसूति गृह, कुपोषण गृह, अन्य चिकित्सा सुविधा संबंधी जानकारी दी। मौके पर 2008 से प्रसूति गृह में दाई के रुप में कार्यरत चंचला मछुआ ने जिप उपाध्यक्ष को बताया कि सात माह से उन्हें मानदेय भुगतान नहीं किया गया और उन्हें सेवा मुक्त करने का प्रयास किया जा रहा है। जिप उपाध्यक्ष ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को कहा कि बिना दाई का गर्भवती महिलाओं का प्रसूति में काफी कठिनाई है। इसलिए दाई को बहाल रखने का हर



हाल में प्रयास किया जाय। उन्होंने कहा कि दाई को बहाल रखने के लिए वे सिविल सर्जन से भी बात करेंगे। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि दो दाई को अस्पताल प्रबंधन समिति द्वारा नियूक्त किया गया था। मौके पर दाई चंचला मछुआ व शंकरी देवी ने सेवा बहाल रखने के लिए जिप उपाध्यक्ष को आवेदन दिया।

## हॉर्टिकल्चरल सोसायटी जमशेदपुर ने 50वां विश्व पर्यावरण दिवस मनाया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** हॉर्टिकल्चरल सोसाइटी जमशेदपुर (एचएसजे) ने 50वां विश्व पर्यावरण दिवस मनाया, जिसमें दीर्घकालिक जीवन को बढ़ावा देने और प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से कई गतिविधियां की गई। बिष्टुपुर ब्लड बैंक में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां समाज के सदस्य पेड़ लगाने और पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए एकत्र हुए। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रवि रंजन, आईएफएस, अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक झारखंड ने भाग लिया। एचएसजे की अध्यक्ष सुमिता नूपुर ने श्री रंजन का स्मृति चिन्ह (पौधे) के साथ स्वागत किया और उन्हें प्लास्टिक प्रदूषण को मात देने और कार्बन फुटप्रिंट को नियंत्रित करने के लिए स्पीकिंग वॉल और वृक्षारोपण के रूप में समाज द्वारा की गई पहलों के



बारे में जानकारी दी। इस कार्यक्रम में एचएसजे के कई वरिष्ठ सदस्य शामिल थे, जिनमें बेरेन मैती, उपाध्यक्ष, जयंत घोष, संयुक्त सचिव, अश्विनी श्रीवास्तव, सचिव, आलोक कुमार, एस बी मंडल, संजय चौधरी, गीता शुक्ला एवं अन्य सदस्य है ।

## जल व स्वच्छता समिति की बैठक में वंचित लाभुकों को शौचालय देने पर हुआ विचार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के तहत कुचाई प्रखंड मुख्यालय सभागार में प्रखंड के सभी मुखिया पंचायत सचिव एवं जल संहिया के साथ प्रखंड प्रमुख गुड्डी देवी की अध्यक्षता में एक प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित किया गया। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के तहत पंचायत स्तर पर बनने वाले नाडेप टैंक सत्ता गड्ढा पर विशेष विचार विमर्श किया गया। वही बैठक में सभी मुखिया पंचायत सचिव एवं जलसहिया को निर्देश देते हुए कहा कि कुचाई प्रखंड स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण कार्यक्रम के अंतर्गत



प्रखंड को ओडीएफ घोषित किया गया है। परंतु वर्तमान समय पर ग्राम स्तर पर नए परिवार का अस्तित्व होता है। अथवा संयुक्त परिवार से लोग अलग नए घर का निर्माण उपरांत एकल परिवार के रूप में निवास करते हैं। साथ ही वैसे योग्य लाभुक सरकारी लाभ से वंचित है। लाभुक का चिन्हित व सर्वे कर आवेदन भरकर प्रखंड मुख्यालय में जमा किया जाए ताकि वंचित योग्य लाभुकों को शौचालय की लाभ मिल सके।पंचायत स्तर पर स्वच्छ भारत मिशन के तहत नाडेप टैंक सत्ता गड्ढा निर्माण हेतु पी एच डी एस बी एम से 70 प्रतिशत संचालित होगी जबकि ग्राम पंचायत 15 वित्त आयोग से 30 प्रतिशत योजना में संचालित होगा। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख गुड्डी देवी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी अशोक कुमार महतो कनिय अभियंता अश्वनी सरदार प्रभारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सुरेश कुमार कोडा प्रखंड समन्वयक जीयाउल हक रूगुडीह मुखिया करम सिंह मुंडा आरुवां मुखिया सरस्वती मींज छोटासेगोई मुखिया लुदरी हेंब्रम बारूहातु मुखिया रेखा मनी उरांव पोंडाकाटा मुखिया अनुराधा उरांव पंचायत सचिव राजकुमार साहू गदाधर सतपति आदि जल सहिया उपस्थित थे।

## प्रखंड स्तर में चल रहे विभिन्न योजना की समीक्षा बैठक संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**नीमडीह :** कुकड़ू प्रखंड सभागार में बुधवार को प्रखंड स्तर में चल रहे मनरेगा, जे एस एल पी एस,एवं विभिन्न योजना के अंतर्गत योजना में तेजी लाने के प्रखंड स्तर में समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश कुमार गोप सहित प्रखंड के सभी मुखिया, रोजगार सेवक, सचिव, बागवानी सखी साथ बागवानी लाभुक शामिल हुए। इस दौरान प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी राम लगन उरांव ने मनरेगा के तहत चल रहे योजना के बारे एवं कार्य करने का नियमों का जानकारी दिया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश कुमार गोप, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी पदाधिकारी राम लगन उरांव, सहायक अभियंता विकाश सिंह, कनीय अभियंता भोलानाथ महतो, तुलसी कालिंदी,आदि थे।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# उपायुक्त ने जनता दरबार के माध्यम से सुनी आमजनों की समस्याएं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त श्री अबु इमरान ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। उक्त जनता दरबार मे उप विकास आयुक्त श्री उत्कर्ष गुप्ता भी मौजूद थे। उपायुक्त ने आमजनों की समस्याओं से जुड़े अवेदनों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित पदाधिकारी को त्वरित गति से मामलों का नियमानुसार निष्पादन करने का निर्देश दिया।तालाब के गहरीकरण हेतु ग्राम नवडीहा से आये जन प्रतिनिधि ने बताया कि पूर्वनिर्मित हरैया आहर मिट्टी एवं अन्य प्राकृतिक कारणों से भर गया है जिसके कारण तालाब का अस्तित्व खतरे में हैं। उन्होंने उक्त तालाब का गहरीकरण जनहित में करने की अर्जी की है जिससे कि क्षेत्र की जनता के समक्ष जल संकट का समाधान हो सके। उग्रवादी हिंसा पीड़ित आश्रितों को नौकरी हेतु ग्राम भौराज से आये निवासी ने बताया कि उनके पिता की मृत्यु उग्रवादी हिंसा के दौरान हो गई थी। उन्होंने आवेदन देते हुए गुहार किया है कि उनके मृत पिता के स्थान पर उन्हें नौकरी पर नियुक्त करने की कृपा की जाए। अन्य समस्याओं में मुख्य रूप से आवास संबंधित, भूमि संबंधित, आंगनबाड़ी संबंधित मामले शामिल थे।ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार/शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

## विधायक निधि योजना से जबड़ा चौक पर हाई मास्क लाइट का उद्घाटन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के जबड़ा चौक पर विधायक निधि योजना द्वारा हाई मास्क लाइट का उद्घाटन किया गया। यह उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि सुधीर सिंह ने विधिवत पूजा अर्चना करते हुए नारियल तोड़ उद्घाटन किया। प्रतिनिधि सुधीर सिंह ने बताया कि अब चौक पर अँधेरा नहीं रहेगा। अन्धेरा से निजात मिलेगी। मौके पर दयानिधि सिंह, जीप सदस्य देवनन्दन सिंह, अमित साहू के अलावे अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन की हुई जांच अनियमितता की पुष्टि

**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह प्रखंड परिसर में करोड़ों की लागत से प्रखंड सह अंचल कार्यालय चार इमारती भवन का निर्माण कार्य तीन वर्ष पूर्व बना है।। उक्त भवन के निर्माण कार्य की स्थिति बदतर है। जहां भवन के निर्माण कार्य में अनियमितताओं के मद्देनजर पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर ने जिला परिषद की बैठक में इसे लेकर गुणवत्ता पर सवाल खड़े किए थे और जांच की मांग उठाई थी जिसको लेकर बुधवार को स्पेशल डिवीजन के सहायक अभियंता प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन की जांच के लिए पहुंचे उन्होंने बड़ी बारीकी से भवन निर्माण कार्य का अवलोकन किया और इस बात की पुष्टि की कि कई जगह से भवन की स्थिति शराब है। उन्होंने संवेदक के द्वारा इसे शीघ्र दुरुस्त कराए जाने की बात कही। अब यह सवाल बनता है कि जिला परिषद के द्वारा उठाए गए सवाल जोकि भवन के दीवारों में दरारें आ चुकी है एवं बारिश के मौसम में भवन की दीवारें भीग (सिंड) जाती है। उन्होंने प्रश्नकाल के दौरान बताया था कि पहली बरसात में ही भवन निर्माण कार्य की पोल खुल गई है। इस संबंध में सदन द्वारा कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल लातेहार को निर्देश दिए गए थे कि जिप सदस्य की उपस्थिति में निर्माण कार्य की जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे ताकि दोषी अधिकारी व संवेदक पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाए। अब देखना है कि जांच में अनियमितता की पुष्टि होने के बाद भी कार्रवाई होती है या नहीं।

## जनसेवक के हड़ताल से विकास कार्य प्रभावित

**बारियातू-बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड राज्य जनसेवक संघ के आह्वान पर एकीकृत बालूमाथ बारियातू व हेरहंज प्रखण्ड के 11 जनसेवक अपनी 11 सूत्री मांगो को लेकर नौ मई से लगातार अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। बुधवार को अनिश्चितकालीन हडताल का तीसवां दिन है .जिससे ग्रामीणों की परेशानी काफी बढती जा रही है। बालूमाथ प्रखण्ड से जनसेवक मनीष कुमार, सुमित कुमार सिन्हा, आशीष रंजन, पवन कुमार सिंह, रीना कुमारी, अरविंद प्रसाद, बारियातू से चंदन कुमार, प्रकाश कुमार, अरविंद पाण्डेय, हेरहंज से समीर सुमन भेंगरा व सूर्य प्रकाश शामिल हैं। एकीकृत बालूमाथ बारियातू व हेरहंज प्रखण्ड मे कुल 27 पंचायत है। जिसमें ग्यारह जनसेवक जो पंचायत सचिव के पद पर कार्यरत है.इनके अनिश्चित कालीन हडताल पर जाने से संबंधित पंचायत मे पीएम आवास, मनरेगा कार्य,15 वें वित्त, जन्म -मृत्यु प्रमाण पत्र, सहित कई महत्वकांक्षी योजनाओं का कार्य प्रभावित हो रहा है। जनसेवक प्रकाश कुमार ने बताया कि हम सभी जनसेवकों का ग्रेड पे 2400 से घटाकर 2000 कर दिया जनसेवक संवर्ग का नाम बदल कर कृषि प्रसार पर्येवेक्षक या प्रखण्ड उप कृषि पदाधिकारी करने सहित अन्य कि मांग किया जा रहा है।

# भाजपा युवा मोर्चा की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** महुआडांड़ प्रखंड स्थित जिला परिषद भवन सभागार में भाजपा युवा मोर्चा प्रखंड कार्यसमिति की बैठक कराई गई। जिसकी अध्यक्षता भाजपा युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष दीपेंद्र नाथ शाह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष दीपेंद्र नाथ साह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बेमिसाल 9 साल की उपलब्धियों को बताते हुए 2024 के लोकसभा चुनाव में फिर से भाजपा की सरकार बनाने के मिशन में युवाओं को जुट जाने का आह्वान किया। युवा मोर्चा उपाध्यक्ष नीतीश कुमार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहां कि सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में लोगों से संपर्क करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में किस तरह देश मजबूत हुआ है इससे पहले देश छोटे-छोटे फैसलों में भी बहुत समय लगाता था लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत किस तरह विश्व में अपनी मजबूत पहचान बना रहा है यह बताते हुए प्रत्येक युवा को जोड़ने का कार्य करें। बैठक में मुख्य रूप से भाजयुमो प्रखंड अध्यक्ष दीपेंद्र नाथ साह, उपाध्यक्ष नीतीश कुमार साहू, हिंदू युवा वाहिनी के जिला अध्यक्ष मुकेश जायसवाल, भाजयुमो महामंत्री प्रशांत नाथ साह, अकाश कुमार गुप्ता, अभय जायसवाल, प्रशांत सिंह,शुभम कुमार, समेत प्रखंड के सभी बूथों के बुथ अध्यक्ष उपस्थित थे।

## आजसू पार्टी ने तीन सूत्री मांग उपायुक्त को आवेदन सौंपकर धरना प्रदर्शन का किया समापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** अंचल में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ आजसू पार्टी का तीन दिवसीय धरना बुधवार को उपायुक्त को 3 सूत्री मांगों के साथ आवेदन सौंपकर समाप्त हुआ। मौके पर आजसू पार्टी के जिलाध्यक्ष अमित पाण्डेय ने कहा कि अंचल में फैले भ्रष्टाचार के लिए जनता के मुद्दों पर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा है और कार्रवाई की मांग की है साथ ही साथ अगर आवेदन पर कोई कार्यवाही नहीं होती है तो पार्टी आगामी कार्यक्रमों के लिए भी तैयार हैं।अंचल को दलालों से मुक्त कर स्वच्छ वातावरण बनाना प्रशासन का काम है कोई भी व्यक्ति को अवैध पैसा काम के लिए देना पड़े तो आजसू पार्टी उनके लिए हमेशा लड़ने को तैयार रहेगी वहीं मौके पर केंद्रीय सचिव जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि आजसू पार्टी दबे कुचले लोगों की बात आवाज है आज तीन दिवसीय कार्यक्रम को जनता ने सफल बना कर यह संदेश दिया है, कहीं ना कहीं अंचल कर्मी भ्रष्टाचार में संलिप्त है। उन पर कार्रवाई हो नहीं तो आगे रास्ते खुले हुए हैं,जिला उपाध्यक्ष श्रवण पासवान ने कहा हम जनता की आवाज बनकर हर समय अपनी मांगों को रखते हैं, आंदोलन करना हमारा शौक नहीं मजबूरी है। जनता के मुद्दों पर अगर सरकार ऐसा रवैया रखेगी तो आजसू पार्टी हर कदम पर जवाब देने को तैयार है मौके पर संजय तिवारी ने कहा कल 1000 आवेदन मुख्य सचिव तथा ईडी को भेजा जाएगा। और कार्रवाई की मांग की जाएगी विभिन्न वक्ताओं ने अपनी बातों को रखा मौके पर जिला प्रवक्ता नितेश पाण्डेय जिला उपाध्यक्ष विजेंद्र दास ओबीसी जिला अध्यक्ष कुंदन जयसवाल चंदवा प्रखंड अध्यक्ष राजा दुबे लातेहार प्रखंड अध्यक्ष अमर उरांव बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष शंकर गांव विकास साहू राहुल दुबे कुंदन तिवारी नब्बू भुईयां रीमा देवी संजय तिवारी प्रीतम गुप्ता जसोदा कुँवर पूजा देवी महेंद्र उराँव जनार्दन साहू नंदकिशोर यादव कुलदीप उरांव सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## अज्ञात अपराधियों ने बुजुर्ग को चाकू मारकर किया घायल, स्थिति गंभीर

**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टंडवा प्रखंड के सराडू निवासी सह स्वास्थ्य विभाग के सेवा निवृत कर्मचारी हीरा सिंह को मंगलवार की रात अज्ञात अपराधियों ने धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। हीरा सिंह अपने घर में अकेले रहते थे, सुबह जब घर का दरवाजा देर तक नहीं खुला तो आस पड़ोस के लोगों ने देखा कि खून से लथपथ श्री सिंह पलंग पर पढ़े हुए हैं और उनका पूरा शरीर लहूलुहान पडा है। तत्काल घटना कि जानकारी स्थानीय लोगों के द्वारा टंडवा थाना को दी गई। घटना की सूचना मिलते हैं टंडवा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची एवं हीरा सिंह का स्वांस को चलता देख इलाज के लिए टंडवा अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार करते ही बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग आरोग्यं हॉस्पिटल भेज दिया। परंतु वहां भी डॉक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदांता रांची रेफर कर दिया। इस गंभीर घटना को अंजाम देने वाले का अभी तक अता पता नहीं चल पाया है। घायल हीरा सिंह के पुत्र राकेश सिंह ने घटना को लेकर जमीनी विवाद होने का अंदेशा जता रहे हैं। हालांकि अभी इस पर कुछ भी कहना मुनासिब नहीं समझा जाता, श्री सिंह को होश में आते ही जल्द घटना से पर्दा उठ सकता है। फिलहाल इस बाबत को लेकर टंडवा इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ने बताया कि घटना कि जांच करते हुए बहुत ही जल्द घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

## फलेरिया उन्मूलन के लिए जागरुकता अभियान चलाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारीयातु :** बालूमाथ सीएचसी प्रभारी डाक्टर सुरेश राम के निर्देश पर स्वास्थ्य कर्मीयो द्वारा बारियातू प्रखण्ड अंतर्गत डाढा पंचायत सचिवालय परिसर के सभागार में कार्यक्रम आयोजित कर फलेरिया से सुरक्षीत रखने एंव बचाव के प्रति जागरुकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में सीएचसी बालुमाथ से उपस्थित चिकित्सा कर्मी पंकज पांडेय ने फलेरिया के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि फलेरिया क्युलेक्स मच्छर के काटने से होने वाला एक गम्भीर संक्रामक जटिल बिमारी है। जिसे आमतौर पर हाथी पांव भी कहा जाता है. प्रारम्भिक अवस्था मे इसकी पुष्टि होने के बाद जरूरी दवा सेवन से इसे रोका जा सकता है। इसका पता लगभग चार-पांच साल तक नहीं चल पाता है। अगर समय रहते इसका पता चल जाए तो इलाज संभव है। इसी को लेकर जगह शिविर लगा कर ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। मौके पर पंचायत के मुखिया सुरेश उरांव, ने बताया कि 8 जुन, नवाटोला, और कटईटोला मे एवं 9 जुन को गोखलावागी, एवं गोपाल पुर में शिविर का आयोजन किया जाना है। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य, जया देवी, संतोष भगत, उप मुखिया जेएसएलपीएस, सभी वार्ड सदस्य, आंगनबाड़ी सेविका, बिरेंद्र कुमार सिंह, सैलेश सिंह जगदीश यादव सहित अनेकों ग्रामीण उपस्थित थे।

# पीएमजीएसवाई के तहत हो रहे सड़क निर्माण कार्य में बरती जा रही है घोर अनियमितता, प्रशासन बेखबर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** नक्सल प्रभावित जिले के बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत लाभर सीआरपीएफ पिकेट से नावाडीह होते हुए अम्वाटिकर तक ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत हो रहे सड़क निर्माण कार्य मे संवेदक द्वारा गुणवत्ता को ताक पर रख कर भारी अनियमितता बरती जा रही है। वही योजना स्थल पर कार्य कर रहे मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी से कम मजदूरी वो भी लेट लतीफ दिया जाता है। पुछे जाने पर मजदूरों ने बताया कि कार्य स्थल पर पानी का भी व्यवस्था नहीं है। योजना मे पानी का छिड़काव भी नहीं किया जा रहा है। जिस कारण उड़ते धूल कन से लोगों को भारी परेशानियां भी हो रही है।वहीं चुंगरु पंचायत के मुखिया बालदेव परहिया ने कहा कि यह पथ पूर्व से ही ग्रेड् वन किया गया था। इसी में डस्ट छिटकर ढलाई कर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा की उक्त सड़क का गुणवत्ता को ताक पर रख कार्य कराया जा रहा है। घटिया मैटेरियल का योजना मे प्रयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है। ग्रामीण महेंद्र प्रजापति ने कहा कि डस्ट से हमलोग सभी ग्रामीण परेशान हैं, घर से बाहर निकलना दूभर हो गया है कई लोग बीमार हो गए है। चेकअप कराने के बाद पता चला कि यह सब विमारी डस्ट धुल कण कि वजह से हो रहा है वहीं अन्य ग्रामीणों ने भी कहा कि योजना में डस्ट छिटने के बाद पानी का छिड़काव नहीं किया जा रहा है। जिसके वजह से धुल फांकना पड़ रहा है। और हमलोग कई तरह के बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। यहां बताते चले की योजना स्थल पर लगाए गए बोर्ड पर सड़क की प्राकलित राशि का अंकित नहीं होना भी लोगों को समझ से परे है। लोगों की माने तो सड़क निर्माण कार्य में प्राक्कलन घोटाले की बू आ रही है। जबकि नियमतः किसी भी सरकारी योजना मे योजना स्थल पर बोर्ड लगाना और उक्त बोर्ड में सभी जानकारी देना अनिवार्य है। लेकिन यहां आवश्यक जानकारी समेत प्रकालन राशि अंकित नहीं होने से योजना में भ्रष्टाचार होने की भी पूरी आशंका व्याप्त है।इधर इस संबंध मे कुछ दिन पूर्व संबधित विभाग के कार्यपालक अभियंता से बात किए जाने पर उन्होंने आश्वासन दिया था की जांच कर करवाई की जाएगी।लेकिन इस दिशा मे अबतक कोई जांच नही किए जाने से संवेदक की चांदी कट रही है।और सड़क निर्माण कार्य मे धड़ल्ले से अनियमितता बरती जा रही है।

## जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हरा राशन कार्डधारकों को मिला अनाज



**मयूरहंड (प्रभात मंत्र संवाददाता):** करीब 6 माह बाद प्रखंड के करमा पंचायत के ढोढी के करीब 30 हरा राशन कार्डधारकों को जिला परिषद सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी, मुखिया रामनाथ यादव, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि नीरज प्रसाद महतो उर्फ मनोज दांगी, वार्ड सदस्य लवकेश दांगी की उपस्थिति में पीडीएस दुकानदार बाबूलाल दांगी ने खाद्यान्न का वितरण किया। 5 किलो के बनाए गए पैकेट प्राप्त कर हरा राशन कार्ड धारकों के बीच खुशी देखा गया और राज्य सरकार को साधुवाद देते नजर आए।

## झारखंड पार्टी ने रामजड़ी गांव में चलाया सदस्यता अभियान, भाजपा, कांग्रेस छोड़ लोग हुए शामिल



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड पार्टी विधानसभा चुनाव 2024 की तैयारियों में पूरी तरह से जुड़ चुकी है और इसी को लेकर बुधवार को कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के राम जोड़ी गांव में झारखंड पार्टी की ओर से सदस्यता अभियान चलाया गया इस मौके पर झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का शामिल हुए मौके पर झापा युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का सहित पार्टी के कई अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। सर्वप्रथम लोगों की समस्याओं को सुना गया जिसमें बिजली पानी सड़क सहित कई प्रकार की समस्या शामिल रहे जिन्हें जल्द से जल्द दूर करवाने की आश्वासन दिए। पूर्व मंत्री ने कहा कि झारखंड पार्टी एक ऐसी पार्टी है जहां पर सभी धर्मों का सम्मान किया जाता है। झारखंड पार्टी में भेदभाव ऊंच-नीच और संप्रदाय विशेष को लेकर कार्य नहीं करती है बल्कि सभी लोगों का विकास में विशेष फोकस रहता है। झारखंड पार्टी हमेशा लोगों के मूलभूत सुविधाओं को किस प्रकार से पूरा करना है इस पर विशेष ध्यान देते हुए काम किया है मेरे मंत्री रहते हुए इस क्षेत्र में चौमुखी विकास किया गया था जो कि मेरे जाने के बाद पूरी तरह से रुक गई है यहां की जनता अपने आप को ठगा महसूस कर रही है वर्तमान जनप्रतिनिधि क्षेत्र के लोगों के भावनाओं को चलने का काम किया है। इसलिए अब वक्त आ गया है कि आप सभी लोग झारखंड पार्टी का दामन थाम कर पार्टी को मजबूती प्रदान करें और 2024 के चुनाव में इस क्षेत्र में एक बार फिर से झारखंड पार्टी को सेवा करने का मौका दे इधर झारखंड पार्टी की नीति सिद्धांतों से प्रभावित होकर दर्जनों लोगों ने भाजपा एवं कांग्रेस छोड़ झापा का दामन थामा। **इन लोगों ने थामा झारखंड पार्टी का दामन :** झारखंड पार्टी में शामिल होने वाले नारायण प्रधान, जगरनाथ प्रधान, सुरेंद्र प्रधान, धर्मेंद्र गंझु शंकर गंझु, दशरथ गंझु, मंगू प्रधान, राम सिंह गंझु, नानू नायक, फगुआ प्रधान, सेवाती देवी, कौशल्या देवी, यशोमती देवी, अमृता देवी, सीता देवी, द्रोपदी देवी, अशियन तोपनो,इमिल सुरीन,कोमल समद, इस्राइल तोपनो सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

## मानवाधिकार (राष्ट्रीय व राज्य मानवाधिकार आयोग) व लोकायुक्त से संबंधित मामले की समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त चतरा अबु इमरान की अध्यक्षता में माननीय उच्च न्यायालय/ मानवाधिकार (राष्ट्रीय एवं राज्य मानवाधिकार आयोग) एवं लोकायुक्त से संबंधित मामले में लंबित वादों की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में माननीय उच्च न्यायालय झारखंड में जिले के वादों को ससमय निबटारा के लिए उपायुक्त ने लंबित वादों की विभागवार व अँचलवार समीक्षा करते हुए उन्होंने निदेश दिया कि वे इन मामलों का ससमय निष्पादन कराने हेतु प्रति शपथ पत्र दायर करके त्वरित रूप से कार्रवाई की जाय। उपायुक्त ने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय के मामलों को प्राथमिकता देते हुए निष्पादन के कार्य में तेजी लाई जाये। न्यायालय के लंबित मामलों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने गंभीर और जटिल मामलों को अविलंब संज्ञान में देने की भी बात कही ताकि ससमय उसका हल निकाला जा सके। बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चतरा अविनाश कुमार, भू अर्जन पदाधिकारी गोरांग महतो समेत अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कोयल व्यूप्वाइंट में निर्माण कार्य में अनियमितता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** राज्य सरकार द्वारा नेतरहाट की सुंदर वादियों को विश्व के समक्ष एक खूबसूरत पर्यटन स्थल के रूप में प्रस्तुत करने की कवायद तेज है। जिसे लेकर नेतरहाट पर्यटन क्षेत्र को विकसित करने में करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। लेकिन इन करोड़ो की लागत से निर्माण कार्य किस प्रकार हो रहा है, अधिकारियों को यह देखने की जरूरत है। नेतरहाट स्थित कोयल व्यू प्वाइंट में हो रहे निर्माण कार्य में संवेदक के द्वारा अनियमितता बरती जा रही है। निर्माण कार्य में नींव के गड्ढे से लेकर इसमें लगने वाले सरिया सीमेंट की गुणवत्ता भी जांच करने योग्य है। वही निर्माण कार्य में बंगला ईटों का प्रयोग किया जा रहा है। **क्या कहते हैं मजदूर :** निर्माण कार्य में लगे मजदूरों से जब उनको दिए जा रहे हैं मजदूरी के संबंध में पूछा गया तो मजबूरी ने बताया की बाहर से आए हुए मजदूरों को 400 प्रतिदिन दिया जा रहा है जबकि प्रखंड के मजदूरों को सिर्फ 290 प्रतिदिन दिया जा रहा है। क्योंकि प्रखंड में काम की कमी है जिसके कारण हमें इस मजदूरी दर पर भी कार्य करना पड़ रहा है। **निर्माण कार्य की गुणवत्ता :** अगर इस निर्माण कार्य की गुणवत्ता के संबंध में देखा जाए तो नींव के गड्ढे से लेकर लगने वाले सरिया और उपयोग में लिए लाए जा रहे हैं सीमेंट का गारा की गुणवत्ता की जांच करने योग्य है। इस निर्माण कार्य में बांग्ला ईटा का उपयोग किया जा रहा है जो इसकी गुणवत्ता को दर्शाता है। वही पीलरों में उपयोग किए जा रहे लोकल सरिया भी जांच करने योग्य है। **क्या कहते हैं जनप्रतिनिधि :** इस संबंध में जिप सदस्य इस्तेला नगेसिया ने बताया कि अभी यह मामला हमारे संज्ञान में आया है। मेरे द्वारा इस पर जांच किया जाएगा और अगर इस पर किसी प्रकार की अनियमितता बरती जा रही है तो आगे संबंधित अधिकारियों को इसकी सूचना देते हुए जांच की मांग की जाएगी। वही नेतरहाट पंचायत के मुखिया राम विशुन ब्रिजिया ने बताया कि यदि हमारे क्षेत्र के मजदूरों के साथ भेदभाव हो रहा है तो इस पर जांच करते हुए कार्रवाई की जाएगी।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


# राज्यपाल ने आम महोत्सव का किया उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को कृषि प्रणाली का पहाड़ी और पठारी अनुसंधान केन्द्र, प्लांडु में आम महोत्सव-सह-किसान मेला प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस दौरान राज्यपाल ने आम की विभिन्न प्रजातियों का अवलोकन भी किया। उन्होंने प्रगतिशील किसानों और नर्सरी के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित भी किया। मौके पर राज्यपाल ने कहा कि एक ही स्थान पर इतने प्रजाति के इतने आम कम ही देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि यह आम महोत्सव केवल आम के विभिन्न प्रजातियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे किसानों के अथक प्रयासों और परिश्रम का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आईसीएआर को राज्य में आम की विभिन्न किस्मों को विकसित करने के साथ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक विशिष्ट पहचान स्थापित करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री द्वारा किसानों के विकास के लिए कई पहल किए गए हैं। प्रधानमंत्री की ओर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को उनके खाते में सीधे राशि प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारे वैज्ञानिकों के जरिये किसानों के हित में निरंतर कई अनुसंधान किये जा रहे हैं, किसानों को उन अनुसंधानों के प्रति जागरूक रहना चाहिए तथा उनका लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने आशा प्रकट करते हुए कहा कि यह आम उत्सव सह-किसान मेला आम की नई किस्मों, अत्याधुनिक तकनीकों और नवीन उत्पादों को लोकप्रिय बनाने में सहायक होगा।




## चलते चलते एक नजर

### रूस और चीन पर नजर रखने के लिए जासूसी उपग्रह लॉन्च करेगा अमेरिका



**वाशिंगटन :** रूस और चीन पर नजर रखने के लिए अमेरिका अगले कुछ महीनों में जासूसी उपग्रह लॉन्च करेगा। माना जा रहा है कि अमेरिका कई उपग्रह लॉन्च करेगा, जिनकी शुरुआत जुलाई के बाद होगी।अमेरिका ने रूस और चीन की अंतरिक्ष में बढ़ती हुई ताकत को मात देने की तैयारी कर ली है। कुछ दिन पहले ही ऐसी रिपोर्ट आई थी कि चीन के एक उपग्रह ने अंतरिक्ष के अंदर अमेरिकी उपग्रह की जासूसी की थी। इससे अमेरिकी रक्षा विभाग में हड़कंप मच गया था। इस घटना के बाद से ही अंतरिक्ष में चीन और रूस को कड़ी टक्कर देने की तैयारियां शुरू हो गई थी। साइलेंट बार्कर नाम से बुलाया जाने वाला उपग्रहों का यह नेटवर्क जमीन आधारित सेंसर्स और पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित उपग्रहों की क्षमता बढ़ाने में अपनी तरह का पहला तंत्र होगा। इन उपग्रहों को पृथ्वी से लगभग 22,000 मील (35,400 किलोमीटर) ऊपर रखा जाएगा। अमेरिकी स्पेस फोर्स यानी अतंरिक्ष बल राष्ट्रीय टोही कार्यालय (एनआरओ) के साथ उपग्रह लॉन्च करने की तैयारी में लगा है। उसका कहना है कि ये उपग्रह समय पर खतरे का पता लगाने, अंतरिक्ष से वस्तुओं को खोजने और ट्रैक करने की क्षमता प्रदान करेंगे। एनआरओ ने जानकारी देते हुए बताया कि साइलेंट बार्कर नाम से बुलाए जाने वाले उपग्रहों को जुलाई के बाद लॉन्च किया जा सकता है। इसके लॉन्च करने की तारीख सोशल मीडिया पर 30 दिन पहले बताई जाएगी।

### जल,जंगल व जमीन की हिफाजत के लिए सड़कों पर उतरे वामदल : भुवनेश्वर

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीपीआई राज्य कार्यालय में वामदलों ने पत्रकारों को संबोधित किया। मौके पर हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक,राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव, सीपीआई जिला सचिव अजय कुमार सिंह , पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि राज्य में जल जंगल जमीन के दोहन हो रही है , राज्य में विस्थापितों को न्याय नहीं मिल पा रहा है, सरकार के 4 साल बीत जाने के बावजूद भी विस्थापन आयोग का गठन नहीं हुआ, ना ही विस्थापन नीति बनी। राज्य में स्थानीय नीति एवं नियोजन नीति भी नहीं है, यहां के लोगों को रोजगार पाना मुश्किल है। पहले भी कई कल कारखाने राज्य में बने।जरूरत से कई गुना जमीन अधिग्रहण हुआ। आज सरकार बेच रही है। राज्य में हजारीबाग के बड़कागांव सहित कई जगहों पर दर्जनों कॉल ब्लॉक अडानी अंबानी, जिंदल, मित्तल का खुलने जा रहा है , लेकिन किसानों की जमीन जबरन औने पौने भाव में लिया जा रहा है। गैरमजरूआ जमीन के जंगल झाड़ के नाम पर रसीद नहीं काटा जा रहा है। बल्कि जंगल झाड़ के नाम पर अंचल कार्यालयों में बड़े पैमाने पर रुपए की वसूली हो रही है।

## उत्पाद आयुक्त के नाम पर फर्जी मेल आईडी बना कर जालसाजी करने के मामले में एफआईआर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्य के उत्पाद आयुक्त के नाम का एक फर्जी मेल आईडी बना कर जालसाजी करने का मामला बुधवार को प्रकाश में आया है। इस संबंध में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उत्पाद आयुक्त की ओर से बताया गया है कि सोशल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मीडिया के माध्यम से पता लगा है कि उनके नाम से फर्जी मेल आईडी बना कर जालसाजी करने का मामला प्रकाश में आया है। कुछ शराब विक्रेता कंपनियां इनमें शामिल हैं। इसके जरिये वे अपने पक्ष में गलत सूचना जनित करते हुए इसके स्क्रीन शॉट को वायरल कर रहे हैं। वायरल की हुई गलत सूचना के आधार पर शराब व्यवसायियों को गुमराह कर अवैध राशि प्राप्त करने का प्रयास भी किया जा रहा है। इस मामले की जानकारी सामने आने के बाद विभाग के स्तर से एफआईआर दर्ज कराते हुए विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है। उत्पाद आयुक्त के स्तर से ऐसे वायरल मैसेज और जालसाजी से बचने की अपील सभी से की गयी है। साथ ही किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना मिलने की स्थिति में उनके कार्यालय में संपर्क करने को कहा गया है।




## ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी मामले की वादी राखी सिंह ने राष्ट्रपति से इच्छामृत्यु की मांग की



एजेंसी

**वाराणसी।** ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी मामले की वादी दिल्ली की रहने वाली राखी सिंह ने राष्ट्रपति से इच्छामृत्यु की मांग की है। राखी का पत्र सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है।

पत्र में राखी सिंह ने आरोप लगाया कि मेरी अन्य सहयोगी चार महिला साथियों- लक्ष्मी देवी, सीता साहू, मंजू व्यास, रेखा पाठक और अधिवक्ता एवं उनके पुत्र अधिवक्ता मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं। राखी सिंह ने कहा कि मई 2021 से लेकर आज तक मेरे एवं मेरे माता-पिता तुल्य चाचा- चाची जितेन्द्र सिंह विसेन व किरन सिंह के खिलाफ दुष्प्रचार करके हमें और हमारे पूरे परिवार को बदनाम किया जा रहा है। हमारे परिवार को समाज की नजरों में गिराने का कार्य हो रहा है। इस कार्य में शासन एवं प्रशासन के लोग भी शामिल हैं। राखी सिंह ने आरोप लगाया है कि मई 2022 में इन लोगों ने एक झूठा प्रचार पूरे देश में किया कि राखी सिंह मुकदमा वापस ले रही हैं। जबकि न तो मेरी तरफ से कोई ऐसा बयान या सूचना जारी की गयी न ही इस मुकदमे में मेरी तरफ से पैरोकार मेरे चाचा जितेन्द्र सिंह विसेन ने मेरे हवाले से कोई सूचना जारी की। इस मामले में पूरे देश में भ्रम फैलाकर मेरे एवं मेरे परिवार के खिलाफ सारे हिन्दू समाज को खड़ा कर दिया। इस कारण मैं और चाचा का पूरा परिवार मानसिक दबाव में आ गये हैं।

## समस्या और समाधान दोनों पर बात करती है आम आदमी पार्टी : राकेश तिवारी

*** नरसिंहपुर पथरा में हुआ आम आदमी पार्टी का सदस्यता अभियान**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर:** आम आदमी पार्टी का सदस्यता अभियान नरसिंहपुर पथरा में किया गया। बाबा भीमराव अंबेडकर को माला पहनाकर कार्यक्रम की शुरुआत किया गया। साथ ही सभी लोगों की समस्या और समाधान पर बात हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अथिति जिला अध्यक्ष चन्द्रबली चौबे ने लोगों को अपने हक अधिकार के लिए लड़ने के लिए जागरूक किया। सभी अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दें व।सभी को स्कूल भेजें। इसके लिए प्रेरित किया। कार्यकारी जिला अध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा कि आप सबों के बीच पार्टी के जुझारू नेता पिन्टू पासवान हैं। जो लोगों की समस्या को जानकर उसके समाधान के लिए हमेशा लड़ते रहते हैं। पार्टी इन्हें सदस्यता प्रभारी बनायी है। लोगों की समस्या को ये घर-घर जाकर नोट करें और यथासंभव हम-सब मिलकर इसका समाधान करें।।समस्या अनेक हैं,लेकिन जो मूलभूत समस्या है, उसका निराकरण के लिए हम सब आगे बढ़ें। राकेश तिवारी ने बताया कि हम-सब मिलकर पार्टी के विचार धारा को सभी लोगों तक पहुंचाने का कार्य कर रहें हैं।बाकी जनता जनार्धन सब तय करेगी। पिन्टू पासवान ने कहा कि वो घर-घर जाकर लोगों की समस्या को सुनेंगें। उसके लिए पहले वे पाँच पँचायत चुनकर उसके समस्या को दूर करने का प्रयास करेंगें। इस अवसर पर संगठन मंत्री अरुण वर्मा,किसान प्रकोष्ठ के ओमप्रकाश दुबे, मंच संचालन करता विकी चौरसिया जी,शशिकान्त,चुनु यादव,संतोष सोनी,संजय राम,उपस्थित थे।



## अस्पताल के बेड पर कराहते मरीजों के लिए है मेरा खून : आकेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** अस्पताल के बेड पर जीवन और मृत्यु से जूझ रहे कराहते मरीज का अपना खून देकर जो जान बचा लेता है, सचमुच में उस मरीज का सच्चा सारथी वही रक्तदाता होता है। देश में आज भी ऐसे मानवतावादी लोगों की भरमार है, जो अपरिचित मरीज को खून देकर उसे नई जिंदगी देने का काम करते हैं। इसमें आकेश जैसे युवा भी शामिल हैं। झारखंड की राजधानी रांची के पिस्का मोड़ के रहने वाले राजेश चंद्र राजू के 23 वर्षीय युवा पुत्र रिम्स में इलाजरत एक वरिष्ठ पत्रकार संजय सिंह उमेश के पिता को खून देकर जान बचाने का काम किया। आकेश के जीवन का यह पहला रक्तदान है। बीसीए तक की पढ़ाई कर चुके अकेश कहते हैं कि किसी को अपना खून देकर जान बचाने से बड़ा कोई काम नहीं है। अगर किसी का जीवन उनके खून से बच जाती है तो इससे बड़ी खुशी मुझे मिलेगी। आकेश आगे कहते हैं कि मेरा खून किस काम का जो किसी का काम ना आए। या तो यह खून देश के काम आए या फिर किसी की जान बचाने में काम आए। मुझे बड़ी प्रसन्नता होती है, किसी के जीवन को बचाना। एक सवाल के जवाब में अकेश कहते हैं यह तो उनका पहला खून दान था। आगे भी उनका यह क्रम जीवन के अंतिम दौर तक जारी रहेगा। हर जरूरतमंद को खून दान करेंगे। उनका जीवन बचाने का काम करेंगे। चाहे वह कोई धर्म, मजहब या किसी जात का हो। मेरे अंदर एक इंसान का खून है। जो किसी के काम आ सकता है। खून को धर्म जात और मजहब के नाम पर नहीं बांटा जा सकता है। गर्व है आपके जैसे ऐसे युवा जिनके पास एक अच्छी सोच और मानवतावादी दिल है आखिर से देश के अन्य युवाओं को भी प्रेरणा लेनी चाहिए कि उनके जरूरतमंद लोगों के लिए आगे बढ़कर रक्तदान करें। इससे बड़ा कोई दान नहीं है। खून दान महादान।



**रिम्स में इलाजरत पत्रकार के पिता को आकेश ने दान किया अपना रक्त**

## लव जिहाद मामले में पीड़ित मॉडल पहुंची रांची, पुलिस ने कराई मेडिकल जांच

**रांची :** लव जिहाद मामले में पीड़ित बिहार के भागलपुर की मॉडल बुधवार को रांची पहुंची। इसके बाद वह गोंदा थाने में पहुंचकर पुलिस को आरोपित यश मॉडलिंग एजेंसी के संचालक तनवीर अख्तर के खिलाफ कई जानकारियां दी। इसके बाद पुलिस मॉडल को लेकर सदर अस्पताल पहुंची, जहां उसका मेडिकल टेस्ट कराया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि युवती का मेडिकल कराया गया है। गुरुवार को उसका 164 के तहत कोर्ट में बयान दर्ज कराया जायेगा। उन्होंने आरोपित तनवीर अख्तर के बाबत पूछने पर बताया कि उसके संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है लेकिन उसका पता नहीं चल रहा है। उसका मोबाइल भी बंद है। पुलिस उसके पैतृक आवास बिहार के शेरघाटी भी गयी थी लेकिन वहां भी वह नहीं मिला। उल्लेखनीय है कि मॉडल ने रांची के तनवीर अख्तर पर रेप करने और जबरन धर्म परिवर्तन कर शादी करने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है।

## मोहनिया में जदयू चिकित्सा सेवा प्रकोष्ठ की हुई बैठक

**राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पटना के बापू सभागार में कैमूर से 5 हजार चिकित्सक लेंगे भाग**

एजेंसी

**कैमूर (भभुआ) :** जदयू चिकित्सा सेवा प्रकोष्ठ की अहम बैठक बुधवार को कैमूर के मोहनिया में रामाश्रय सत्संग भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मण सिंह तथा संचालन जिला कोषाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी डॉ. राकेश कुमार ने की। उक्त अवसर पर आए हुए ग्रामीण चिकित्सकों ने सर्वप्रथम नव मनोनीत जदयू चिकित्सा सेवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पद पर डॉ. एलबी सिंह के मनोनयन से खुशी का इजहार करते हुए सभी चिकित्सकों ने उन्हें बधाई दी एवं दीर्घायु होने की कामना की। तत्पश्चात कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए दोनों पदाधिकारियों ने चिकित्सकों को संबोधित करते हुए कहा कि जदयू चिकित्सा सेवा प्रकोष्ठ सह ग्रामीण चिकित्सा सेवा समन्वय समिति कैमूर से लगभग 5000 से अधिक चिकित्सक राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर 1 जुलाई को पटना के बापू सभागार में हुंकार भरेंगे। स्वास्थ्य समागम की विशेष तैयारी के संबंध में दोनों पदाधिकारियों ने बताया कि बैठक में आए हुए चिकित्सकों को पंचायत से लेकर प्रखंड एवं जिला तक चिकित्सा प्रकोष्ठ को मजबूत करने के लिए अभी से मिशन मुहिम के तहत क्रियाशील सदस्य बनाए जा रहे हैं। सभी को सख्त निर्देश दिया गया है कि स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ आम जनमानस की समस्याओं के निराकरण के लिए भी चिकित्सा सेवा प्रकोष्ठ सक्रिय भूमिका में रहे। चिकित्सा प्रकोष्ठ के द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में होल्डिंग बैनर मुख्य मुख्य जगहों पर लगाने की रणनीति पर तीव्र गति से काम हो रहा है। बैठक में आए हुए चिकित्सकों का रजिस्ट्रेशन स्वास्थ्य समागम में भाग लेने के लिए किया गया। साथ ही एंट्री पास भी निर्गत किया गया। चिकित्सा सेवा प्रकोष्ठ ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह एवं प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चिकित्सा सेवा प्रकोष्ठ एवं समन्वय समिति के द्वारा पार्टी की नीति एवं सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचाने और पार्टी को सशक्त एवं मजबूती के लिए ग्रामीण चिकित्सक पूरी ईमानदारी के साथ अपने कार्य का निर्वहन कर रहे हैं ।

## रांची में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनेंगे 10 हजार घर : विनय




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** नगर विकास विभाग के सचिव विनय कुमार चौबे ने बुधवार को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की समीक्षा की। जुपमी भवन में हुई समीक्षा बैठक में नगर विकास विभाग, जुडको, सूडा के अलावा सभी नगर निकायों के पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक में उन्होंने योजना की धीमी प्रगति से नाराजगी जाहिर की। साथ ही नगरीय प्रशासन निदेशालय के पदाधिकारियों को अपनी कार्यपद्धति बदलने की सलाह दी।

उन्होंने कहा कि लक्ष्य से 50 फीसदी कम आवास बनाने वालों को तेजी लाए। सचिव ने टीम बनाकर लाभुकों से आवेदन लेने और बैठक कर उनसे को-ऑर्डिनेट करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि रांची में आवासों की कमी नहीं होने दी जाएगी। लगभग 10 हजार लोगों के लिए आवास बनाया जायेगा। सचिव ने निकायों को निर्देश दिया कि बरसात शुरू होने से पहले अभियान चलाकर 10 दिन में नालों की सफाई हर हाल में करवाएं। किसी भी हाल में नालों का कचरा सड़क पर नहीं फैलना चाहिए।

सचिव ने 15वें वित्त आयोग के तहत शहरों में बनने वाले तालाब, पार्क और वेंडर मार्केट के लिए डीपीआर बनाने के काम में तेजी लाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अमृत योजना के तहत जिन निकायों का टेंडर निष्पादित हो गया है, वहां कार्यादेश दे दिया जाए लेकिन काम मानसून के बाद ही शुरू कराया जाए। जलापूर्ति योजनाओं और कांटाटोली फ्लाईओवर का भी काम उन्होंने जल्द पूरा करने को कहा।

सूडा के निदेशक अमित कुमार ने राज्य में चल रही नगर विकास की योजनाओं का काम गुणवत्तापूर्वक कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यालय नगर निकायों को हरसंभव मदद करने के लिए तैयार है। अमृत योजना का काम शिफ्ट के अनुसार कराया जाए।

## जम्मू कश्मीर के दो नशा तस्कर अजमेर में गिरफ्तार

**अजमेर।** जम्मू कश्मीर पुलिस की सूचना के आधार पर सेंट्रल आईबी और राजस्थान पुलिस में एक संयुक्त कार्रवाई को अंजाम देते हुए कश्मीर के मादक पदार्थों के दो कुख्यात तस्करों को अजमेर धर दबोचा। जानकारी के अनुसार पूरा मामला पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए सप्लाई की गई नब्बे किलो हेरोइन नशे की खेप से जुड़ा हुआ है। गिरफ्तार किए गए आरोपित मोहम्मद यासीन और मोहम्मद इरशाद कश्मीर के पुंछ इलाके की देगदार गांव के रहने वाले हैं। दोनों आरोपितों के खिलाफ पूर्व में भी कश्मीर में एनडीपीएस एक्ट के कई मुकदमे दर्ज बताए जा रहे हैं। इन दोनों आरोपितों के संबंध में कश्मीर पुलिस ने सीबीआई को सूचना दी थी। उसके बाद दिल्ली से रवाना हुई आईबी की टीम ने अजमेर की गंज थाना पुलिस को साथ में लेकर कार्रवाई को अंजाम दिया। दोनों आरोपित एक दिन पहले ही अजमेर पहुंचे थे और गंज थाना इलाके के होटल कृष्णा में रुके हुए थे । इनकी

## भारत ने हमेशा लोकतांत्रिक परंपराओं को कायम रखा है : ओम बिरला

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) द्वारा भारतीय विदेश सेवा और रॉयल भूटान विदेश सेवा के प्रशिक्षणार्थी अधिकारियों के लिए आयोजित सहयोजन कार्यक्रम (ओएडीपी) के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया।बिरला ने इस प्रतिष्ठित सेवा में चयनित होने पर प्रशिक्षु अधिकारियों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि वे देश का प्रतिनिधित्व करने की भूमिका को उत्कृष्टता के साथ निभाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय विदेश सेवा के अधिकारियों के रूप में उन्हें दुनिया के विभिन्न देशों की विभिन्न राजधानियों और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संगठनों में हमारे देश के व्यापक हितों के लिए काम करने का एक उत्कृष्ट अवसर मिलता है। इसलिए विदेश सेवा के अधिकारी विदेशों में भारत की स्थिति को मजबूत करने और पूरी दुनिया में हमारी साख बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं ।



भारत के इतिहास और संस्कृति को स्वरूप देने में लोकतंत्र की भूमिका की सराहना करते हुए, श्री बिरला ने इस बात का उल्लेख किया कि %लोकतंत्र की जननी' के रूप में भारत ने सदैव विशिष्टता के साथ लोकतांत्रिक परंपराओं और प्रथाओं को कायम रखा है। स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद, भारत को गंभीर रूप से प्रभावित अर्थव्यवस्था, सामाजिक विभाजन और साक्षरता के निम्न स्तर जैसी समस्याओं के समाधान के लिए शासन का विकल्प अपनाना था । इस परिदृश्य में, भारत ने लोकतंत्र को सच्ची भावना से और पूरे दिल से अपनाया, जैसा कि भारत में चुनाव प्रक्रिया की सफलता से साबित हुआ है। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों को याद दिलाया कि भारत के साथ-साथ स्वतंत्रता प्राप्त करने वाले कई देशों ने लोकतंत्र को कायम रखने के लिए संघर्ष किया या इसे त्याग दिया, परंतु भारत लोकतंत्र के पक्षधर के रूप में उभरा है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में एक जीवंत लोकतंत्र है, जो बदलते समय और वैश्विक दायित्वों के साथ पूरी तरह तालमेल बना कर चल रहा है।

श्री बिरला ने यह भी कहा कि आईएफएस अधिकारियों के सामने जलवायु परिवर्तन, विकासात्मक मुद्दों के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद जैसी बड़ी-बड़ी चुनौतियाँ हैं।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखते हुए इन चुनौतियों को भारत के लिए अवसरों में परिवर्तित करें।